ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
09 जुलाई, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 259


राहुल गांधी ने खेतों में ट्रैक्टर चलाया, किसानों के साथ धान की रोपाई की




## सुजीत सिन्हा का भाई अरुण छत्तीसगढ़ से हुआ गिरफ्तार

**पलामू (आजाद सिपाही)।** कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा के भाई अरुण सिन्हा को पलामू पुलिस ने छत्तीसगढ़ के रायपुर से गिरफ्तार किया। अरुण को पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी। सूत्रों के मुताबिक अरुण ने सुजीत सिन्हा के बारे में काफी जानकारी पुलिस को दी है। सुजीत सिन्हा के द्वारा छत्तीसगढ़ में भी पैसों का निवेश किया है। पुलिस अरुण से इस बात की भी जानकारी ले रही है कि उसके परिवार के और कौन-कौन लोग सुजीत सिन्हा की मदद करते हैं। तीन दिन पहले सुजीत सिन्हा के एक मुख्य कर्ताधर्ता रिकी खान को भी पलामू पुलिस ने रांची से गिरफ्तार किया था। अब उसके भाई सुजीत को गिरफ्तार किया गया है।

### छत्तीसगढ़ के बाद राजस्थान से कांग्रेस पर बरसे प्रधानमंत्री

# कांग्रेस का मतलब लूट की दुकान: मोदी

- अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस हाइवे की देश को दी सौगात
- 24,300 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**बीकानेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस का एक ही मतलब है। लूट की दुकान, झूठ का बाजार। कांग्रेस की झूठ की राजनीति का शिकार सबसे ज्यादा राजस्थान का किसान हुआ है। पिछले चुनावों में किसानों का कर्जा माफ करने का वादा किया था। इनके नेता ने 10 दिन में कर्जा माफ करने की कसम खायी थी। 10 दिन, 10 महीने और आज 4 साल में भी कर्जा माफ हुआ क्या? हम दिल्ली से योजनाओं का पैसा भेजते हैं, यहां कांग्रेस का पंजा झपट्टा मार देता है। कांग्रेस सरकार ने चार साल में राजस्थान का बहुत नुकसान किया है और ये बात कांग्रेस के नेता भी अच्छी तरह जानते हैं। प्रधानमंत्री शनिवार को राजस्थान के बीकानेर नौरंगदेसर गांव में सभा को संबोधित कर रहे थे। मोदी शुक्रवार को छत्तीसगढ़ से भी कांग्रेस पर निशाना साध था।

उधर, सभा से पहले एक कार्यक्रम में उन्होंने अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस हाइवे की देश को सौगात दी और 24,300 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां मौजूद भीड़ का उत्साह बताता है कि राजस्थान में मौसम का पारा ही नहीं चढ़ा है, बल्कि कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता का पारा भी चढ़ चुका है। जब जनता का पारा चढ़ता है तो सत्ता की गर्मी चढ़ते और उतरते भी वक्त नहीं लगता है।

उन्होंने कहा कि मुझे पता चला है कि कुछ मंत्री-विधायक तो अभी से अपने सरकारी बंगले खाली करके अपने खुद के घरों में शिफ्ट होने लगे हैं। अपनी हार पर इतना भरोसा सिर्फ कांग्रेस के नेता ही कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की लूट ने शिक्षा संस्थानों को भी नहीं बख्शा। यहां के शिक्षक सीएम के सामने आकर कह रहे हैं कि तबादले के लिए खुले में घूस चल रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में राजस्थान सबसे आगे हैं। सीएम गहलोत अपने बेटे का भविष्य बचाने में लगे हुए हैं।



### देश को अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस हाइवे की दी सौगात

पीएम मोदी ने अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस हाइवे की देश को सौगात दी। मोदी ने इसके साथ ही 24,300 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। मोदी के पहुंचने से पहले वहां बारिश शुरू हो गयी थी। मोदी के साथ केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भी आये थे। इस हाईवे से अमृतसर (पंजाब) से जामनगर (गुजरात) के बीच अब 26 घंटे की बजाय 13 घंटे का समय लगेगा। इसके अलावा अमृतसर से जामनगर के बीच की दूरी भी 1430 किलोमीटर से घटकर 1316 किलोमीटर रह जायेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राजस्थान ने एक्सप्रेस-वे के मामले में डबल सेंचुरी मारी है। इससे पहले दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की दौसा में सौगात मिल चुकी है। आज अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस हाइवे की सौगात मिली।

# पंचायत चुनाव में बंगाल लहूलुहान, 15 की मौत

- शाम पांच बजे तक 66.28 फीसदी मतदान हुआ, मतगणना 11 को
- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार और चुनाव आयोग से मांगी रिपोर्ट



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में व्यापक हिंसा के बीच शनिवार की शाम पांच बजे मतदान संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत, जिला परिषद एवं पंचायत समिति की करीब 64,000 सीटों के लिए सुबह सात बजे मतदान शुरू होते ही विभिन्न जिलों से भारी हिंसा और बूथ लूटने की खबरें सामने आने लगीं। कलकत्ता हाइकोर्ट के निर्देश पर चुनाव के लिए 822 कंपनी केंद्रीय बलों एवं 1.70 लाख से ज्यादा पुलिस कर्मियों की तैनाती के बावजूद मतदान शुरू होने से पहले शुक्रवार की रात से लेकर शनिवार को मतदान के बाद तक कुल 15 लोगों की मौत की खबर है, जबकि दर्जनों लोग बम-गोली से जख्मी हुए हैं। इस हिंसा के बीच 66.28 प्रतिशत मतदान हुआ। मतगणना 11 जुलाई को होगी। उधर, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार और चुनाव आयोग से हिंसा पर रिपोर्ट मांगी है।

गौरतलब है कि पंचायत चुनाव की घोषणा 8 जून को हुई थी। घोषणा के बाद से हिंसा में अब तक 32 लोग मारे जा चुके हैं। मुर्शिदाबाद, कूचबिहार एवं दक्षिण 24 परगना जिला में मतदान के पहले और इसके शुरू होने के कुछ मिनटों के भीतर ही हिंसा देखी गयी। कूचबिहार के फलीमारी में भाजपा के पोलिंग एजेंट माधव विश्वास की कथित तौर पर गोली मार कर हत्या कर दी गयी है। सीताई ब्लाक के बड़भीटा प्राथमिक विद्यालय में एक मतदान केंद्र में तोड़फोड़ की गयी। आरोप है कि तृणमूल समर्थक बदमाशों द्वारा मतदान शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद मतपेटियां तोड़ दिया।। बैलेट पेपर नष्ट कर दिये गये। मतदान केंद्र में आग भी लगा दी गयी।

**मुर्शिदाबाद के रानीनगर में झड़प में 24 लोग गंभीर रूप से घायल:** मुर्शिदाबाद के रानीनगर में माकपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प में कम से कम 24 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मुर्शिदाबाद के रेजीनगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बेलडांगा दो ब्लाक में स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता यासीन शेख की कथित तौर पर गोली मार कर हत्या कर दी गयी। बेलडांगा में कांग्रेस और तृणमूल के बीच झड़प में सत्ताधारी पार्टी के कार्यकर्ता बाबर अली की भी मौत की खबर है। मुर्शिदाबाद के डोमकल में कांग्रेस कार्यकर्ता शाहबुद्दीन शेख की हत्या की भी खबरें सामने आयी हैं।

**उत्तर 24 परगना में निर्दलीय प्रत्याशी के बूथ एजेंट की हत्या :** इसी तरह उत्तर 24 परगना जिले के कदंबगाची ग्राम पंचायत के पिरगाचा में निर्दलीय प्रत्याशी के बूथ एजेंट की भी हत्या कर दी गयी। पूर्व बर्द्धमान के आउसग्राम में एक माकपा कार्यकर्ता की मौत हो गयी। इधर, दक्षिण 24 परगना का भांगड़ इलाका, जहां नामांकन प्रक्रिया के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा हुई और झड़प में तीन मौतें हुईं थी। वहां भी शनिवार सुबह तृणमूल कांग्रेस और इंडियन सेक्युलर फ्रंट कार्यकर्ताओं के बीच भीषण झड़प और गोलीबारी के बाद तनाव हो गया। कथित तौर पर गोली लगने से घायल हुए दो आइएसएफ कार्यकर्ताओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# अपहरण कर दो दलित नाबालिग से दुष्कर्म, चार आरोपी गिरफ्तार

- गढ़वा रेलवे स्टेशन के बाहर से ऑटो चालकों ने लड़कियों का किया था अपहरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** लातेहार में दो दलित नाबालिग का अपहरण कर एक हफ्ते तक सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़ित लड़कियों के अनुसार उन्हें एक कमरे में बंद रखा गया था, जहां कई लोग आते थे और उनके साथ दुष्कर्म करते थे। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के चंगुल से दोनों दलित बच्चियों को भी मुक्त करा लिया है।

जानकारी के अनुसार लातेहार जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र की रहने वाली दो दलित बच्चियां अपने घर से गायब हो गयीं थीं। वह दोनों अपनी दोस्त के यहां कपड़ा पहुंचाने गढ़वा गयी थीं। वहां दोस्त का इंतजार कर रही थीं, इसी दौरान ऑटो चालकों ने उन्हें जबरदस्ती अपने ऑटो में बैठाकर ले गये। जब बच्चियां घर नहीं लौटीं, तो उनके परिजनों ने गायब होने का मामला बरवाडीह थाना में दर्ज कराया।

लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने एक एसआइटी का गठन कर पूरे मामले की छानबीन शुरू करवाई। छानबीन के क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गढ़वा के कुछ अपराधियों ने बच्चियों को अगवा किया गया है। इस सूचना के बाद पुलिस की टीम गढ़वा पहुंची और चिन्हित स्थान पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने घटनास्थल से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दोनों बच्चियों को भी मुक्त करा लिया। पीड़ित बच्चियों ने पुलिस को बताया कि अपराधियों के द्वारा उन्हें अपहरण कर एक घर में रखा गया था। जहां कई लोग आते थे। बच्चियों ने बताया कि उनके साथ कई बार दुष्कर्म किया गया।

एसडीपीओ दिलू लोहरा ने बताया कि दोनों बच्चियों के परिजनों द्वारा जब अपहरण का मामला दर्ज कराया गया था, तभी से एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। उन्होंने बताया कि इस कांड में कई अन्य अभियुक्त भी शामिल हैं। जिनकी पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्य योजना बनायी जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में अजय केसरी, ऋतिक नारंग, आशीष कुमार और कुणाल कुमार शामिल हैं। सभी गढ़वा के रहने वाले हैं।




# इडी अधिकारियों के नाम पर पैसे मांगनेवाले पत्रकार को भेजा समन

- पूछताछ के लिए कल क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया
- गिरफ्तार टिंकल और भगत को भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के अधिकारियों के नाम पर पैसे मांगने के आरोप में पत्रकार को इडी ने समन भेजा है। इडी ने पत्रकार को 10 जुलाई को क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा है। इडी पैसे मांगने के प्रकरण में पत्रकार से पूछताछ करेगी। बताया जा रहा है कि पत्रकार मूल रूप से बिहार के भागलपुर जिले का रहने वाला है। वर्तमान में साहिबगंज में रहकर पत्रकारिता करता है। उसके द्वारा साहिबगंज के मिर्जा चौकी इलाके में संचालित होने वाले क्रशर के मालिक से रुपये की वसूली की भी बात सामने आयी है। उधर, साहिबगंज में हुए लगभग एक हजार करोड़ के अवैध खनन मामले में गिरफ्तार पत्थर कारोबारी टिंकल भगत और भगवान भगत को शनिवार को इडी ने कोर्ट में प्रस्तुत किया। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के आवासीय अदालत में दोनों को पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। दोनों पत्थर कारोबारी को शुक्रवार को पूछताछ के बाद संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर इडी ने गिरफ्तार किया था। ये दोनों अवैध खनन मामले में जेल में बंद आरोपित पंकज मिश्रा के सहयोगी बताये जा रहे हैं। पेश करने के साथ ही पूछताछ के लिए इडी ने सात दिनों की रिमांड मांगी है। इडी के रिमांड संबंधी आवेदन पर सोमवार को बहस होगी।

### पत्थर कारोबारी इरशाद अली ने अग्रिम जमानत के लिए हाइकोर्ट में पुन: दायर की याचिका

**साहिबगंज (आजाद सिपाही)।** नामचीन पत्थर कारोबारी मदनशाही निवासी इरशाद अली उर्फ कल्लू मियां एक बार फिर हाइकोर्ट की शरण में गये हैं। उन्होंने जमानत के लिए एक बार फिर याचिका दायर की है। कल्लू मियां पर बोरियो जिरवा बाड़ी थाना कांड संख्या 32/22 में मामला दर्ज है। हाइकोर्ट उनकी याचिका एक बार रद्द कर चुका है। इसके बाद से वह गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहे हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# राहुल गांधी बनेंगे विपक्ष का 'दूल्हा' या जायेंगे जेल

## गुजरात हाइकोर्ट के फैसले के बाद उठ रहे हैं सवाल

**मोदी उपनाम वाले मानहानि मामले में गुजरात हाइकोर्ट ने कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी की अपील को खारिज कर दिया। इसके अगले ही दिन राहुल गांधी हरियाणा में ट्रैक्टर चलाते और धान रोपते नजर आये। अपने राजनीतिक कैरियर के सबसे चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहे राहुल गांधी की ये तस्वीरें उन्हें राजनीतिक रूप से भले ही कुछ लोकप्रियता दे दे, अदालतों में इनकी कोई पूछ नहीं होती। राहुल गांधी को गुजरात हाइकोर्ट से जो झटका लगा है, उससे उनकी पूरी राजनीति खत्म होने के कगार पर आ गयी है। हाइकोर्ट ने निचली अदालत का कांग्रेस नेता को दोषी ठहराने के आदेश को न्यायसंगत, उचित और वैध बताया है। इसका मतलब यह है कि अब राहुल गांधी के सामने दो विकल्प हैं। पहला, यह कि वह गुजरात हाइकोर्ट की एकल पीठ के फैसले को दो सदस्यीय पीठ में चुनौती दें या फिर सुप्रीम कोर्ट में अपील करें। लेकिन एक बात साफ हो गयी है कि जब तक उन्हें सुनायी गयी सजा पर रोक नहीं लगती है, वह चुनाव लड़ने के लिए योग्य नहीं हो पाते हैं। इस नजरिये से आज की तारीख में राहुल गांधी चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। वह अपना नामांकन नहीं कर सकते हैं। जहां तक जेल जाने का सवाल है, तो राहुल गांधी की जमानत पहले हो चुकी है, इसलिए इसमें उन्हें कोई दिक्कत नहीं होगी। ऐसे में आम तौर पर यह देखा जा रहा है कि जो बड़े अपराध हैं, उनमें अनुमति पर स्थगनादेश के मामले नहीं आये हैं। राहुल गांधी को शायद सुप्रीम कोर्ट में राहत मिल भी जाये, लेकिन उनके चुनाव लड़ने पर संदेह हमेशा बना रहेगा। गुजरात हाइकोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा है कि राहुल गांधी पहले ही देशभर में 10 मामलों का सामना कर रहे हैं। जब एक ही तरह के मामले किसी व्यक्ति के खिलाफ दायर किये जाते हैं, तो यह माना जाता है कि यह व्यक्ति की चूक नहीं है। तब अदालत मानती है कि ऐसा उस व्यक्ति ने जानबूझ कर बोला है और एक बार नहीं, बार-बार बोला है। बहरहाल, अब कांग्रेस, विपक्षी दल और राहुल गांधी की सारी उम्मीद सुप्रीम कोर्ट पर टिकी है। इस न्यायिक लड़ाई के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही **विशेष**


राकेश सिंह

लालू यादव बार-बार कह रहे हैं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अब शादी कर लेनी चाहिए और वे सब बारात में जाने के लिए तैयार हैं। लालू ने यहां तक कह दिया कि बिना पत्नी के प्रधानमंत्री आवास में रहना अच्छा नहीं लगेगा, लेकिन, अब लगता है कि राहुल गांधी को दूल्हा के रूप में देखने के विपक्ष का सपना बस सपना ही रह जायेगा।

राजनीति में प्रतीकों एवं उपमा-उपमानों का बड़ा महत्व होता है और लालू यादव इसके सिकंदर माने जाते हैं। लालू यादव राहुल गांधी को दूल्हा बनने की सलाह देकर भले ही उनकी शादी कर लेने की अभिभावजन्य सलाह देते नजर आ रहे हों, लेकिन वह राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार भी बताते रहे हैं। साथ ही यह भी दर्शाने की कोशिश करते रहे हैं कि पूरा विपक्ष बाराती के रूप में इसका समर्थन करेगा। हालांकि गुजरात हाइकोर्ट के फैसले ने लालू यादव और राहुल गांधी सहित उनके चाहने वालों के इरादे पर पानी फेर दिया है। विपक्षी एकजुटता में पहले ही प्रधानमंत्री पद के लिए हर कोई स्वघोषित उम्मीदवार है। ऐसे में राहुल गांधी के रूप में 'रास्ते का कांटा' हटने पर कुछ लोग खुश हो सकते हैं, लेकिन सबको एक साथ जोड़ने में कांग्रेस की भूमिका मानने वाले इससे जरूर दुखी होंगे।

दरअसल, मोदी उपनाम के आपराधिक मामले में गुजरात हाइकोर्ट ने सूरत कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए राहुल गांधी को राहत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट का दोषी ठहराने का आदेश उचित है और उक्त आदेश में हस्तक्षेप करने की कोई जरूरत नहीं है। हाइकोर्ट ने यह भी कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ कम से कम 10 आपराधिक मामले लंबित हैं। सूरत कोर्ट ने कांग्रेस नेता को आपराधिक मानहानि केस में दोषी मानते हुए सजा सुनायी थी। इसके बाद उनकी लोकसभा की सदस्यता चली गयी थी। इस फैसले को राहुल गांधी ने हाइकोर्ट में चुनौती दी थी। गुजरात हाइकोर्ट के जस्टिस हेमंत प्रच्छक ने सात जुलाई को फैसला सुनाते हुए कहा कि सजा पर रोक नहीं लगाना राहुल गांधी के साथ किसी तरह का अन्याय नहीं होगा। उन्होंने कांग्रेस नेता के खिलाफ चल रहे अन्य आपराधिक मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि राजनीति में शुचिता जरूरी है। जस्टिस प्रेच्छक ने कहा कि उनके खिलाफ कम से कम 10 आपराधिक मामले लंबित हैं। इस मामले के बाद भी उनके खिलाफ कुछ और केस दर्ज हुए हैं। एक मामला वीर सावरकर के पोते ने दायर किया है। सजा पर रोक लगाने से इनकार करना उनके साथ कोई अन्याय नहीं होगा। उनकी दोषसिद्धि न्यायसंगत एवं उचित है। इस आदेश में हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं है। इसलिए आवेदन खारिज किया जाता है।



**मानहानि केस की अदालती लड़ाई में कांग्रेस के युवराज को लग रहे झटके**

### कौन से मामले दर्ज हैं राहुल गांधी के खिलाफ

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ कम से कम 10 मामले दर्ज हैं। इनमें से अधिकतर मामलों में सुनवाई जारी है और राहुल गांधी जमानत पर बाहर हैं। इन मामलों में सबसे प्रमुख है गांधी की हत्या से संघ को जोड़नेवाला बयान। राहुल गांधी ने मार्च 2014 में ठाणे जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि आरएसएस के लोगों ने गांधीजी की हत्या कर दी थी। इस बयान से विवाद खड़ा हो गया और आरएसएस की भिवंडी इकाई के प्रमुख राजेश कुंटे ने संघ को बदनाम करने के लिए राहुल गांधी पर मुकदमा दायर किया। इसके बाद उन्होंने आरएसएस के लोगों पर उन्हें मंदिर में प्रवेश नहीं करने देने का आरोप लगाया। दिसंबर 2015 में असम में प्रचार करते समय राहुल गांधी को बारपेटा सत्र मठ का दौरा करना था, लेकिन बाद में उन्होंने दावा किया कि आरएसएस के लोगों ने उन्हें मंदिर में प्रवेश करने से रोक दिया था। इसके बाद संघ कार्यकर्ता अंजन बोरा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने महिला श्रद्धालुओं का अपमान किया। इसके बाद पत्रकार गौरी लंकेश की 2017 में बेंगलुरु स्थित उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इसके कुछ ही घंटों के भीतर राहुल गांधी ने प्रेस वार्ता में कहा था कि जो कोई भी भाजपा की विचारधारा के खिलाफ, आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ बोलता है, उस पर दबाव डाला जाता है, पीटा जाता है, हमला किया जाता है और यहां तक कि उसे मार दिया जाता है। इसके बाद उन पर आपराधिक मानहानि मुकदमा दायर किया गया। फिर जून 2018 में राहुल गांधी ने एक ट्वीट पोस्ट कर अमित शाह पर अहमदाबाद जिला सहकारी बैंक के निदेशक होने का आरोप लगाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक ने पांच दिनों के भीतर 750 करोड़ रुपये के पुराने नोट बदले हैं। इसके लिए एक सूचना अधिकार के जवाब का हवाला दिया गया था। इसके बाद सितंबर 2018 में राफेल विमान सौदे को लेकर फ्रांसिसी प्रकाशन की रिपोर्ट को शेयर करते हुए राहुल गांधी ने ट्वीट किया था, भारत के कमांडर-इन-थीफ के बारे में दुखद सच्चाई। इसमें उन्होंने रिलायंस को फायदा पहुंचाने के लिए सौदे में बदलाव करने का आरोप लगाया था। इसके बाद गुरुग्राम में राहुल गांधी के खिलाफ एक और मानहानि की याचिका दायर की गयी। साल 2019 में मध्य प्रदेश के जबलपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह को हत्या का आरोपित बताया था। उन्होंने कहा था कि हत्यारोपित भाजपा प्रमुख अमित शाह, वाह, क्या शान है। साल 2019 में राहुल गांधी ने झारखंड में पार्टी अधिवेशन के दौरान अमित शाह पर हत्या का आरोपित होने का एक बार फिर आरोप लगाया था। इसको लेकर उन पर मानहानि के दो मामले दायर किये गये थे। एक चाईबासा जिले में और दूसरा रांची में दर्ज कराया गया था। साल 2019 में कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी रैली के दौरान राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा था और उनकी तुलना भगोड़े नीरव मोदी और ललित मोदी से की थी। इस पर उनके खिलाफ तीन मामले दर्ज किये गये थे। साल 2022 में राहुल गांधी ने विनायक दामोदर सावरकर पर 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों को धोखा देने का आरोप लगाया था। उन्होंने यह भी कहा था कि सावरकर ने अंग्रेजों से माफी मांगी थी। इसलिए उन्हें अंडमान जेल से रिहा किया गया। इसके अलावा नेशनल हेराल्ड केस में भी राहुल गांधी जमानत पर बाहर हैं। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को कोर्ट ने दिसंबर 2015 में जमानत दी थी। यह मामला नेशनल हेराल्ड अखबार चलाने वाली कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड द्वारा यंग इंडियन का अधिग्रहण और उसके बाद के लेन-देन से संबंधित है।

### राहुल गांधी पर लटकी है तलवार

इस तरह, मोदी उपनाम ही नहीं, इन तमाम मामलों में भी राहुल गांधी पर तलवार लटकी हुई है। हालांकि मोदी उपनाम मामले में फैसला सबसे पहले आ गया। दरअसल, लोकसभा चुनाव के दौरान 13 अप्रैल 2019 को दौरान राहुल गांधी ने कर्नाटक की एक सभा में कहा था कि सभी चोरों का उपनाम मोदी क्यों होता है? इसको लेकर गुजरात और झारखंड के विभिन्न जगहों पर राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा किया गया था। इस बयान के बाद भाजपा नेता पूर्णेश मोदी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ सूरत में भारतीय दंड संहिता की धारा 499 और 500 के तहत केस दर्ज करवाया था, जो आपराधिक मानहानि से संबंधित है। सजा सुनाये जाने के तुरंत बाद उन्हें जमानत भी दे दी गयी। हालांकि सूरत की अदालत ने उन्हें अपील करने के लिए 30 दिनों का समय दिया था, लेकिन उन्होंने ना ही ऊपरी अदालतों में अपील की और ना ही माफी मांगी। आखिरकार 30 दिन बीतने के बाद उनकी संसद सदस्यता चली गयी। सजा सुनाये जाने के दौरान राहुल गांधी केरल में वायनाड से सांसद थे। 20 अप्रैल को मजिस्ट्रेट अदालत ने सजा निलंबित करने की राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद गुजरात हाइकोर्ट ने भी उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया था। अब उनकी पुनर्विचार याचिका को भी खारिज करके राहत देने से साफ इनकार कर दिया। राहुल गांधी के पास अब सिर्फ सुप्रीम कोर्ट जाने का रास्ता बचा है। कांग्रेस ने कहा है कि वह सुप्रीम कोर्ट जायेगी। अगर सुप्रीम कोर्ट सूरत कोर्ट द्वारा दी गयी सजा पर रोक लगा देता है, तो उनकी सांसदी बहाल हो सकती है और वह अगला चुनाव लड़ेंगे, वरना वह प्रधानमंत्री तो दूर, विधानसभा का चुनाव भी नहीं लड़ पायेंगे। कानून के मुताबिक दो साल और उससे अधिक की सजा होने पर दोषी अगले छह साल के लिए चुनाव लड़ने के अयोग्य हो जाता है। ऐसे में राहुल गांधी अभी तक अगले छह साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं।

ऐसे में राहुल गांधी के साल 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने पर तलवार लटकी हुई है। लालू यादव द्वारा उन्हें दूल्हा बनाने का ख्वाब सफल होता नहीं दिख रहा है। इसका असर विपक्षी एकता गठबंधन पर भी पड़ेगा, जो पहले से ही धाराशायी होती दिख रही है। अब राहुल गांधी की अंतिम उम्मीद सुप्रीम कोर्ट ही है।

---

# आरएसएस के जिला धर्म जागरण प्रमुख पर मुस्लिम भीड़ ने किया जानलेवा हमला

**विवेक सोनी को बेहतर इलाज को लेकर गढ़वा अस्पताल किया गया रेफर, ऋषि पांडेय घायल**

**थाना प्रभारी के पहुंचने पर भागे हमलावर, हिंदू संगठनों में उबाल**



## हिंदू संगठनों में रोष, आरोपियों की गिरफ्तारी तक बंद रहेगा बाजार

**घटना के बाद मंझियांव के हिंदू संगठनों और व्यवसायी संघ के द्वारा बैठक कर ये निर्णय लिया गया है कि प्रशासन के द्वारा जब तक इस घटना के समस्त आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तब तक पूरा मझिआंव बाजार बंद रहेगा।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के ओबरा गांव स्थित एकल विद्यालय की बैठक में शामिल होकर मोटरसाइकिल से वापस आ रहे मझिआंव निवासी आरएसएस के जिला धर्म जागरण प्रमुख विवेक सोनी एवं एकल विद्यालय संघ के प्रखंड प्रमुख ऋषि पांडेय के साथ घुरुआ गांव में मुश्लिम समुदाय के लोगों द्वारा मारपीट की गयी। किसी तरह से जान बचाकर भागे ऋषि पांडेय ने थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो को मोबाइल फोन पर घटना की सूचना दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गये, जहां पर पुलिस को देखते ही मारपीट करने वाले लोग भाग निकले। पुलिस द्वारा घायल विवेक सोनी को रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां पर अस्पताल प्रभारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ द्वारा दोनों लोगों का इलाज किया गया। इस संबंध में घायल विवेक ने बताया कि वे दोनों ओबरा गांव में स्थित एकल विद्यालय की बैठक में भाग लेकर वापस लौट रहे थे कि घुरुआ गांव में मोड़ पर स्कूटी सवार एक व्यक्ति ने रोक लिया और मेरे मोटरसाइकिल की चाभी छीन कर मारने लगा। देखते ही देखते काफी संख्या में लोग जमा हो गये और यह कहते हुए कि बड़ा हिंदू का नेता बना फिरता है, आज नहीं छोड़ेंगे। इसके बाद लाठी-डंडा से पीटने लगे। इसी बीच स्कूल बस को रुकवा कर मैं किसी तरह चढ़ गया और ड्राइवर से जान बचाने की गुहार लगायी। बस थोड़ी दूर आगे बढ़ी ही थी कि तीन चार मोटरसाइकिल पर सवार कई लोग बस को ओवरटेक कर रोक दिये और बस में चढ़कर मारने लगे। इसी दौरान ऋषि पांडेय ने फोन पर थाना प्रभारी को जल्द आने की बात कही, ताकि वे लोग विवेक को जान से नही मारें अगर वह थाना प्रभारी का फोन पर नाम नहीं लेता तो वे सभी हम दोनों को ही जान से मार देते। इधर इस घटना के संबंध में विवेक सोनी एवं ऋषि पांडेय द्वारा थाने में कई लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। विवेक सोनी व ऋषि पांडेय के साथ घुरुआ गांव में मारपीट होने की खबर पूरे शहर में फैल गयी और लोग उन्हें देखने अस्पताल आने लगे। इधर, इस संबंध में थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने बताया कि पीड़ित द्वारा दिये गये आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। इसे कांड संख्या 79/23,दिनांक 08/07/ 2023, धारा 307 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही एक व्यक्ति तलसबरिया गांव निवासी सेख नसरूदीन के पुत्र सेख इरसाद को गिरफ्तार कर लिया गया है।

---

धर्मांतरण की सूचना पर पहुंची पुलिस

# फादर, स्कूल के निदेशक को लिया हिरासत में, पीआर बांड पर छोड़ा




गौतम पाल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में एक बार फिर धर्मांतरण का मामला सामने आया है। जिसके बाद स्थानीय लोगों के विरोध पर पुलिस प्रार्थना सभा में शामिल दर्जनों लोगों को हिरासत में लिया गया हालांकि बाद में पीआर बांड पर सबको छोड़ दिया गया। तिलैया थाना क्षेत्र के कर्मा स्थित एक निजी विद्यालय विद्यालय जेंम्स न्यू लाइफ सेंटर पब्लिक स्कूल में सुबह प्रार्थना सभा आयोजित हो रही थी। ग्रामीणों को इसकी भनक लगते ही तत्काल इसकी सूचना तिलैया पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रार्थना सभा में शामिल

**ग्रामीणों ने धर्मांतरण किये जाने पर जताया विरोध**

लोगों को हिरासत में लेकर अपने साथ थाना ले आयी। फिलहाल इस संबंध में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि प्रार्थना सभा करा रहे फादर समेत स्कूल प्रबंधन को पूछताछ के लिए थाना लाया गया है। उन्होंने कहा फिलहाल पीआर बांड पर सभी को छोड़ा जा रहा है। इसके पूर्व भी सतगावां झुमरीतिलैया शहर के इमाम क्लीनिक व गायत्री क्लीनिक के पीछे भी इस तरह की प्रार्थना सभा के मामले में फादर सहित कई लोगों को हिरासत में लिया गया था जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया था।

---

# जामताड़ा में मनचलों ने छात्राओं से की छेड़छाड़

## दूसरे समुदाय के मनचलों ने की बदमाशी, बनाया वीडियो

**सोशल मीडिया में वीडियो शेयर करने की दी धमकी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** जामताड़ा के करमाटांड़ में स्कूल से घर लौट रही तीन छात्राओं के साथ तीन स्थानीय मनचलों ने छेड़ाछाड़ की। उन्होंने छात्राओं से छेड़छाड़ का वीडियो बनाया। मनचलों ने छात्राओं को सोशल मीडिया पर वीडियो और फोटो अपलोड करने की धमकी दी। इसके बाद वे सभी धमकी देते हुए फरार हो गये। इस घटना को लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस घटना के बाद तीनों पीड़ित छात्राओं ने मनचले युवकों के विरुद्ध करमाटांड़ थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। इस संबंध में थाना कांड संख्या 65/2023 दर्ज कर लिया गया है।

### नाबालिग हैं तीनों छात्रा

छेड़खानी की शिकार हुई तीनों छात्रा नाबालिग हैं। सभी करमाटांड़ की रहने वाली हैं। इन सभी ने करमाटांड़ थाना में लिखित आवेदन देकर कहा कि 1:30 बजे दोपहर को तीनों उत्क्रमित उच्च विद्यालय कदरूडीह से अपने-अपने स्कूल परित्याग पत्र लेकर घर लौट रही थीं तभी पहले से घात लगाकर बैठे आदम अंसारी (उम्र 20 वर्ष), छोटू अंसारी (उम्र



20 वर्ष) एवं मंजर मोहम्मद (उम्र 21 वर्ष) ने उनके साथ छेड़खानी की। सभी आरोपी ग्राम डुमरिया, पंचायत डुमरिया थाना करमाटांड के रहने वाले हैं। छात्राओं के मुताबिक तीनों हमलोगों को देख अपना मोबाइल निकालकर हमलोगों का वीडियो व फोटो बनाने लगे। मना करने पर जबरन रोक कर अभ्रद्रता से दुपट्टा खींचने की कोशिश की। हमलोगों का अपने मोबाइल से उन लोगों ने फोटो खींचा। हम तीनों ने जब विरोध व हल्ला करने की बात कही तब मंजर आलम ने कहा कि तुम लोगों का हम वीडियो फोटो बना लिये हैं ज्यादा चालांकी करोगी तो सारा वीडियो व फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर देंगे।

इस घटना के दौरान हल्ला सुनकर लोगों का आते देखकर तीनों मोटरसाइकिल से भाग गये। पीड़ित छात्राओं ने पुलिस को बताया कि क्योंकि हमलोगों के घर के रास्ते में ही तीनों का घर पड़ता है। घर आते समय हम तीनों उनके घर जाकर एक युवक के पिता ताहिर अंसारी को शिकायत करने पर हमलोगों पर ही अभद्र टिपणी करते हुए जूता चप्पल दिखाकर भगा दिया। हमारे घर पहुंचने से पहले दुबारा तीनों लड़के हमलोगों का पीछा कर रोक कर सभी को गाली गलौज करते हुए कहा यदि तुमलोग और कहीं शिकायत किया तो घर से निकालकर जान से मार कर फेंक देंगे।

### परिजनों के साथ आरोपी के पिता ने की बदसलूकी

छात्राओं ने बताया कि इस घटना की शिकायत हमने परिजनों से की। तब हमारे परिजन मिलकर आरोपी युवकों के गांव डुमरिया स्थित युवकों के पिता जहांगीर मियां, हुसैन अंसारी एवं ताहिर मियां के घर पहुंचे। यहां बात सुनने की बजाय तीनों के द्वारा हमलोगों के साथ धक्का-मुक्की के साथ-साथ अभद्र गाली गलौज करते हुए भाग जाने को कहा। नहीं भागने पर जान से मारने का धमकी दी। जिसके बाद भयभीत होकर हम सब अपने गांव जेरूवा वापस आ गये। इधर थाने के एसआइ संजय कुमार साव ने बताया कि घटना का मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही तीनों आरोपी को गिरफ्तार किया जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.7 °c | 23.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.39 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.09 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 09 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


# झारखंड भाजपा प्रदेश कार्यालय की एनर्जी हाई






**राकेश सिंह**

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड भाजपा में एक बदलाव हुआ है। बाबूलाल मरांडी को झारखंड भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। बाबूलाल मरांडी मतलब झारखंड की राजनीति का ईमानदार चेहरा। झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री को जैसे ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गयी, वैसे ही झारखंड भाजपा में एक अलग सी ऊर्जा का संचार हुआ। नेताओं और कार्यकर्ताओं में जोश देखते ही बन रहा है। दूर-दूर से लोग अपने नेता से मिलने आ रहे हैं। हर मिलने वाला अपनी खुशी जाहिर करने के लिए सम्मान में कुछ न कुछ लेकर पहुंच रहा।

किसी के हाथों में गुलदस्ता, तो किसी के हाथों में झारखंड का पारंपरिक गमछा, तो किसी के हाथ में माला दिखायी देता है। सभी अपने नेता से मिल कर यह छोटी-छोटी सौगात देकर अपनी खुशी प्रकट कर रहे हैं। अगर कोई कुछ लेकर नहीं आया तो अपने चेहरे पर मुस्कानों को बिखेरते हुए दिल से हर्ष दिखाते हुए बाबूलाल से मिल रहा है। लोगों के उत्साह से भाजपा कार्यालय में नयी ऊर्जा का संचार साफ देखते बन रहा था। शहर बधाई वाले पोस्टरों से पट गया। अपने नये अध्यक्ष से मिलने और उन्हें बधाई देने के लिए मानो हर कोई खिंचा चला आ रहा है। बाबूलाल मरांडी का कद और झारखंड की राजनीति में उनका योगदान ही कुछ ऐसा है कि कोई भी बड़ा-छोटा नेता, कार्यकर्ता उन्हें सम्मान भरी नजरों से देखता है। यह सम्मान उन्होंने अपने कार्यों से कमाया है।

उनके 28 महीने के मुख्यमंत्रित्वकाल को आज भी लोग याद करते हैं। झारखंड के विकास की जो नींव रखी गयी, वह उसी दौरान रखी गयी। जब यह संवाददाता बाबूलाल मरांडी से मिलने भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचा तो वहां का नजारा ही कुछ अलग था। ऐसी एनर्जी दिखी मानों भाजपा ने कोई चुनाव जीत लिया हो। पार्टी ऑफिस में गजब की भीड़। भीड़ होने का कारण भी था। अपने अध्यक्ष से जो कार्यकर्ताओं को मिलना था। कार्यालय में और भी कोई कार्यक्रम था, लेकिन जिस तरह से नेताओं और कार्यकर्ताओं की भीड़ बाबूलाल मरांडी से मिलने पहुंच रही थी, मानो झारखंड भाजपा में एक अलग सी ऊर्जा ने जन्म ले लिया हो। बाबूलाल मरांडी भी ऊर्जा से लबरेज हैं।

वह भी हर कार्यकर्ता, नेता से गर्मजोशी से मिल रहे हैं। उन्हें तो दूर दर्ज से आये छोटे कार्यकर्ताओं का नाम भी मुंहजबानी था। वह नाम से हर कोई को पुकार रहे थे। यह एक जमीनी नेता की पहचान है। बाबूलाल मरांडी के बारे में यह प्रचिलित है कि झारखंड का कोई ऐसा कोना नहीं जहां वह दस लोगों को नाम से न जानते हों।

बाबूलाल की इन्हीं खासयितों की वजह से आज हर कोई उनको सम्मान दे रहा है। कोई भी असहज महसूस नहीं कर रहा है। बाबूलाल के प्रदेश अध्यक्ष बनते झारखंड भाजपा में जो ऊर्जा का संचार हुआ है, वह बाबूलाल और पार्टी को निश्चय ही और आगे तक ले जायेगी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि।

**वृष** संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता.

**मिथुन** रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।

**कर्क** नये लोगों से संपर्क, शुभ समाचार मिलेगा। सुख सम्मान की रक्षा होगी।

**सिंह** सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा

**कन्या** धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें, सगे-संबंधियों का आवागमन बना रहेगा

**तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा।

**वृश्चिक** नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रुचि।

**धनु** निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा।

**मकर** थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी

**कुंभ** अव्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकती है।

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

# आदिवासी हितैषी बनने का ढोंग कर रहे तथाकथित संगठन : बाबूलाल

**कुछ संठनों के प्रदर्शन पर बाबूलाल ने साधा निशाना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आदिवासी संगठनों के द्वारा शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय घेराव कार्यक्रम को राज्य सरकार प्रायोजित राजनीतिक नौटंकी बताया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने घेराव किया है उन्हें सबसे पहले मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने सबसे ज्यादा आदिवासी को ही प्रताड़ित किया है। सरकार का स्वागत चाईबासा में आदिवासियों के नरसंहार से हुआ। आदिवासी महिला दारोगा रूपा तिर्की की हत्या, पशु तस्करों के द्वारा दारोगा संध्या टोपनो की हत्या, सिदो कान्हू के वंशज रामेश्वर मुर्मू की हत्या सरकार की ही देन है। उन्होंने कहा कि सरकार के पिछले साढ़े तीन वर्षों के शासन काल में 5500 से अधिक बहन बेटियों के साथ बलात्कार की घटनाएं घटी हैं। जिसमें अधिकांश आदिवासी, दलित समाज की ही बेटियां हैं। आगे प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रीमिटिव ट्राइब्स की बेटी रुबिका पहाड़िया की नृशंस हत्या, मांडर में आदिवासी छात्रा के साथ कार में सामूहिक बलात्कार की शर्मनाक घटना, खूंटी में प्रशिक्षु महिलाओं के साथ बलात्कार हुए लेकिन मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिजनों से मिलना भी उचित नहीं समझा। सरकार का आदिवासी दलित विरोधी चेहरा बार-बार उजागर हुआ है। इसलिए मुख्यमंत्री को इसके लिए आदिवासी समाज से माफी मांगनी चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की जिस घटना को तूल देने की कोशिश की जा रही उसपर कठोर कानूनी कार्रवाई मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कर दिया है। मुख्यमंत्री ने पीड़ित व्यक्ति के पैर धोकर माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन आदिवासी दलित विरोधी कृत्यों के लिए समाज से और पीड़ित परिवार से माफी मांगे।

### 'सत्ताधारी, अधिकारी और अपराधी का तालमेल जब तक नहीं टूटेगा तब तक अपराध नहीं रुकेगा'



राज्य में बढ़ती हुई अपराधिक घटना को लेकर विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर है। एक सप्ताह के अंदर ही राजधानी की सड़कों में दो लोगों को सरेआम गोली मारी गयी है। जिसमें एक की मौत हो गयी और एक अस्पताल में इलाजरत है। इसे लेकर भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने अपराध कंट्रोल में सरकार को पूरी तरह फेल बताया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा है कि राजधानी रांची शहर में अपराधी बेखौफ होकर गोली चला रहे हैं। कारोबारियों पर जानलेवा हमला कर रहे हैं। उधर राज्य के व्यवसायी संगठनों ने सरकार को चेताया है कि अगर उन्हें सुरक्षा नहीं मिली, माफियाओं पर लगाम नहीं लगायी गयी तो वे अपना कारोबार समेटकर चले जायेंगे। पिछली घटनाओं को लेकर उन्होंने याद दिलाते हुए कहा है कि दो माह पूर्व ही खनन अधिकारी शरद कुमार की गोली मारकर हत्या की गयी थी। पुलिस घटना के बाद जांच के नाम पर खानापूर्ति करती रहती है तब तक एक और घटना घट जाती है। कानून व्यवस्था तो धराशायी हो गयी है। सत्ताधारी, अधिकारी और अपराधी इनका नेक्सेस जब तक टूटेगा नहीं, अपराध रुकेगा नहीं। गौरतलब है कि शुक्रवार को अरगोड़ा थाना के पुंदाग रोड में कोयला कारोबारी की गोली मारकर घायल कर दिया। उससे पहले दिवंगत जमीन कारोबारी कमल भूषण के कर्मचारी की सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के गलेक्सिया मॉल के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इसके साथ ही हर दिन पूरे राज्य में अपराध का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है इस कारण विपक्ष ने सरकार को अपराध को लेकर घेरा है।

### पंचायत चुनाव में दीदी से जिला नहीं संभल रहा, लोकतंत्र क्या बचायेंगी

पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव हो रहा है। मतदान शांतिपूर्ण हो इसके लिए भारी सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी थी। लेकिन इसके बाद भी कई शहरों से हिंसा की खबर सामने आ रही है। पूरे राज्य में तनाव का महौल बना हुआ है। पुलिस और केंद्रीय सुरक्षाबलों की तैनाती के बावजूद जमकर हिंसा हो रही है। इसे लेकर भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बंगाल की ममता सरकार पर हमला बोला। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से पूछा है कि जब आपसे एक जिला नहीं संभल रहा है तो लोकतंत्र क्या संभलेगा। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में वोटिंग हो रही है लेकिन टीएमसी के गुंडों ने आतंक मचाना शुरू कर दिया है। मुर्शिदाबाद, मालदा, मेदनीपुर और कूचबिहार में बूथों पर तोड़फोड़ आगजनी की घटना हुई है। वैसे यह इलाके बांग्लादेश से बिल्कुल सटे हुए हैं। घुसपैठियों की इसमें बड़ी भूमिका हो सकती है। इन इलाकों में पश्चिम बंगाल पुलिस भी निष्पक्ष कार्रवाई नहीं कर पाती। राज्य में स्थिति बहुत नाजुक बनी हुई है। ममता बनर्जी से सीधा सवाल पूछते हुए कहा है कि सोचिए, दीदी पंचायत चुनाव तक शांति से नहीं करा सकती हैं, एक जिला तक नहीं संभाल सकती हैं, यह लोग लोकतंत्र बचायेंगे? दुर्भाग्यपूर्ण।

# यूसीसी और एमपी की घटना के विरोध में किया प्रदर्शन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** यूसीसी और एमपी पेशाब कांड का देशभर में विरोध हो रहा है। झारखंड में भी इसके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। शनिवार को रांची के हरमू मैदान में आदिवासी मुलवासी संगठनों के सैकड़ों लोगों ने यूसीसी और एमपी पेशाब कांड के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों ने बाबूलाल मरांडी इस्तीफा दो, आदिवासियों पर शोषण करना बंद करो, मोदी जी की तनाशाह नहीं चलेगी जैसे नारे लगाये। विरोध-प्रदर्शन के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी है लगभग एक घंटे तक स्कूल बसें सहित कई वाहन जाम में फंसे रहे।

### आदिवासी समाज का अपना संवैधानिक कानून है

मौके पर आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि देश में समान नागरिक संहिता कानून नहीं चलेगा। क्योंकि आदिवासी समाज के पास पहले से ही अपना संवैधानिक कानून है। रूढ़िवादी परंपरा है। राज्य में सीएनटी एक्ट और एसपीटी एक्ट कानून लागू है। यूसीसी लागू होने से आदिवासियों के कानून रद्द हो जायेंगे। इसलिए आदिवासी संगठन इसका विरोध करता है।

### एमपी कांड से आदिवासी समाज हताहत

केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा समर्थक ने आदिवासी युवक पर पेशाब किया। इससे आदिवासी समाज काफी हताहत है। मौके पर लक्ष्मी नारायण मुंडा, प्रेम शाही मुंडा, अजय तिर्की, लक्ष्मी नारायण मुंडा, विजय शंकर नायक, विश्राम लकड़ा, सुजित तिर्की, कुमुदनी केरकेट्टा, नुसी मिंज, शहजाद इतरीसी, इरफान खान, अफजल खान, जुनैद कुरैसी अंसारी समेत सैकड़ों आदिवासी मुलवासी संगठनों के लोग शामिल रहे।

# देवघर में झामुमो नेता हरि हेंब्रम की ब्रेन हेमरेज से मौत

**देवघर (आजाद सिपाही)।** अंचल के कुरुमटांड़ गांव निवासी झामुमो नेता हरि हेंब्रम की देवघर में मौत हो गयी। उनके मौत ब्रेन हेमरेज से हुई है। बताया जा रहा है कि 35 साल के हरि हेंब्रम रात में परिवार वालों के साथ खाना खा कर सो गये। शुक्रवार सुबह उनकी तबीयत बिगड़ गयी। उनकी तबीयत बिगड़ती देख परिजन उन्हें ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल ले गये।

देवघर सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने नेता की बिगड़ती हालत को देखते हुए बाहर ले जाने को कहा। उन्हें बाहर ले जाने की तैयारी की जा रही थी। इसी बीच उनकी मौत हो गयी। मृतक अपने पीछे पत्नी, पांच लड़की और दो लड़के को बेसहारा छोड़ गये हैं। मृतक के पत्नी पानमुनि मरांडी ने बताया कि उनके पति परिवार में एक मात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके आकस्मिक मौत से परिवार वालों के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी रोते हुए बोलीं कि अब पांच लड़की की शादी कैसे होगी, सात बच्चों का परवरिश कैसे करेंगे। उनकी मौत से गांव में शोक की लहर छा गयी है। लोग उनकी आकस्मिक मृत्यु से स्तब्ध हैं और शोक संतप्त परिवार को लेकर दुख जता रहे हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष के आवास पहुंचे बाबूलाल मरांडी

# बाबूलाल को मूलवासी सदानों की भावनाओं से अवगत कराया राजेंद्र प्रसाद ने

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री व नव नियुक्त भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के वर्दवान कंपाउंड स्थिति आवास पहुंचे। राजेंद्र प्रसाद ने बाबूलाल मरांडी को अपने आवास पर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए, बुके देकर उन्हें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के आवास पर इस बीच मोर्चा से जुड़े मूलवासी सदान के कई प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। जिसमें प्रमुख रूप से झारखंड आंदोलनकारी व मोर्चा के सलाहकार, क्षितीश कुमार राय, शिक्षाविद नागपुरी भाषा परिषद के अध्यक्ष डॉ राम प्रसाद शिक्षाविद डॉ अनिल कुमार मिश्रा, सेवा निवृत्त आइएएस अधिकारी एम बड़ाइक, मीडिया प्रभारी विशाल कुमार सिंह, भी उपस्थित थे। बाबूलाल मरांडी व मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद और सदान नेताओं के बीच राज्य की वर्तमान परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा हुई। मोर्चा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने बाबूलाल मरांडी को मूलवासी सदानों की भावनाओं से उन्हें अवगत कराया।



### आज बेड़ों के हजारों घरों में लगेगा सदानी झंडा

रांची। मूलवासी सदानों के अधिकार व पहचान और आस्था के प्रतीक सदानी झंडा रविवार को बेड़ों के सदानों के घरों पर लगेंगें। ज्ञात हो कि मूलवासी सदान मोर्चा की ओर से पूरे राज्य में सदानी झंडा लगाने का अभियान चल रहा है। इसी के तहत आज बेड़ों में कार्यक्रम रखा गया है। सदानों के प्रबुद्ध नेता और मोर्चा के सलाहकार क्षीतीश कुमार राय ने बताया कि इस अवसर पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री मधु मंसूरी भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

# 11 जुलाई को नीति आयोग की टीम झारखंड के दौरे पर पहुंचेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नीति आयोग की टीम 11 जुलाई को झारखंड के दौरे पर आयेगी। दो दिवसीय दौरे में नीति आयोग का टीम के द्वारा केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय और केंद्रीय योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा करेगी, नीति आयोग के सदस्य डॉ विनोद कुमार पाल के नेतृत्व में 12 जुलाई को छह सदस्य प्रोजेक्ट भवन सभागार में राज्य के आला अधिकारियों के साथ 12:30 बैठक करेगी। नीति आयोग की टीम 11 जुलाई को शाम 7:30 बजे दिल्ली से रांची पहुंचेगी। डॉ. विनोद कुमार पाल सहित झारखंड सरकार के अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। झारखंड के मुख्यमंत्री कार्यालय में 12 जुलाई को 12:30 बजे समीक्षा बैठक होगी। बैठक में झारखंड में चल रही योजनाओं पर चर्चा होने की संभावना है। जैसे हर घर नल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, केंद्र से बन रही सड़कें, स्वास्थ्य और रेल हवाई मार्गों के लिए जमीन अधिग्रहण से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा। नीति आयोग की टीम इस दौरे में क्षेत्र भ्रमण के साथ-साथ राज्य में चल रही केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की समीक्षा करेगी। इससे वे वर्तमान मामलों और समस्याओं के बारे में अवगत होंगे। इस दौरान राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह समेत सभी आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। क्षेत्र भ्रमण के साथ विभिन्न योजनाओं का हाल भी जानेंगे अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रही नीति आयोग की टीम कुछ क्षेत्रों का भ्रमण भी करेगी। इस दौरान राज्य में केंद्र सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का हाल भी जानेंगे साथ ही टीम, योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही परेशानी से भी अवगत होगी।



आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 09 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in
04

## महेंद्र दास के निधन पर विधायक ने जताया शोक

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के रूपायडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम चदरा पिपराडीह निवासी सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता महेंद्र दास के निधन की खबर सुनकर लोग शोकाकुल हैं। इनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, माले नेता मोहम्मद इब्राहिम, जन अधिकार संघर्ष मोर्चा के युवा नेता उमेश यादव, इंटक जिला अध्यक्ष अरुण यादव, जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, स्थानीय मुखिया गणपत यादव, उप मुखिया चंदन बर्णवाल, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि भोला यादव, समाजसेवी वीरेंद्र यादव, राजकुमार पासवान, भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विवेक साव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजय यादव, सुरेंद्र सिंह, मुन्ना प्रसाद यादव, महावीर शर्मा, गंगाधर प्रसाद यादव, रविंद्र कुमार रवि, बाबूलाल सिंह, बैजनाथ यादव, विकास कुमार, सचिन गुप्ता, अमित कुमार शामिल हैं।

## बिना माइनिंग चालान के चार बोल्डर लदा हाइवा जब्त



मरकच्चो (आजाद सिपाही)। कोडरमा एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर शनिवार सुबह कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर नवलशाही थाना भवन के समीप वाहन जांच के दौरान बगैर माइनिंग चालान के चार बोल्डर लदा हाइवा जब्त किया गया। जानकारी अनुसार उक्त चारों बोल्डर लदा हाइवा संख्या जेएच 11के 6797, जेएच 01 एक्स 1174, व जेएच 11 पी 7786 वहीं एक हाइवा का नंबर प्लेट में अंकित नंबर को खुरेच कर नष्ट कर दिया गया जो वाहन नंबर स्पष्ट रूप से नहीं दिख रहा है। इसी क्रम में थाना भवन के समीप वाहन जांच के दौरान पहले से मौजूद पुलिस पदाधिकारीयों ने चारों वाहनों को रोककर चालक से बोल्डर से संबंधित कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया। चालको के द्वारा बोल्डर से संबंधित किसी भी प्रकार के कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर चारों वहानों को जब्त कर अग्रेसर कार्रवाई के लिए थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। वहीं इसकी सूचना खनन विभाग को भेज दिया गया है। मौके पर नवलशाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, एसआइ कुमार शिवम और पुलिस बल जवान मौजूद थे।

## पैदल जा रहे व्यक्ति को कार ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बकसपुरा रोड पर तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रही मजदूर को टक्कर मार दी, जिससे एक ब्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक रोजाना पैदल मजदूरी के लिए जाता था बकसपुरा रोड के मसीपीढ़ी चौक के पास एक तेज रफ्तार बलेनो कार चालक ने पैदल जा रहा 36 वर्षीय अबू बकर सिद्दीकी बकसपुरा निवासी को मसीपीढ़ी चौक मे बलेनो जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पुरुष घायल हो गया । सूचना पर पहुंची मुफस्सिल थाना प्रभारी बजरंग महतो ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया , अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बलेनो चालक को पकड़कर प्रशासन को सौंप दिया मौके पर मौजूद समाजसेवी मौलाना शकीर उर रहमान ने बताया की बलेनो कार चालक के नशे में धुत होकर गाड़ी चला रहा था जिसके कारण मजदूर की जान चली गयी। ग्रामीण के आक्रोश को शांत करवाते हुए मौलाना सकिल उल रहमान बलेनो चालक को प्रशासन के हाथों सोफा मौके पर आकर सदर अंचल राजेश कुमार ग्रामीणों का आश्वासन दिया कि अंचल द्वारा जो भी आपदा राशि है मृतक के परिजन को दिया जायेगा। मौके पर मौलाना कफील, रहमान मौलाना, इनामुल हक, मौलाना अकील उर रहमान, मुजफ्फर इकबाल, हाजी कल्लनऔर सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## नप का चालू वित्तीय वर्ष के लिए 58 करोड़ का बजट स्वीकृत

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। नगर परिषद झुमरी तिलैया का चालु वित्तीय वर्ष 2023-24 का नगर विकास विभाग ने 58 करोड़ 8 लाख 81 हजार की विकास योजनाओं की स्वीकृति दी है। इसके तहत 31 मार्च 2024 तक नगर पर्षद के द्वारा झमरी तिलैया शहर के 28 वार्ड में विकास के लिए 57 करोड 98 लाख की राशि खर्च करने का बजट बनाया है। नगर पर्षद के प्रशासक विनीत कुमार ने बताया कि नागरिक सुविधा के तहत 4 करोड की राशि खर्च की जायेगी। वहीं सडक निर्माण के लिए 4 करोड 20 लाख 15 वें वित्त आयोग से 14 करोड की राशि खर्च की जायेगी। बताया कि नगर पर्षद के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जून 23 तक 4696 लाभुकों के बीच 3365 मकान को राशि मुहैया करायी गयी है और उन निवास आवास में रहने लगे है। उसमें सरकार 24 करोड रुपये का राशि लाभुको के बीच उपलब्ध करायी है और इस वित्तीय वर्ष के 3 माह में 180 लाभुकों के लिए स्वीकृति के लिए भेजे गये है। उन्होनें यह भी बताया कि चालु वित्तीय वर्ष में विभिन्न मदों से 10 करोड रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें होल्डिंग पेयजल और से 2 करोड 40 लाख रुपए की वसूली हुई है। शेष वसूली अलगे दो माह में करनी है। वहीं उन्होनें बताया कि झुमरी तिलैया नगर परिषद के द्वारा शहर के विकास के लिए कई कार्य किये जाने है और इसी जुलाई माह केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री और कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी विधायक नीरा यादव के द्वारा कोडरमा प्रखंड में मैदान में 1 करोड 40 लाख के लगत से बनने वाले खेल मैदान का शिलान्यास कराया जायेगा। वहीं गुमो को झुमरियाटांड में 1 करोड 50 लाख की लागत से स्टेडियम, महतो आहरा में अमृत योजना के तहत तालाब का जीर्णोद्वार और सौंदयीकरण 1 करोड 30 लाख में किया जायेगा। वहीं गांधी स्कूल के समीप 1 करोड 70 लाख की लागत से वेडिंग जोन बनाया जायेगा। सीएच स्कूल में 50 लाख की लगात से खेल संबंधित सामाग्री लगाने का कार्य शुरू किया गया है।

## डीइटी 2022 का साक्षात्कार 15 जुलाई से होगा

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। डीइटी 2022 के लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार अंततः 15 जुलाई से लिया जायेगा। छात्र हित एवं शोध को ध्यान में रखते हुए विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अजीत कुमार सिन्हा के निर्देश पर परीक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। फरवरी 2023 में इनका परीक्षाफल प्रकाशित किया गया था और तब से यह लोग साक्षात्कार के इंतजार में थे। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ गौरी शंकर तिवारी ने बताया कि अभ्यर्थियों कि सुविधा के लिए सभी जानकारी विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है।

इसके अनुसार 15 जुलाई को गणित, हिंदी, वाणिज्य तथा इतिहास के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जायेगा। 17 जुलाई को भौतिकी, वनस्पति शास्त्र, बायोटेक्नोलॉजी, संस्कृत, दर्शनशास्त्र, प्रबंधन तथा मनोविज्ञान के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जायेगा। इसी प्रकार 18 जुलाई को रसायन शास्त्र, भूगर्भ विज्ञान, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान तथा गृह विज्ञान विभागों में साक्षात्कार आयोजित होंगे। 19 जुलाई को जंतु विज्ञान, उर्दू तथा भूगोल के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा। अंतिम दिन 20 जुलाई को अर्थशास्त्र विभाग के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा। सभी साक्षात्कार 11:00 बजे पूर्वान्ह से आयोजित किए जायेंगे। विज्ञान संकाय में गणित के 22, रसायन विज्ञान के 8, भूगर्भ विज्ञान के 4, भौतिकी के 14, वनस्पति विज्ञान के 4, बायोटेक्नोलॉजी के 2 तथा जंतु विज्ञान के 27 अभ्यर्थी साक्षात्कार में भाग लेंगे। मानविकी संकाय में हिंदी के 43, संस्कृत के 6, अंग्रेजी के 34, उर्दू के 15 तथा दर्शनशास्त्र के 12 अभ्यर्थी साक्षात्कार देंगे। वाणिज्य संकाय में वाणिज्य के 12 तथा प्रबंधन के 6 अभ्यर्थी का साक्षात्कार लिया जायेगा। इसी प्रकार समाज विज्ञान संकाय में इतिहास के 50, मनोविज्ञान के 28, राजनीति विज्ञान के 8, भूगोल के 34, अर्थशास्त्र के 36, तथा गृह विज्ञान के 18 अभ्यर्थी इस साक्षात्कार में भाग लेंगे।

## नवविवाहिता ने मायके में की खुदकुशी

कोडरमा (आजाद सिपाही)। तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो में एक नवविवाहिता ने आत्महत्या किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना शाम करीब 4:00 बजे की बताई गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी अनुसार नवविवाहिता मनीषा कुमारी पिता नरेश कुशवाहा की शादी 1 माह पूर्व 11 जून को चंदवारा थाना क्षेत्र के उरवां निवासी संदीप के साथ हुई थी। 2 दिन पूर्व ही मनीषा अपने मायके आयी थी। घटना के वक्त मृतिका के माता-पिता गुमो फोर लेन स्थित अपने दुकान पर थे। घर पर मृतिका वह उनकी भाभी मौजूद थी। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि मामले को लेकर पहलू पर जांच कर रही है।

# स्कूल वैन की फटी बैटरी, चार बच्चे घायल

आजाद सिपाही संवाददता



**हजारीबाग ।** माउंट कार्मेल स्कूल में बच्चों लेकर जा रही एक स्कूली वैन की बैट्री फट गयी। यह घटना पोस्टऑफिस चौक के निकट हुई। हादसे इससे सड़क पर भगदड़ मच गयी। इस में चार बच्चे आंशिक रूप से घायल हो गये। कोई भी बच्चा गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। बताया जाता है कि उक्त स्कूल में छुट्टी होने के बाद करीबन 20 बच्चे को सवार कर वैन चालक जैसे ही पोस्ट ऑफिस चौक पहुंची अचानक बैटरी फट गयी। बैटरी फटने के बाद एसिड के छिटकने से करीब चार बच्चे जख्मी हो गये। वाहन में सवार स्कूल बच्चों में अफरा तफरी मच गयी। सदर थाना प्रभारी अमित कुमार लकड़ा ने बताया कि इस संबंध में कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। वहीं जख्मी बच्चे को प्राथमिक इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा के बाद चिकित्सकों ने छोड़ दिया।

# सदर प्रखंड में पीएम आवास योजना की राशि लेकर कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले 35 लाभुकों को भेजा गया नोटिस

आजाद सिपाही संवाददता

**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सदर प्रखंड में कुल 35 लाभुकों को चिन्हित किया गया है जो प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रथम किश्त की राशि चालीस हजार रुपये के भुगतान का लाभ ले लेने के बावजूद इनके आवास का कार्य नहीं किया जा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर गूंजन सिन्हा ने कहा है की प्रखंड प्रशासन ने इन लाभुकों को पंचायत स्तर और प्रखंड स्तर से नोटिस भी किया गया है किंतु फिर भी इनके द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है। बीडीओ ने बताया कि इन 35 लाभुकों ने यदि 1 सप्ताह में कार्य नहीं किया जाता है तो निहित प्रावधानों के तहत इन लाभुकों पर सरकारी राशि का दुरुपयोग और राशि गबन करने के आरोप में नियमानुसार वाद-परिवाद और प्राथमिकी करने की प्रक्रिया की जायेगी।

**प्रथम किश्त की राशी के भुगतान के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले लाभुको की सूची:**

**पंचायत सिंदूर:** लाभुक मनोज राम पिता स्वर्गीय चंद्र राम और मिथुन राम पिता सनीचर राम.

**भेलवारा पंचायत:** लाभुक अरुण राम पिता पेमन राणा, अनीता देवी पति मुकेश तुरी,लाभुक शनिचरी देवी पति खुलेश्वर तूरी।

**चुटियारो पंचायत:** रूबी देवी पति दामोदर राणा,उर्मिला देवी पति सुरेश राणा।

**सिंघानी पंचायत:** किरण देवी पति राजेंद्र राम और अर्जुन राम पिता महादेव राम।

**हुटपा पंचायत:** कुंती देवी पति सूरज राम

**अमनारी पंचायत:** रजाक मियां पिता शकूर मियां

**बड़ासी पंचायत:** मो धनेश्वरी पिता शंभू रजक और चंचला देवी पति नकुल मेहता।

**करबेकला पंचायत:** सरोज देवी पति वकील राणा, सुषमा देवी पति स्वर्गीय गोपाल राम, सुधीर राम पिता बूटानी राम, पितांबर ठाकुर पिता परमेश्वर ठाकुर और नवीन कुमार सिन्हा पिता बलदेव सहाय।

**ओरिया पंचायत:** महबूब आलम पिता मोहम्मद इशाक मियां।

**सखिया पंचायत:** मेरी रोजी कुजूर पति विजय सांगा और नियुक्ति देवी पति स्वर्गीय पुनीत गोप।

**मंडइखुर्द पंचायत:** नेगनी देवी पति शिवा साव।

**नगवां पंचायत:** गीता देवी पति फुदन महतो, सीमा देवी रेवली देवी पति बुलाकी महतो,मीना देवी पति गणेश महतो, विनय कुमार पिता पूरन महतो, एतवरिया देवी पति स्वर्गीय विशेश्वर भुइयां।

**मोरंगी पंचायत:** नूरी देवी पति मुकेश उरांव।

**गुरहेत पंचायत:** नुनुलाल राम पिता सोना राम।

**पौता पंचायत:** पूजा देवी पति वंशी राम,साजदा खातून पति ब्रीराहीम मियां, रूही बेगम पति स्वर्गीय तौकीर,सुनील ठाकुर पिता शामलाल ठाकुर और मनोज कुमार पिता मिट्ठू शर्मा शामिल हैं।

## भालू के हमले से महिला घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के ढोढाकोला के समीप हरैया जंगल में शनिवार की सुबह भालू के हमले से एक महिला घायल हो गई। घायल की पहचान ढोढाकोला निवासी शारदा देवी उम्र 63 वर्ष पति सुकर सिंह के रूप में हुई है। महिला ने बताया कि सुबह वह हरैया जंगल लकड़ी लाने गयी थी। इसी दौरान एक भालू ने अचानक उनके ऊपर हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गयी। स्थानीय लोग और परिजनों की सहायता से महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया जहां घायल महिला का इलाज चल रहा है।

## वारंटी अपराधी गिरफ्तार

डोमचांच (आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निदेर्शानुसार जिले भर के सभी थाना क्षेत्र में वारंटी और अपराधियों की गिरफ्तारी की कयावाद तेज हो गई है। इसी क्रम में डोमचांच थाना कांड संख्या 50/16 विद्युत अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त अशोक मेहता पिता हीरालाल मेहता ग्राम बिगहा फुलवरिया को गिरफ्तार कर चिकित्सीय जांच पश्चात न्यायालय कोडरमा में उपस्थापन उपरांत कोडरमा जेल भेज दिया गया।

## एनटीपीसी ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

# पांडु गांव में आंखों की जांच कर दिया गया चश्मा

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के द्वारा पांडु गांव में दांतों और आंखों की जांच और इलाज के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया। इस मेडीकल कैंप से कुल 177 लोगों के दांतों का इलाज कर दवाई दी गयी और 107 लोगों की आंखों की जांच कर 60 लोगों को चश्में दिये गये। केरेडारी परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब के मार्गदर्शन में आयोजित मेडिकल कैम्प को श्रीनीवासन हॉस्पिटल और हजारीबाग डेंटल कॉलेज की सहभागी से लगाया गया है। यह मेडिकल कैंप 2 दिनों के लिए लगाया गया है। पहले दिन पांडु ग्राम और दूसरे दिन ग्राम बसरिया में लगाया जाएगा। इस मेडिकल कैम्प में आंखों और दांतों के अलावा खून और ब्लड प्रेशर,शुगर, लएवं कोलेस्ट्रॉल की जांच की भी व्यवस्था की गयी है। श्रीनीवासन हॉस्पिटल और हजारीबाग डेंटल कॉलेज से आये डॉक्टर, नर्स, और अन्य सहभागी द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच सुचारू रूप से की जा रही है। इस मेडिकल कैंप को डॉक्टर निशांत गवाली, एमडीएस और डॉक्टर सौम्या राज, बीडीएस की निगरानी में संचालित किया गया है। दांतों की जाँच के बाद लोगों को आवश्यकता अनुसार डेंटल किट एवं एंटीबायोटीक विटामिन की दवाई भी उपलब्ध कराई हैं। इससे पूर्व केरेडारी परियोजना द्वारा पहले भी आंखों में मोतियाबिंद की जाँच एवं इलाज के लिए मेडिकल कैम्प लगाया गया था जिसमें कुल 117 लोगों का ऑपरेशन कर मोतियाबिंद ठीक किया गया था। इस अवसर पर उपस्थित परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब ने बताया कि एनटीपीसी जन स्वास्थ्य एवं बाल शिक्षा के कार्यों में सैदव तत्पर रहती है। परियोजना द्वारा समय समय पर जन कल्याण के कार्यों से ग्राम वासी भी परियोजना के आने से खुश है और साथ मिल कार्य करने से ही ग्राम एवं प्रखंड का विकास निश्चित है। एनटीपीसी के इस मेडिकल कैंप से लोगों को बहुत लाभ मिल रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। इस शिविर को सफल बनाने में ग्राम वसियों का अहम योगदान है और केरेडारी परियोजना से अपर महाप्रबंधक एस.पी गुप्ता और वरिष्ठ प्रबंधक आशीष कुल्लू का भी योगदान है।

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित है मोरंगी का नवकीटांड़ गांव

# सांसद और विधायक नहीं दे रहे गांव के विकास पर ध्यान

सांसद के आवास से दो किलोमीटर की दूरी पर है नवकीटाड़ गांव

धीरज पुरी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड क्षेत्र के मोरंगी पंचायत के नवकीटाड़ में लगभग 50 घर है इस गांव की जनसंख्या लगभग 300 है गांव में न पक्का मकान है और न ही गांव में पक्का रास्ता है। ग्रामीणों का कहना है कई बार इसके शिकायत हजारीबाग जिला प्रशासन, सांसद विधायक, स्थानीय जनप्रतिनिधि से किया गया। इसके वावजूद किसी ने ध्यान नहीं दिया। सबसे ज्यादा बरसात के दिनों में होता है। आने जाने में बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बच्चों को स्कूल जाने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर हल्का वारिश भी हो जाये तो रास्ता में कीचड हो जाता है। ग्रामीणों ने कहा की हमलोग के गांव से दो किलोमीटर की दूरी पर सांसद जयंत सिन्हा का घर है जो कई बार इस गांव में आकर वोट मांगते हैं और आश्वासन देते हैं कि पक्का मकान और पक्की सड़क बना देंगे पर आज तक ना पक्की मकान ना पक्की सड़क बना है सांसद विधायक और स्थानीय समाजसेवी वोट के समय सिर्फ वोट मागने आते है। जब कोई नहीं सुना तब हम लोगों ने सभी ग्रामीण मिलकर श्रमदान से डस्ट भरने का काम कर रहें है। श्रमदान करने वालों में शोभा देवी, महेश राम, मालती देवी, अनीता देवी, पिंकी देवी, रिंकी देवी, पूजा कुमारी, सरिता देवी, कोनिया देवी, सीता देवी, कोशाली देवी, पूनम देवी, जितनी देवी, सुजीता देवी, सोनिया देवी, ममता देवी, बिगनी देवी, ममता देवी, संगीता देवी, नीता देवी, खुशबू देवी, सोनी देवी, गणेश कुमार, दिलीप राम, रवि राम, संदीप राम, प्रकाश कुमार, संदीप कुमार, सोनू कुमार, विशाल कुमार, दीपक कुमार, विकास कुमार, राजेंद्र कुमार, प्रकाश कुमार, हरी राम, अर्जुन राम कुलदीप भुइयां, प्रीति देवी, अंचल देवी, राजेश राम, भीम कुमार, दीपू कुमार, अर्जुन कुमार, दीपक कुमार, लखन कुमार, मिथुन राम, मारू राम, भोला कुमार, राजेश राम, विजय राम, श्याम कुमार, सागर राम, संतोष कुमार, दीपक कुमार यादि ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

## पलक कुमारी ने दूसरी जीत दर्ज कर जिले का नाम किया रौशन



कटकमदाग (आजाद सिपाही)। कहते हैं की मन में अगर ठान ले तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं और सफलता आपके कदम चुमेगी। इसी को चरितार्थ किया है कुम्हार टोली पारनाला, हजारीबाग की बेटी पलक कुमारी ने। जिन्होंने 40वीं राष्ट्रीय तायक्वाडों चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में जहां दुसरी बार उन्होने अपना परचम लहराया तथा जिले का नाम रौशन किया। यह प्रतियोगिता कापर रोड,कापरबाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आयोजित की गयी थी। पलक कुमारी की सफलता से प्रेरित होकर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अपने कार्यकालय में शांल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए कहा की अभी तुम्हें और आगे बढ़ना है तथा राष्ट्रीय चैम्पियन बनकर बिश्व चैंपियन बनना है व गोल्ड मेडल को हासिल करना है। विधायक ने पलक कुमारी को इस जित के लिए बधाई दी। इसके पूर्व पलक कुमारी को रांची के पुर्व सांसद व पूर्व मंत्री भारत सरकार सुबोध कान्त सहाय ने भी अपने रांची कार्यालय में पलक कुमारी को बुलाकर स्वागत करते हुए बधाई दिया था और कहा था की आपको आगे बढ़ते रहना है तथा आनेवाले दिनों में और भी प्रतियोगिता में बेहतर करना है इसमें जो भी मदद होगा मैं व्यक्तिगत तौर पर करूंगा।

## जीएम कॉलेज के एनएसएस टीम ने सिझुआ में किया सात दिवसीय शिविर का आयोजन



इचाक (आजाद सिपाही)। जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय के एनएसएस टीम के द्वारा ग्राम सिझुआ में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्धाटन मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ जॉनी रुफीना तिर्की,इचाक प्रखंड के उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता, गोहरबंदा पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार मेहता, जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय के सचिव शंभू कुमार, सिझुआ उच्च विद्यालय के चंद्रधारी मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ.जॉनी रुफीना तिर्की ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय स्तर के विकास की रूप-रेखा के लिए एक सबसे बड़ी संस्था है। जिसका थीम है मैं नही पहले आप। अर्थात यह योजना हमें सिखाती है की किसी भी कार्य का प्रमुख उद्देश्य समाज हित में होना चाहिए। इस साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत ग्राम सिझुआ तथा पिछड़ी आदिम विरहोर जनजाति कि दसाओं उनकी आर्थिक स्थिति उनकी स्वास्थ्य की स्थिति स्वच्छता आदि की जानकारी प्राप्त कर उन्हे जागरूक करना प्रमुख उद्देश्य है। इसके लिए ग्राम सिझुआ को गोद लेकर उसके उत्थान के लिए महाविद्यालय के एनएसएस के स्वयंसेवक छात्र- छात्राओं के द्वारा सात दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रत्नेश कुमार राणा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस के प्रभारी उमेश ठाकुर, महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार, शिक्षक दयानंद कुमार यादव, विनय कुमार मेहता, अजीत हंसदा, नीलिमा कुजूर, अजीत प्रसाद, संजीत कुमार यादव, प्रीति कुमारी, अजय कुमार, आस्था कुमारी आदि का सहयोग रहा।

## बच्चों का संपूर्ण विकास ही कैंपियन बेसिक अकेडमी का उद्देश्य: बीरबल प्रसाद



इचाक (आजाद सिपाही)। मानव विकास ने संचालित कैंपियन बेसिक एकेडमी में डस्टर, डस्टबिन और पेन होल्डर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें कक्षा एक से कक्षा दसवीं की छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने रचनात्मक कुशलता को प्रदर्शित करते हुए बहुत ही सुन्दर और आकर्षक डस्टबीन, डस्टर और पेन होल्डर निर्माण किया गया साथ ही साथ प्लास्टिक फ्री इंडिया, क्लीन इंडिया ग्रीन इंडिया जैसे स्लोगन लिखकर प्लास्टिक मुक्त भारत का सन्देश दिया गया। मौके पर उपस्थित विद्यालय के सचिव बीरबल प्रसाद ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में रचनात्मक कौशल को बढ़ावा मिलता है तथा अपने आसपास की वस्तुओं को रिसाइकल कर पाते हैं। बच्चों का संपूर्ण विकास विद्यालय का उद्देश्य है। वहीं विद्यालय की प्राचार्य सुरभि वर्मा ने कहा कि आर्ट एंड क्राफ्ट से बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा में निखार आती है। निरीक्षक की भुमिका सूर्यांक, गौरव कुमार, मोहन करमाली और अशोक कुमार ने निभायी।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और बाबूलाल मरांडी से मिले केरेडारी के भाजपा नेता



केरेडारी (आजाद सिपाही)। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार के नेतृत्व में शनिवार को केरेडारी के स्थानीय भाजपा नेता राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास व पूर्व मुख्यमंत्री और नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से रांची में मिले इस दौरान केरेडारी के नेताओं ने विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को भारतीय जनता पार्टी झारखण्ड प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई दिया है बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार ने कहा की माननीय बाबूलाल मरांडी जी के कुशल नेतृत्व में भाजपा आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगी और शत प्रतिशत सीटों पर जित हासिल करेगी या दौरान बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार के अलावे बद्रीनारायण सिंह,बैजनाथ तिवारी,अमित प्रसाद गुप्ता व बसंत यादव भी मौजूद थे

## जन्म-मृत्यु निबंधन पर कार्यशाला का आयोजन



इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में जन्म और मृत्यु निबंधन से संबंधित कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख पार्वती देवी, उप प्रमुख सतेंद्र कुमार, बीडीओ रिंकू कुमारी, कुरहा पंचायत समिति सदस्य केदार प्रसाद मेहता, कुरहा मुखिया संगीता देवी, पुराना इचाक मुखिया किरन देवी, प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर दास ,नावाडीह पंचायत समिति प्रतिनिधि अजय राम, सभी पंचायत सचिव, नवनियुक्त पंचायत सचिव और अन्य कर्मी उपस्थित हुए। बैठक में बताया गया कि जन्म मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक चलायी जायेगी। यह भी बताया गया कि कोरोना काल से जितने भी लोगों की मृत्यु हुई है उन लोगों को निबंधन कराना अनिवार्य होगा। इस कार्य को पूरा करने के लिए पंचायत प्रतिनिधि और पदाधिकारी की अहम भूमिका होगी। जन्म दर को भी निबंधन करवाने पर विशेष जोर दिया गया। उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार ने सभी नवनियुक्त पंचायत सचिव को बधाई दिया। बारी बारी से सारे पंचायत सचिव ने अपने परिचय दीया तथा एक दूसरे से अवगत हुए।

## शिक्षकों की लापरवाही से बच्चे की जान जाते बची

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के हफुआ पंचायत अंतर्गत कुरबीज गांव में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शनिवार को विद्यालय प्रबंधन और विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के लापरवाही के कारण एक स्कूली बच्चे की जान जाते-जाते बची। मामले के विषय में मिली जानकारी के अनुसार पूर्व इस स्कूल में अपराहन 3 बजे विद्यालय में छुट्टी की गयी। छुट्टी के बाद सभी कक्षाओं को बंद कर विद्यालय के गेट मैं भी ताला लगाकर सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं अपने-अपने आवाज को चले गए। करीब डेढ़ घंटे के बाद विद्यालय की एक कक्षा से एक बच्चे की रोने चिल्लाने की आवाज ग्रामीणों को सुनाई दी। ग्रामीण इकट्ठा हुए और विद्यालय के पास में ही रहने वाले पारा शिक्षक मुखलाल करमाली के आवास पर जाकर वहां से विद्यालय में लगी ताले की चाबीयों को लाकर विद्यालय और कक्षा खोला गया, और बच्चे को बाहर निकाला गया। बच्चा बहुत डरा और सहमा हुआ था। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर ग्रामीण बच्चे की आवाज नहीं सुनते। कोई भी अनहोनी हो सकती थी, क्योंकि कल रविवार छुट्टी का दिन था। इस संबंध में पंचायत के पूर्व मुखिया बंधन गांझु ने कहा कि यह प्रबंधन समिति और शिक्षकों की घोर लापरवाही का नतीजा है। इस घटना पर विद्यालय के समिति और शिक्षक शिक्षिकाओं पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## विवाहिता की फांसी लगाने से हुई मौत

**चतरा (आजाद सिपाही)।** विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। मृतका के मायके वालों ने उसके ससुराल वालों पर बच्चा नहीं होने के कारण मार डालने का आरोप लगा रहे हैं। यह घटना नगर क्षेत्र के दिबहा मुहल्ला का है। जानकारी के अुनसार प्रीति शर्मा की शादी टुनटुन राणा के साथ तीन वर्ष पूर्व हुई थी। दोनों पति-पत्नि रांची में रहते थे। वे पंद्रह दिन पहले अपने घर आये थे। विवाहिता के पिता रामनाथ मिस्त्री का आरोप है कि उनकी पुत्री को बच्चा नहीं हो रहा था। जिसके कारण पति और ननद के अलावे पूरा परिवार प्रताड़ित करते रहता था। जिसके कारण वह अपने मायके में भी सबको यह बात बताती थी। लेकिन मायके वालों ने अपनी बेटी का समझा-बुझाकर ससुराल भेजते थे। जब उनकी पुत्री के मौत की खबर मिली तो उन्होंने आकर देखा कि घर का दरवाजा खुला है और उसकी बेटी का शव पड़ा है। जबकि मृतका के ससुर राजदेव मिस्त्री का कहना है कि मृतका अपने कमरे में सोयी थी। जब उसका बेटा काम कर अपने घर लौटा तो देखा की उसकी पत्नि पंखा में लटककर फांसी लगा ली है। उसने इसकी जानकारी सदर पुलिस को दिया। सूचना पाकर सदर थाना की पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया, तथा मृतका के पति टुनटुन राणा को पुछताछ के लिए थाना ले गयी है। पुलिस पदाधिकारियों का कहना है कि यह घटना हत्या का है या आत्महत्या का। यह जांच के बाद ही पता चल पायेगा।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता का एकदिवसीय दौरा



**चतरा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय विधायक सह श्रम नियोजन कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने एक दिवसीय दौरे के क्रम में प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बभने पंचायत के गुरिया गांव पहुंचे। जहां मंत्री ने बाबा नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार प्रतिष्ठा यज्ञ के कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मौके पर मंत्री ने श्रद्धालुओं को अंगवस्त्र और कलश देकर इस शोभा यात्रा का शुभारंभ किया तथा सभी श्रद्धालुओं को इसकी शुभकामनायें दी। इसके बाद मंत्री ने भरही पंचायत के मरक्का गांव पहुंचकर मृतक श्रमिक कुलेश्वर यादव के परिजनों से मुलाकात कर हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया तथा अपने स्तर से आर्थिक मदद भी किया। ज्ञात हो कि कुलेश्वर यादव का हरियाणा में एक बस की चपेट में आने से मौत हो गयी थी। इस मौके पर राजद के जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, तथा प्रखंड अध्यक्ष सूर्यदेव यादव, राजद के प्रखंड अध्यक्ष खेदू यादव, मंत्री प्रतिनिधि भोला प्रसाद गुप्ता तथा लवली देवी, युवा राजद के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप यादव, जितेन्द्र सार्थक, सन्मुख यादव, गणेश साहु, दूर्गा ठाकुर, संजय साह, संतोष दास, विषाल यदुवंशी समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामगढ़ बोकारो एनएच 23 मार्ग के कैथा के पास शुक्रवार की रात करीब 11.30 बजे एक अज्ञात वाहन ने वृद्ध को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। इधर, घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी। समाचार लिखे जाने तक मृतक वृद्ध की पहचान नही हो पायी है।

## प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष ने की बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधान सभा प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के चतरा आगमन पर परिसदन में उपायुक्त अबु इमरान ने पौधा भेंटकर स्वागत किया। साथ ही श्रम नियोजन और कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता को भी पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। चतरा परिसदन के सभागार में विधानसभा प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष निरल पूर्ती और सदस्य राज सिन्हा तथा दशरथ गगरैई ने जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ पिछले तीन वर्षों से संचालित योजनाओं के प्राक्कलन और व्यय की समीक्षा के लिए बैठक किया। इस दौरान ग्रामीण विकास विभाग, पेयजल और स्वच्छता विभाग, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, भवन प्रमंडल, सिंचाई विभाग, एनआरइपी, जिला परिषद, भूमि संरक्षण सहित अन्य सभी विभागों में विगत तीन वर्षो से संचालित योजनाओं से संबंधित प्राक्कलन और व्यय की समीक्षा किया। इस दौरान बैठक में पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों के आलोक में पिछले तीन वर्षो में संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में योजनाओं के शिलान्यास या उद्घाटन करने का भी निर्देश दिया। अध्यक्ष और समिति के सदस्यों द्वारा जिले में किये जा रहे सडक, भवन समेत अन्य विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण करेगें। तथा प्राक्कलन के अनुरूप कार्य की गुणवत्ता की जांच की जायेगी। इस मौके पर उपायुक्त के अलावे डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीणा, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, नगर पर्षद के कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा, पेजयल और स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अवीक अंबाला, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक व अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## महिला ने दिया तीन बच्चों को जन्म

**चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के मेराग गांव निवासी बिरजु यादव की पत्नि सरीता देवी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में तीन बच्चे को जन्म दिया है। जिसमें दो लड़का तथा एक लड़की है। प्रसव के बाद तीनों बच्चे स्वस्थ्य है। मां और तीनों नवजात शिशुओं का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां तीनों बच्चों को गहन चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल के एसएनसीयू में रखा गया है। बच्चों के इलाज कर रहे डॉ पंकज कुमार ने बताया कि तीनों बच्चे स्वस्थ्य और सुरक्षित हैं लेकिन तीनों का औसत वजन कम है।

## मारवाड़ी युवा मंच ने पंजाब रेजिमेंट सेंटर में लगाये पौधे

# पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधरोपण जरूरी: संजय खंडपाल







**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच की रामगढ़ कैंट शाखा और चेतना शाखा ने पंजाब रेजिमेंट सेंटर के सहयोग से पौधरोपण किया। इस दौरान पीआरसी प्रशिक्षण मैदान, जेमरा स्कूल, फायरिंग रेंज तथा अन्य जगहों पर 820 पौधरोपण किया गया। इस दौरान आंवला, कटहल, शरीफा, शीशम, महोगनी, पीपल, चंदन, सागवान, आम और लीची जैसी विभिन्न पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और प्रकृति की सुरक्षा के महत्व पर जोर देना था। पीआरसी प्रशिक्षण मैदान में पौधरोपण अभियान में युवा सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने पर्यावरण के संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। पेड़ लगाने के व्यापक अभियान ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिभागियों के समर्पण को रेखांकित किया।

**मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों की सराहनीय पहलः ब्रिगेडियर**

कार्यक्रम के बाद पीआरसी के ब्रिगेडियर संजय खंडपाल ने वृक्ष रोपण और अन्य कार्य जिसे समाज में विकास हो। जिसके लिए मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों की सरहाना करते हुए उनका धन्यवाद किया। कहा कि जागरूक नागरिक के तरह ऐसे कार्यक्रम करने के सोच रखते हैं और उन्हें पूरा करते हैं।

**कौन कौन थे उपस्थित**

मौके पर पीआरसी के डिप्टी गरीवेल, एडजुटेंट सोनवणे, मेजर रावत, सीओ ज्ञान प्रकाश, एसएम बिक्रमजीत सिंह, निलिंद अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, धीरज बंसल, अमन बोंदिआं, श्रृंजय मेवाड़, संतोष गोकुलका, लोकेश बगड़िया, राकेश अग्रवाल, रचित अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, रीना मोदी, मिली अग्रवाल, निधि बजाज, सिद्धि चौधरी, सिद्धि जैन, अनु खंडेलवाल, मनीषा अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, लवली अग्रवाल, शमा जैन, नेहा जैन, सांची गोयल, दिव्या बेरिलिआ सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## लखपति किसान पहल योजना को लेकर डीडीसी ने की बैठक

# सफल संचालन के लिए आपस में समंवय बनाकर करें कार्य: डीडीसी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में शनिवार को डीडीसी रॉबिन टोप्पो की अध्यक्षता में महिला लखपति किसान पहल योजना को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में सर्वप्रथम पीपीआइए फेलो श्वेता वर्मा और भावेश कुमार ने डीडीसी सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी कि ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार द्वारा ट्रांसफार्म रूरल इंडिया संस्था के सहयोग से महिला किसानों कि आये प्रति वर्ष औसतन एक लाख रुपए या उससे अधिक रखने के उद्देश्य से महिला लखपति किसान पहल योजना संचालित है। इस दौरान उन्होंने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित सभी को योजना के तहत कंवर्जेंस के माध्यम से कृषि, पशुपालन, लघु उद्योग, सहायता समूहों सहित अन्य क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं को नई तकनीक और एक समय में सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़कर किस प्रकार से वे अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकती हैं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में डीडीसी ने कहा कि महिला लखपति किसान पहल योजना के सफल संचालन के लिए सभी संबंधित विभागों को आपस में समंवय बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए डीडीसी ने जेएसएलपीएस को नोडल एजेंसी की तरह कार्य कर अन्य विभागों के साथ समंवय करने व लाभुकों का चयन कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने लाभुकों के चयन के लिए प्रखंड स्तर पर नियमित रूप से बीएलसीसी की बैठक आयोजित करने पर चयन के उपरांत लाभुकों की सूची जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। टोप्पो ने लाभुकों के चयन के दौरान डुप्लीकेसी पर विशेष ध्यान रखने और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों कि बेहतर ब्रांडिंग कर उन्हें आम जनों तक पहुंचाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया।

**जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने दी जानकारी:** बैठक के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं अन्य को महिला लखपति किसान पहल योजना को सफल बनाने व पशुपालन के क्षेत्र में अपनाए जाने वाले विभिन्न तकनीकों के संबंध में सभी को जानकारी दी। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, एसएमपीओ, पीपीआइए फेलो सहित अन्य उपस्थित थे।

# सनराइज ऐकेडमी में मना कोचिंग का सातवां स्थापना दिवस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** पटेलनगर भुरकुंडा स्तिथ एस्पायर कोचिंग सेंटर में अवस्थित सनराइज ऐकेडमी में शनिवार को धूमधाम से समारोह पूर्वक कोचिंग का सातवां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कंप्यूटर शिक्षिका नेहा कुमारी उर्फ जूली, शिक्षक रजनीश प्रसाद और कमलेश मेहता ने संयुक्त रूप से केक काटकर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के बीच केक और मिठाई का वितरण किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने आकर्षक गीत और नृत्य के माध्यम से उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम की खूब सराहना की गयी। मौके पर शिक्षिका नेहा कुमारी उर्फ जूली ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार होता है। वहीं शिक्षक रजनीश प्रसाद ने कोचिंग के 7 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान के इस डिजिटल युग में बच्चों को कंप्यूटर की बेहतर शिक्षा देना ही संस्था का उद्देश्य है। मौके पर नेहा कुमारी उर्फ जुली, अंजलि लहेरी, नेहा नायक, नूरजहां खातून, समीना खातून, सीमा परवीन, सिमरन, संध्या, रूपा, सरबजीत कौर, रानी, इतिषा, काजल, निधि, संध्या, कोमल, मोनिका, मुनमुन, साक्षी, तब्बसुम, निशा, सीमा, स्वीटी, अनामिका, काजल, मुस्कान, संतन शर्मा, राजू सिंह, शिव कुमार सिंह, प्रमोद पासवान, निलेश सिंह, राहुल प्रसाद, निरंजन, नितेश, पप्पू कुमार आदि मौजूद थें। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजीत पासवान, पीयूष विश्वास, करण कुमार, दीपक, अंकित, छोटेलाल, शहनवाज, पवन मिश्रा, करण, देवाशीष चौहान, अंकित, सचिन, सिकंदर, चांद, महफूज, शहजादा आदि का विशेष योगदान रहा।

## झारखंड छावनी कर्मचारी संघ ने निकाला मार्च, सौंपा ज्ञापन

# छावनी परिषद के कर्मचारियों को न्याय मिलना चाहिए: अनमोल सिंह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ छावनी परिषद का विलय राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में किया जा रहा है। परिषद के कर्मचारियों द्वारा विलय का विरोध नहीं किया जा रहा है। परंतु कुछ छावनी परिषद का विलय के सेवा शर्तों के अनुसार रामगढ़ छावनी के नियमित और संविदा कर्मचारियों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसे लेकर शनिवार को झारखंड छावनी कर्मचारी संघ के महासचिव अनमोल सिंह के नेतृत्व में मार्च निकाला गया। मार्च छावनी फुटबॉल मैदान से आरंभ हो सुभाष चौक होते हुए छावनी परिषद कार्यालय पहुंची। यहां छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी को प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर अनमोल सिंह ने कहा कि छावनी परिषद के कर्मचारियों को न्याय मिलना चाहिए।

**इन मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापनः** सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि यह सुनिश्चित किया जाये कि छावनी परिषद के कर्मचारियों की सेवा वरीयता क्रम आवश्यक रूप से बनी रहे, राज्य सरकार में देय वेतन और भत्ते रामगढ़ छावनी बोर्ड के कर्मचारियों पर भी लागू होना सुनिश्चित किया जाए, कई छावनी बोर्ड कर्मचारियों का विलय किया जा रहा है उन्हें, उसी पद और वेतनमान पर रखा गया है। लेकिन उस कैडर की निचली पंक्ति में रखा गया है, जहां वे समाहित हुए थे और उन्हें 2 साल की परिवीक्षण अवधि के तहत भी रखा गया है। शर्तों के अनुसार उसके बाद उनकी सेवा संपुष्टि की जायेगी, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पैरा-3 के समान सेवा शर्तो के अनुसार रामगढ़ छावनी बोर्ड के कर्मचारियों को झारखंड राज्य सरकार में समाहित नहीं किया जा सके, वेतन और भत्ते, पेंशन, ग्रेच्युटी, अर्जित अवकाश, अर्जित अवकाश वेतन, सामान्य भविष्य निधि, पदोन्नति और एसीपी/एमएसीपी आदि का समय पर भुगतान किया जाये, पेंशन और अन्य सेवानिवृति लाभों के निर्धारण के लिए छावनी बोर्ड के कर्मचारियों की सेवा अवधि की गणना कर्मचारियों के नियुक्ति की तिथि से की जानी चाहिए, छावनी बोर्ड के कर्मचारियों की एसीपी/एमएसीपी जो मध्य कमान लखनऊ और रामगढ़ छावनी परिषद कार्यालय में लंबित है उसे शीघ्र अंतिम रूप से निष्पादन किया जाए सहित 15 मांग शामिल है।

**मार्च में ये थे शामिल**

मार्च में लखेंद्र पासवान, शंकर राम, नितिन कुमार, राजू यादव, फहीम हक, उर्मिला कुमारी, शिला बाला, भावेश्वर महतो, लालबाबू राम, नवरंजन राम, प्रेम नायक, अनिल पासवान, पूरन राम, रोहित कुमार, भोला राम, प्रमोद कुमार सिंह, लोकनाथ कुमार, वीरेंद्र करमाली, रंजीत नायक, बादल साव, बीरबल करमाली सहित कई कर्मचारी शामिल थे।

## भाजपाइयों ने भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी से की मुलाकात, दी बधाई



**कुजू (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को झारखंड भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त के बाद माण्डू प्रखंड के भाजपाइयों ने रांची स्थित उनके आवास पर औपचारिक मुलाकात की। औपचारिक मुलाकात के दौरान भाजपा ओबीसी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह मांडू प्रखंड सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, भाजपा रामगढ़ नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी, युवा नेता संजय साव, छोटन प्रजापति ने बुके देकर बधाई दी। इस दौरान भाजपाइयों ने कांके विधायक समरीलाल से भी शिष्टाचार मुलाकात किया। मौजूद नेताद्वय ने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी बधाई देते हुए आभार प्रकट किया। कहा कि झारखंड प्रदेश के पुराने नेताओं में से एक बाबूलाल मरांडी को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। यह खुशी की बात है। इनके नेतृत्व मे झारखंड में आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा सभी सीटों पर सुनिश्चित जीत हासिल करेगी। भाजपाइयों ने विश्वास जताते हुए कहा कि पहली बार प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारियां मिलने के बाद प्रदेश में भाजपा और भी सशक्त और मजबूत होगा। लंबे समय से संगठनात्मक एवं प्रशासनिक अनुभव का फायदा हम सभी कार्यकर्ताओं को मिलेगा और आने वाले 2024 में झारखंड में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी।

## राजेश बेदिया ने मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण की



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** गरसुला निवासी समाजसेवी राजेश बेदिया ने शनिवार को उरीमारी में जनता मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण की। बेदिया ने संघ के कार्यों से प्रभावित होकर जनता मजदूर संघ से जुड़ने का मन बनाया। वहीं सादे कार्यक्रम आयोजित कर संघ के नेताओं ने फूल माला पहनाकर संघ की सदस्यता दिलाई। जनता मजदूर संघ के वरिष्ठ नेता सह वेलफेयर बोर्ड मेंबर सुखदेव प्रसाद ने बेदिया को सदस्यता दिलाने के साथ-साथ बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रसाद ने कहा कि मजदूर हित में निरंतर संघ काम करता है और इसी को आगे बढ़ाने में राजेश बेदिया अपना सहयोग देंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक शर्मा, चमन मुंडा, दशरथ कुर्मी, रवि गिरी, शिवचरण करमाली, झन्नाराम, विजय राम, रामानंद, बल्ले मुंडा, सहित कई लोग मौजूद थे।

## सौर ऊर्जा से विद्यालय में बिजली की आपूर्ति होगी: मुखिया बसंती



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** चितरपुर प्रखंड अंतर्गत एनएच 23 के किनारे अवस्थित राजकीय बुनियादी उच्च विद्यालय मुरुबंदा में सौर ऊर्जा से संचालित बिजली की उपलब्धता 24 घंटे की गारंटी हेतु बोरोबिंग पंचायत की यशस्वी मुखिया बसंती देवी के कर कमलों के द्वारा विधिवत उद्घाटन कर किया गया साथ ही सातवीं और आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच नई पुस्तकों का वितरण किया गया इस समारोह को संबोधित करते हुए मुखिया ने कहा कि हमारे पंचायत में आदर्श विद्यालय के रूप में इस विद्यालय का चयन करते हुए बिजली पानी और बेहतर गुणात्मक शिक्षा सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य रूप से प्राप्त हो इसी परिकल्पना के साथ झारखंड की लोकप्रिय हेमंत सोरेन जी की सरकार ने सभी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास और कंप्यूटर युक्त आइटी लाइव की व्यवस्था की है जिससे छात्र छात्राओं को देश और दुनिया की खबरों और जानकारियों से अपने आप को रूबरू कर अपने आप को अभी से कंपटीशन की तैयारी कर सकेंगे अब हमारे बच्चे हर क्षेत्र में अपनी भूमिका बेहतर तरीके से विकसित कर सकेंगे। मुखिया प्रतिनिधि सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो ने कहा कि हमारे बच्चों के बेहतर भविष्य हेतु सरकार के द्वारा संचालित सभी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो और हमारे आने वाले भविष्य को किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं हो इसके लिए हम प्रयासरत रहेंगे चाहे वह खेल के क्षेत्र में हो या पढ़ाई के क्षेत्र में इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हम निरंतर प्रयासरत रहेंगे इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव, सहायक शिक्षक सुनील कुमार, फरहा नाज, रचना कुमारी, गुलनाज फातमा जेबा, रिसोर्स शिक्षक पॉवेल कुमार, प्रवीण विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरिदास महतो, पूर्व अध्यक्ष अमर करमाली की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## किसानों को 50 प्रतिशत सब्सिडी पर मिल रहा है धान-बीज



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पैक्स द्वारा किसानों को शनिवार को 50 प्रतिशत सब्सिडी पर धान के बीज का वितरण किया गया। इससे पतरातू प्रखंड के किसानों में हर्ष का माहौल है। उक्त जानकारी देते हुए बिरसा चैक भुरकुंडा निवासी सह भुरकुंडा पैक्स की अध्यक्ष गीता देवी ने बताया कि पैक्स द्वारा अंनत डीआरआरएच और अदवंता किस्म की धान बीज का वितरण किया गया है। जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आगे भी किसानों की सुविधा हेतु पैक्स हर सार्थक कदम उठाती रहेगी। इधर सरकारी दर पर धान के बीज प्राप्त होने से पतरातू प्रखंड के किसानों में खुशी का माहौल है। धान-बीज लेने वालों में महेश मुंडा, बिरसा मांझी, सूरज मांझी, मनसा बेदिया, सिकंदर मुर्मू, प्रेमचंद मुंडा, जगदीश बेदिया, राजेंद्र मुंडा, दिनेश राम सहित दर्जनों किसान शामिल हैं।

## पावन क्रूस विद्यालय में मंत्रिमंडल का गठन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर स्थित पावन क्रूस विद्यालय में शनिवार को मंत्री मंडल का गठन किया गया। इस दौरान विभिन्न मंत्रालयों जैसे अनुशासन, चित्रांकन, खेल, प्रार्थना, सांस्कृतिक, सफाई, स्वास्थ्य विभाग का चयन कर शपथ ग्रहण कराया गया। इसमें अनामिका कुमारी को कैप्टन और प्रियदर्शी कुमारी को वाइस कैप्टन चुना गया। मौके पर विद्यालय की सचिव सिस्टर अग्नेस बेक और प्रधानाध्यापिका सिस्टर सुमंती ने कहा कि विद्यालय को सुचारू रूप से संचालन के उद्देश्य से मंत्री मंडल का गठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रजनी सिन्हा और आशा मिंज ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर विद्यालय की सचिव सिस्टर अग्नेस बेक, प्रधानाध्यापिका सिस्टर सुमंती, रजनी डुंगडुंग, खेल प्रशिक्षक मो. कमरुद्दीन, खुशबू, दीपा, सुधीर प्रसाद, रेणु पॉल, निर्मला, संगीता, कंचन, आशा, संगीता, रजनी, मनीष, अनिमा, सिस्टर सरोज, आनंद, सेलिन, बासिल, अलमा, प्रियाशी, अमन, क्रिस्टीना आदि ने पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 09 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


# खेल राजनीति का

राजनीति को अगर संभावनाओं का खेल कहते हैं, तो इसी में यह बात निहित है कि यहां आशंकाओं का भी उतना ही जोर चलता है। इसका एक बेहतरीन उदाहरण पिछले दिनों मुंबई की घटनाओं में दिखा। जितने अप्रत्याशित रूप में अजित पवार और एनसीपी के आठ दिग्गज महाराष्ट्र में सरकार का हिस्सा बन गये, वह अगर उतना अप्रत्याशित नहीं लगा, तो इसीलिए कि एक साल पहले भी मिलता-जुलता घटनाक्रम हम देख चुके थे। यही नहीं, खुद अजित पवार भी चार साल पहले ऐसा ही एक अप्रत्याशित खेल दिखा चुके थे। संभावनाओं वाली बात इन सबमें शामिल थी। चार साल पहले शिवसेना, कांग्रेस और एनसीपी की सरकार बनने से पहले ही अगर अजित पवार ने बीजेपी के देवेंद्र फडणवीस के साथ शपथ लेने का विकल्प चुना था, तो उसमें उन्हें संभावनाओं के द्वार खुलते दिख रहे थे, जिसकी शुरुआत उप-मुख्यमंत्री पद से हुई थी। दिलचस्प है कि जब उस दरवाजे को बंद करते हुए वह वापस शरद पवार के पाले में लौटे, तब भी उनका उप-मुख्यमंत्री पद बना ही रहा। यानी खेल संभावनाओं वाला ही चला। आशंकाओं की ज्यादा भूमिका दूसरे और तीसरे दौर में दिखी। जब शिवसेना की चलती हुई सरकार को छोड़ कर समर्थक विधायकों के साथ एकनाथ शिंदे ने बीजेपी से हाथ मिलाया, तब किसी को अंदाजा नहीं था कि इनाम के रूप में उन्हें मुख्यमंत्री पद मिल जायेगा। मगर अंदाजा यह भी नहीं था कि इस पूरे खेल को अंजाम देने में अहम भूमिका निभाने वाले देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री के रूप में एक पूरा कार्यकाल गुजारने के बाद शिंदे मंत्रिमंडल में बतौर उप-मुख्यमंत्री शामिल होना पड़ेगा। यहां हम आशंकाओं का जो फलित देखते हैं, वही तीसरे दौर में इस रूप में सामने आया कि इसकी सफल परिणति के बाद शिंदे तो पहले की ही तरह मुख्यमंत्री बने रहे, लेकिन फडणवीस दो में से एक उप-मुख्यमंत्री बन गये। यह आशंका बनी ही हुई है कि विभागों का बंटवारा होने पर उन्हें अपना कोई अहम मंत्रालय न छोड़ना पड़े। एकनाथ शिंदे और अजित पवार दोनों का मूल पार्टी और नेतृत्व से झगड़ा बरकरार है, जिसमें मूल नेतृत्व यह साबित करने में लगा है कि खलिहान पर चाहे जो भी काबिज हुआ हो, खेत हमारा है यानी विधायक भले चले गये हों, वोटर साथ हैं। फैसला आखिरी तौर पर चुनावों के ही जरिए होगा, लेकिन आशंकाएं तो साथ बनी ही हुई हैं। आशंकाओं का एक और स्रोत इस बात में भी है कि एनसीपी नेताओं के आ जाने के बाद शिंदे ग्रुप के कितने विधायकों को सत्ता में हिस्सेदारी मिल पायेगी और जिन्हें नहीं मिलेगी, उनके असंतोष का खामियाजा किसे किस रूप में भुगतना पड़ेगा। मगर जीवन की तरह राजनीति में भी राह आशंकाओं का अंधेरा नहीं खोलता, संभावनाओं और उम्मीदों की रोशनी ही यह काम करती है। और देखें तो हर आशंका के साथ उम्मीद की किरण भी टिमटिमाती दिख ही जाती है।

**एकनाथ शिंदे और अजित पवार दोनों का मूल पार्टी और नेतृत्व से झगड़ा बरकरार है, जिसमें मूल नेतृत्व यह साबित करने में लगा है कि खलिहान पर चाहे जो भी काबिज हुआ हो, खेत हमारा है यानी विधायक भले चले गये हों, वोटर साथ हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**साइंस अलर्ट के अनुसार स्टिबेल ने 50,000 साल की अवधि के जलवायु रिकार्ड और मानव अवशेषों का विश्लेषण किया। इसमें बताया गया कि पर्यावरणीय तनाव होने पर मनुष्य कैसे प्रतिक्रिया करते हैं। एक पेपर में प्रकाशित निष्कर्ष मानव मस्तिष्क के आकार और उसके बिहेवियर पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को रेखांकित करता है। स्टिबेल ने 298 इंसानों के दिमाग की स्टडी की। ये पुराने इंसानों के जीवाश्म दिमाग थे।**

# जलवायु परिवर्तन से छोटा हो रहा मनुष्य का दिमाग

निरंकार सिंह



मौसम के बदलते तेवर से प्राकृतिक आपदाओं में वृद्धि, पर्यावरणीय गिरावट और जैव विविधता की हानि कृषि को तो तबाह कर ही रही है, अब यह इंसानों को भी प्रभावित कर रही है। इसका सीधा असर मानव मस्तिष्क पर पड़ रहा है। इस तरह का प्राकृतिक परिवर्तन खतरनाक बीमारियों को जन्म दे सकता है। इससे सभी लोग प्रभावित हो रहे हैं। एक नये अध्ययन से पता चला है कि जलवायु परिवर्तन से मनुष्य का दिमाग सिकुड़ता जा रहा है। कैलिफोर्निया के नैचुरल हिस्ट्री म्यूजियम के साइंटिस्ट जैफ मर्गन स्टिबेल ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन और मानव मस्तिष्क के आकार में गिरावट के बीच एक आश्चर्यजनक संबंध का पता चला है।

साइंस अलर्ट के अनुसार स्टिबेल ने 50,000 साल की अवधि के जलवायु रिकार्ड और मानव अवशेषों का विश्लेषण किया। इसमें बताया गया कि पर्यावरणीय तनाव होने पर मनुष्य कैसे प्रतिक्रिया करते हैं। एक पेपर में प्रकाशित निष्कर्ष मानव मस्तिष्क के आकार और उसके बिहेवियर पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को रेखांकित करता है।

स्टिबेल ने 298 इंसानों के दिमाग की स्टडी की। ये पुराने इंसानों के जीवाश्म दिमाग थे। उन्होंने अपनी स्टडी में ग्लोबल तापमान, आर्द्रता और वर्षा के प्राकृतिक रिकार्ड को भी शामिल किया।

**जेफ मर्गन स्टिबेल ने 10 प्रकाशित स्रोतों से खोपड़ी के आकार के बारे में जानकारी इकट्ठा की।**

इस अध्ययन से यह नतीजा निकला कि ठंडी जलवायु की तुलना में गर्म जलवायु की अवधि के दौरान मस्तिष्क के औसत आकार में उल्लेखनीय कमी देखी गयी। मस्तिष्क के आकार के सिकुड़ने पर की गयी उनकी पहली रिसर्चों ने इस नयी स्टडी के लिए स्टिबेल को प्रेरित किया। एक इंटरव्यू में स्टिबेल ने समय के साथ मानव मस्तिष्क में होने वाले बदलावों को समझने की आवश्यकता पर काफी जोर दिया। उन्होंने इस विषय पर रिसर्च की कमी पर निराशा जतायी। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि पिछले कुछ लाखों वर्षों में सभी प्रजातियों में मस्तिष्क का विकास हुआ है, लेकिन हम अन्य मैक्रोइवल्यूशनरी ट्रैंड के बारे में ज्यादा नहीं जानते हैं।

जेफ मर्गन स्टिबेल ने 10 प्रकाशित स्रोतों से खोपड़ी के आकार के बारे में जानकारी इकट्ठा की। इसके परिणामस्वरूप 50,000 सालों तक की 298 मानव हड्डियों से 373 माप लिए गये। मस्तिष्क के आकार का सटीक अनुमान लगाने के लिए, उन्होंने शरीर के आकार के अनुमानों को शामिल किया। इसी के साथ उन्होंने भौगोलिक क्षेत्र और जैंडर की भी जांच की। रिसर्च में कम त्रुटि हो, इसके लिए उन्होंने जीवाश्मों को उनकी उम्र के आधार पर अलग-अलग चार समूहों में वर्गीकृत किया।

इसके अतिरिक्त उन्होंने मस्तिष्क के आकार की तुलना चार जलवायु रिकार्डों से की। इसमें यूरोपियन प्रोजेक्ट फार आइस कोरिंग इन अंटार्कटिका (इपीआइसीए) डोम सी का डाटा भी शामिल था, जो 800,000 वर्षों से अधिक का सटीक तापमान माप उपलब्ध कराता है। पिछले 50,000 वर्षों में, धरती ने विभिन्न जलवायु उतार-चढ़ाव का अनुभव किया है, जिसमें लास्ट ग्लेशियल मैक्सिमम भी शामिल है। यह एक ऐसी अवधि है, जिसमें तापमान काफी अधिक समय तक ठंडा रहता है। ये सिर्फ आखिरी प्लीस्टोसीन तक था। इसके बाद, होलोसीन काल में औसत तापमान में वृद्धि देखी गयी, जो आज तक जारी है।

हमारी धरती पर लगभग हर बच्चा पहले से ही जलवायु परिवर्तन से प्रभावित है। प्राकृतिक आपदाएं, पर्यावरणीय गिरावट और जैव विविधता की हानि कृषि को तबाह कर सकती है, जिससे बच्चे पौष्टिक भोजन और सुरक्षित पानी से दूर हो सकते हैं। वे खतरनाक वातावरण और बीमारी के प्रकोप को जन्म दे सकते हैं, और बच्चों को जीवित रहने और पनपने के लिए आवश्यक सुरक्षित आश्रय, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा प्रणाली को नष्ट कर सकते हैं।

चूंकि जलवायु संकट से निपटने के लिए मानवीय कार्रवाई कम पड़ रही है, इसका खामियाजा बच्चों और युवाओं को भुगतना पड़ रहा है।

जलवायु संकट बाल अधिकार का भी संकट है। यह बच्चों के स्वास्थ्य और खुश रहने की उनकी क्षमता को छीन लेता है और अंततः बीमारी, रोग और यहां तक कि मृत्यु का कारण बन सकता है। एक रहने योग्य ग्रह को बनाये रखने के प्रयासों में न केवल युवा लोगों की विशिष्ट आवश्यकताओं और कमजोरियों को ध्यान में रखा जाना चाहिए, उन्हें समाधानों में इन्हें भी शामिल करना चाहिए। बच्चों और युवाओं के पास सुरक्षित, अधिक टिकाऊ समाज के लिए महत्वपूर्ण कौशल, अनुभव और विचार हैं। वे केवल हमारी निष्क्रियता के उत्तराधिकारी नहीं हैं-वे आज इसके परिणाम भुगत रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन के असर के मामले में साल 2022 अभूतपूर्व रहा। इसमें कई ऐसी घटनाएं हुईं, जिन्होंने नये रिकार्ड बनाये, जो इतिहास में कभी नहीं बने थे। दुनिया में सूखे, बाढ़, तूफान, जंगलों में आग, ग्रीष्म लहर और बर्फीले तूफानों के ऐसे प्रकोप देखने को मिले, जो इससे पहले कभी नहीं देखे गये थे। इनसे एशिया, यूरोप, अमेरिका, आदि सभी महाद्वीप अलग-अलग तरह से प्रभावित हुए। इस साल जलवायु परिवर्तन के कई अभूतपूर्व दुष्प्रभाव देखने को मिले हैं और जैसा कि जलवायु वैज्ञानिक अनुमान लगा रहे थे, इस बार उम्मीद से कहीं ज्यादा कहर ढाने वाले प्रकोप देखने को मिले हैं। इस साल दुनिया में चरम सूखे, प्रलयंकारी बाढ़, और ज्यादा घातक जंगलों की आग, चरम तबाही मचाने वाले तूफान देखने को मिले हैं। दुनिया भर के वैज्ञानिकों ने सरकारों से निवेदन किया था कि अगर नैट जीरो के लक्ष्यों के लिए गंभीरता से प्रयास नहीं किये गये, तो अगले साल भी जलवायु के कारण होने वाले इस तरह की चरम घटनाएं और खतरनाक, तीव्र और प्रचंड होने की उम्मीद से इनकार नहीं किया जा सकता है।

उस साल सबसे अनोखी जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव की अगर कोई घटना हुई थी, तो वह पाकिस्तान में आयी प्रलयंकारी बाढ़ थी। सिंध प्रांत सहित देश का बड़ा हिस्सा इस अनापेक्षित बाढ़ की चपेट में आ गया था, जिसकी किसी को जरा भी उम्मीद नहीं थी। पाकिस्तान में मानसून के प्रभाव से यह बाढ़ आयी थी, क्योंकि यह इलाका कभी भी बाढ़ की चपेट में नहीं आता है। इसमें 1200 से ज्यादा लोग मारे गये थे और 3000 से ज्यादा लोग घायल हो गये थे। देश का एक तिहाई हिस्सा पानी में डूब गया था। इसी साल अमेरिका में चौथी श्रेणी का हरिकेन आया था, जिससे क्यूबा और अमेरिका में भारी नुकसान देखने को मिला। इसकी वजह से 50 हजार लोगों को अपने घरों को छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। यह हरिकेन मैक्सिको की खाड़ी तक पहुंचने के बाद और ज्यादा तेज हो गया और इसकी हवा की गति 200 किलोमीटर प्रतिघंटा हो गयी थी। इसके बाद तूफान ने अमेरिका के फ्लोरिडा को प्रभावित किया। इसमें 50 हजार लोग प्रभावित हुए।

## जमशेदपुर की खबरें

## एसडीपीओ ने गम्हरिया थाना का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गम्हरिया।** सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया थाना का एसडीपीओ हरविंदर सिंह ने वार्षिक निरीक्षण किया। शनिवार को निरीक्षण के दौरान सभी पंजियों का अध्ययन कर संतुष्टि जाहिर की। मौके पर उन्होंने कहा सभी काम ठीकठाक है कुछ कमियां था , जिसे जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। वही थाना निरीक्षण के दौरान एएसआई से एसआई में प्रोन्नत हुए अनिल यादव को एसडीपीओ हरविंदर सिंह व थाना प्रभारी सुषमा कुमारी के द्वारा बैच लगाकर सम्मानित किया गया। मौके पर एसडीपीओ और थाना प्रभारी ने उन्हें उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर मौजुत सभी पुलिस कर्मियो ने अपने सहयोगी पुलिस पदाधिकारी का स्वागत किया। अनिल यादव 1985 बेच के बिहार पुलिस में बहाल हुए थे। झारखंड कैडर में आने के बाद 2012 में एएसआई बने। अब 2023 में सब इंस्पेक्टर रैंक में प्रोन्नत हुए। इस अवसर पर एसडीपीओ ने सभी पुलिस पदाधिकारी को एकजुट होकर निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करने की नसीहत दी।

## कक्षा 9 में दाखिला के लिए शक्षक, विधार्थी और अभिभावकों के साथ बैठक का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** गोलमुरी उत्कल समाज उच्च विद्यालय परिसर में कक्षा 9 में दाखिला लिए छात्र और उनके अभिभावकों का एक बैठक आयोजित किया गया। शनिवार को बैठक के दौरान स्कूल के नये विद्यार्थि, अभिभावक, अध्यापक, अध्यापिका, समाज के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य शामिल रहे। मौके पर औपचारिक बैठक के माध्यम से विद्यार्थियों को शिष्टाचार, अनुशासन, स्वच्छता और विद्यालय की नियमावली के अनुरूप चर्चा की गयी। इस दौरान स्कूल में विद्यार्थी किस प्रकार अपनी कर्तव्य का पालन करेंगे। इस विषय पर परिचर्चा के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक के दौरान कक्षा 9 के लगभग 100 विद्यार्थी और उनके अभिभावक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शिक्षक और अभिभावकों के सामने बच्चों ने किसी भी परिस्थिति में अनुशासन बनाए रखने की प्रतिज्ञा ली।

## मेरे रहते माताओं, बहनों और बुजुर्गों को पेंशन के लिए चक्कर लगाने की जरूरत नहीं : बन्ना गुप्ता

आजाद सिपही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले 374 वृद्धा और विधवा जरूरतमंद लोगों के बीच प्रमाण पत्र समारोह का आयोजन किया गया। शनिवार को कदमा स्थित कार्यालय में क्षेत्र के विधायक सह राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने वृद्धा और विधवा लोगों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कर बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा किसी भी माँ,बहन,बुजुर्ग को विधवा, वृद्धा पेंशन चालू करवाने के लिए सरकारी कार्यालय में जाकर चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। उनका बेटा बन्ना गुप्ता अभी मौजूद है। उन्होंने कहा सभी कार्यकताओं को निर्देश दिया गया क्षेत्र में घूम घूम कर ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करे जिन्हें इसका लाभ पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर संजय तिवारी,मनोज झा,संजीव झा, बबुआ झा,राकेश जयसवाल, सुमित झा, बबन शुक्ला, इरशाद हैदर, जितेंद्र सिंह,कैलाश रजक, राजकुमार दास ,देवाशीष डे उर्फ छोटू ,रवि दुबे, राजेश गोराई, जयप्रकाश साहू, बच्चु, धनु महतो, माजिद अख्तर, राजेश रजक, राजू दास,अर डी राय,सुमित ठाकुर, सुमित सोनकर, बाबू,जाफर, विकी सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे।



## नगर निगम का शौचालय बंद होने से खुले में शौच करने पर मजबूर हैं लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 20 में विगत कई दिनों से शौचालय में ताला बंद पड़ा है। शौचालय बंद होने से आसपास के लोग खुले में शौच करने पर मजबूर हैं। बताया जा रहा है आदित्यपुर बाजार में नगर निगम के द्वारा शौचालय बनाया गया था, जिसकी देखरेख आदित्यपुर नगर निगम के द्वारा की जाती है। लेकिन नगर निगम के अनदेखी से महिलाओं, पुरुष और बुजुर्गों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। शौचालय आदित्यपुर बाजार के मुख्य सड़क के किनारे स्थित है। जहां आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 20 का सबसे बड़ा बाजार है, जिसके अंतर्गत आदित्यपुर थाना, स्वास्थ्य विभाग, पेयजल विभाग, वन विभाग, तहसील कचहरी और अन्य कार्यालय मौजूद हैं। वही शौचालय आदित्यपुर स्टेशन जाने वाले मार्ग पर पड़ने से लोगो का आना जाना लगा रहता है। शौचालय बंद होने से सब्जी विक्रेताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वही सब्जी खरीदने आ रहे ग्राहक को जरूरत पड़ने पर शौचालय का उपयोग करते हैं। इस संबंध में सब्जी विक्रेता एवं राहगीरों से बात करने पर बताया शौचालय खुले रहने से हम लोग को शौच करने में परेशानी नहीं होती थी।लेकिन बीते 15 दिनों से शौचालय बंद है सोच के लिए बाहर जाना पड़ता है। ज्यादातर महिलाओं को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। आम जनता के शिकायत पर उनकी बातों को दरकिनार कर दिया जाता है। इस संबंध में नगर निगम के कर्मचारी सत्यम भरद्वाज से आजाद सिपाही के संवाददाता फोन से संपर्क करने पर उन्होंने शौचालय जल्द दुरुस्त करने की बात कही। लेकिन खबर लिखे जाने तक उनकी अनदेखी से शौचालय अभी तक दुरुस्त नहीं हो पाया।




## नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन



आजाद सिपाही सवाददाता

**जमशेदपुर।** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस 2023 का आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य शीर्षक सतत विकास के लिए बहुविषयक अनुसंधान और नवाचार है। मौके पर मुख्य अतिथि भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के झारखंड निदेशक डॉ बीके राणा और कोल्हान विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी डॉ प्रभात कुमार पाणि शामिल हुए। सम्मेलन में करीब 110 अलग- अलग विभाग के शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। आईटी विभाग के प्रमुख डॉ रंजन कुमार मिश्रा ने बदलती दुनिया में सतत विकास का महत्त्व के बारे जानकारी दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गंगाधर पंडा ने शोध के कर्म और उनके महत्त्व पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ आचार्य ऋषि रंजन ने मौजूद सभी अतिथियों का स्वागत किया। परीक्षा नियंत्रक ओपी शर्मा ने जिंदगी में शोध के महत्त्व पर चर्चा की। वही डॉ बीके राणा ने वैश्विक मुद्दे जलवायु परिवर्तन व भारत में बिजली के उत्पादन पर प्रकाश डाला। डॉ प्रभात कुमार पाणि ने कहा रिसर्च दो शब्दो के मेल से बना है। री और सर्च जिसका अर्थ होता है दोबारा खोज करना। वही भूटान से ऑनलाइन के माध्यम से गेडु कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज डॉ रजनीश रत्न ने सम्मेलन का हिस्सा बने। मौके पर 110 शोधार्थियों ने अपने अपने शोध पत्र प्रस्तुत की।

## कार्यकर्ता गांव-गांव तक हेमंत सरकार की योजनाओं की दें जानकारी : रामदास सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम जिले के झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी के द्वारा धालभूमगढ़ व डुमरिया प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि घाटशिला विधायक सह जिला अध्यक्ष रामदास सोरेन ,जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ति सहित जिला पदाधिकारी शामिल हुए। मौके पर विधायक रामदास सोरेन ने कहा प्रखंड कमेटी की जिम्मेदारी पंचायत कमेटी व बूथ कमेटी को मजबूत करना है। चुनाव के पूर्व सभी के सहयोग से संगठन को मजबूत करना होगा। विधायक श्री सोरेन ने कहा हेमंत सरकार में जरूरतमंदों के लिए कई जन कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है। पार्टी के कार्यकर्ता प्रत्येक गांव का भ्रमण करें। गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ पहचाये। ताकि गांव-गांव तक हेमंत सरकार के योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिल सके। विधायक श्री सोरेन ने कहा हर क्षेत्र में हेमंत सरकार काम कर रही है। कार्यकर्ता गांव के गरीबों को आवास, पेंशन, किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजनाओं से ग्रामीणों को आच्छादित करें। उन्होंने कहा 2024 में केंद्र व राज्य में चुनाव होना है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 09 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in



**जनसंवाद :** रंका के बाहाहारा पंचायत के पांच गावों में मंत्री ने सुनी लोगों की समस्या

# समस्या का निदान करना मेरा कर्म और धर्म : मिथिलेश ठाकुर

**जनसंवाद में कई समस्याओं का मंत्री ने ऑन द स्पॉट कराया निदान**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को रंका प्रखंड के बाहाहारा पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पंचायत के गौरगाड़ा गांव में दुर्गा मंडप के समीप, चटकमान गांव में स्कूल के बगल में, गासेदाग गांव में स्थित चार मुहान पीपल पेड़ के समीप, जासोबार गांव में बड़का आम के समीप तथा बाहाहारा गांव में स्थित पंचायत भवन में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों से रू-ब-रू होते हुए लोगों की समस्याओं को सुना। कई समस्याओं का मंत्री ने ऑन द स्पॉट निदान कराया जबकि से समस्याओं का यथाशीघ्र निदान के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया। जनसंवाद में ग्रामीणों ने पेयजल, राशन, आवास, पेंशन आदि की समस्या से मंत्री को अवगत कराया। मंत्री ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को समस्याओं का त्वरित निदान करने का निर्देश दिया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा वासियों की समस्या मेरी अपनी समस्या है। जनसमस्या का निदान करना मेरा कर्म एवं धर्म है। गढ़वा के लोगों ने जिस उम्मीद के साथ मुझे अपना सेवक चुना है, मैं उनकी उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरने के लिए प्रयासरत हूं। मंत्री ने कहा कि पहले के जनप्रतिनिधि और आज के जनप्रतिनिधि बहुत अंतर है। अब क्षेत्र में विकास कार्यों का मायने पूरी तरह बदल चुका है। पहले के लोग पूरे लाव-लस्कर एवं झूठे आश्वासन की पुलिंदा लेकर चुनाव के समय क्षेत्र में नजर आते थे और जीतने के बाद सब कुछ भूल जाते थे। आज पूरे गढ़वा के चप्पे-चप्पे पर बेहतर और गुणवतापूर्ण विकास कार्य नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि वे चौबीसों घंटा जनसमस्या के निदान के लिए सोचते एवं उसके लिए प्रयास करते रहते हैं। चुनाव जीतने के बाद लोग पांच साल बाद ही जनता के बीच नजर आते थे। परंतु मैं जिस दिन से चुनाव जीता हूं, हमेशा जनता के बीच में हूं। क्षेत्र की समस्या दूर करने के लिए पहले लोगों को जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के पीछे-पीछे चक्कर काटना पड़ता था। परंतु आज खुद जनप्रतिनिधि जनता के सेवक के रूप में अधिकारियों की टीम के साथ घर-घर पहुंचकर एक-एक समस्याओं का निदान कर रहा है। मंत्री ने कहा कि जिन समस्याओं का तत्काल निदान होना था, उसे कर दिया गया। शेष का निदान यथाशीघ्र कर दिया जाएगा।

कार्यक्रम में झामुमो के बाहाहारा पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, युवा मोर्चा सचिव विकास कुमार यादव, पंचायत प्रभारी ललन यादव, रमेश यादव, राजकुमार यादव, संजय साव, फुलटुन यादव, संदीप यादव, सुकुल यादव, सूरज सोनी आदि ने विचार व्यक्त किया।

मौके पर मुख्य रूप से रंका एसडीएम रामनारायण सिंह, बीडीओ देवानंद राम, सीओ शंभु राम, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, संजय सिंह छोटू, रेखा चौबे, मालती देवी, प्रमुख हेमंत लकड़ा, मुखिया किरण देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, कार्तिक पांडेय, जैनुल्लाह अंसारी, देवेन्द्र नाथ तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता, दीपक सोनी, मुकेश तिवारी, अरविंद सोनी, पप्पू यादव, नंदलाल सिंह, नंदू सोनी, सुरेंद्र यादव, मुन्ना सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## फेतल सिंह के वंशजों को मंत्री ने किया सम्मानित



गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को रंका प्रखंड के बाहाहारा पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानी फेतल सिंह के वंशजों को शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। सम्मानित किये गये लोगों में बेलाश सिंह, राजकुमार सिंह, बालकेश्वर सिंह, बिरजु सिंह, रामचंद्र परहिया, राजनाथ सिंह, हरखुलास सिंह, विनोद प्रसाद गुप्ता, सत्यनारायण सिंह, सतराज सिंह, गुल्लू सिंह आदि के नाम शामिल हैं।

# लूट कांड एवं बाइक चोर गिरोह के तीन अपराधी गिरफ्तार



**चोरी की छह मोटरसाइकिलें व तीन ई-रिक्शा बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला सदर थाना परिसर में एसडीपीओ कुमार यादव ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि जिले में हाल के दिनों में लूट तथा चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही थीं, जिसके बाद घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देशानुसार एसआईटी टीम का गठन कर कांड के अनुसंधान के क्रम में पलामू चैनपुर थाना क्षेत्र के बंधुआ धोबी मोहल्ला निवासी प्रमोद राम के पुत्र राजकुमार चंद्रवंशी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार राजकुमार चंद्रवंशी के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर दो और युवकों की गिरफ्तारी की गई, जो डंडई थाना क्षेत्र के जरही गांव निवासी विनोद राम के पुत्र सुभाष कुमार रवि व पलामू चैनपुर के विजय बैठा के पुत्र शंकर कुमार चोरी एवं लूट की घटना में संलिप्त है। साथ ही बताया कि सुभाष कुमार रवि एवं राज कुमार चंद्रवंशी का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है। वहीं गिरफ्तार अपराधियों ने कड़ाई से पूछताछ के बाद बताया कि 1 मई को मेढ़ना गांव के पास तीन अज्ञात अपराधियों द्वारा चाकू का भय दिखाकर एवं मारपीट कर ई-रिक्शा लूटा गया तथा दस मई को तिलदाग के पास से ई-रिक्शा के चालक को नाश्ता कराने के बहाने ले जाने के बाद ई-रिक्शा को लेकर भाग गया एवं 25 जून को ई-रिक्शा बुक कर तिलदाग मोड़ से आगे खोनहर मंदिर के रास्ते में चालक को भय दिखाकर ई-रिक्शा की लूट की। गिरफ्तारी के बाद चोरी के तीन ई-रिक्शा एवं डंडई थाना क्षेत्र से चोरी गए छह मोटरसाइकिल बरामद किया गया।

छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी केके साहू, पुलिस अवर निरीक्षक डंडई थाना प्रभारी शाहबाज अंसारी, पुलिस अवर निरीक्षक प्रवीण कुमार, गढ़वा थाना सहायक अवर निरीक्षक अमन कंडुलना एवं रिजर्व गार्ड डंडई एवं गढ़वा थाना शामिल थे।

## नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में सुबह शौच करने गई एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। लड़की के पिता के द्वारा भवनाथपुर थाना में लिखित शिकायत के बाद पोस्को एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यालय को सुपुर्द किया गया है। जबकि लड़की को मेडिकल के लिए महिला पुलिस के द्वारा भेजा गया है। पीड़िता के पिता के द्वारा दिये आवेदन में कहा गया है कि शनिवार की सुबह मेरी नाबालिग लड़की शौच के लिए गई थी कि अंधेरा में ही आरोपी सोनू कुमार 22 वर्ष पिता स्व. अरविंद राम भवनाथपुर बुका निवासी झाड़ी में छुपा हुआ था। लडकी के साथ डरा-धमका कर जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस ने आवेदन के आलोक में केस दर्ज करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

## अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा जिला कमेटी के संरक्षक बने रामविचार साहू



**केतार (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा गढ़वा जिला कमिटी के संरक्षक राम विचार साहू को अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा का राष्ट्रीय संरक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद ने कहा कि यह गढ़वा जिला के लिए गर्व की बात है। रामविचार साहू मिलनसार, अनुभवी के साथ समाज को जोड़ने का कार्य हमेशा करते हैं। रामविचार साहू को राष्ट्रीय संरक्षक बनने पर जिला कमिटी गढ़वा की ओर से जिला अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद, दिनेश प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद, विनोद प्रसाद, सूर्यदेव प्रसाद, विकास प्रसाद, संजय प्रसाद,अर्जुन प्रसाद, रामचन्द्र प्रसाद ने अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता को बधाई दी है।

## शिविर में पहुंचे 136 दिव्यांग, 100 को मिले प्रमाण पत्र

**मेराल (आजाद सिपाही)।** दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र व विशिष्ट पहचान पत्र बनाने को लेकर शनिवार को मेराल सीएससी विशेष शिविर लगाया गया। जिसमें 136 दिव्यांगजन पहुंचे। जिसमें से लगभग 100 से अधिक दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए। इनमें 36 के करीब रिजेक्ट एवं रेफर किया गया। कुछ दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र पहले से बने पाए गए, तो शेष दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाने को लेकर कार्य जारी रहा। सरकारी अस्पताल में लगाए गए दिव्यांग शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ एसके रवि, मनोचिकित्सक एवं जेनरल फिजिशियन डॉ कुमार पीयूष प्रमोद, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ विजय कुमार के साथ मेराल सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार, नेत्र सहायक सुशील कुमार, अकाउंटेंट दीपेश तिवारी, बीपीएम चंचल कुमार, बीडीएम दिलीप कुमार, हुमायूं कबीर सहित कल्याण स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की टीम दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाने का कार्य में लगे रहे।

# भूअर्जन से संबंधित लंबित कार्यों एक सप्ताह के अंदर करें निष्पादन : उपायुक्त

**उपायुक्त ने भूअर्जन से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों-कर्मियों को दिये निर्देश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में भूअर्जन से संबंधित कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने भूअर्जन से संबंधित कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अविलंब खजूरी एवं पोटमा का एलपीसी एवं जमाबंदी कराने का निर्देश दिया। बैठक में एलपीसी बनाने के कार्य के विषय में एजेंसी द्वारा बताया गया कि एनएच अंतर्गत सभी अंचल अधिकारियों द्वारा 30% कार्य लंबित हैं। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों को एक सप्ताह के अंदर लंबित कार्यों के निष्पादन का निर्देश दिया। वैसे अधिग्रहित भूमि जिनका मुआवजा भुगतान कर दिया गया है, वैसे भूमि पर किसी भी प्रकार का संरचना निर्माण अथवा कृषि कार्य करने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं को लेकर भूमि अधिग्रहण, भूमि मुआवजा, एलपीसी समेत अन्य कार्यों को समय पर करने का निर्देश दिया, जिससे योजनाओं का संचालन समय पर पूरा किया जा सके। उपायुक्त ने पंचायत भवन को सक्रिय रखने का भी निर्देश दिया एवं आपस में समन्वय बनाकर पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आम जनों की सेवा में तत्पर रहने का निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा-सह-जिला भूअर्जन पदाधिकारी राज महेश्वरम समेत परियोजना निदेशक एनएचएआई पलामू, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग गढ़वा, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल गढ़वा, कार्यपालक अभियंता अनुसंधान प्रमंडल गढ़वा, सभी अंचल अधिकारी, सभी अमीन, राजस्व उप निरीक्षक, अंचल निरीक्षक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## किशुन राज पब्लिक हाइ स्कूल में मेट्रिक में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत किशुन राज पब्लिक हाई स्कूल बलियारी के प्रांगण में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के सचिव आनंद प्रकाश दुबे ने की। विदित हो कि सत्र 2022-23 में जैक द्वारा घोषित किये गए परीक्षा परिणाम में सफल हुए विद्यर्थियों में जिन्होंने मैट्रिक में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर अपने विद्यालय का नाम रौशन किया है, उन्हें विद्यालय परिवार के द्वारा मेडल, प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के टॉप टेन आये प्रेरणा कुमारी, स्वाति कुमारी, प्रज्ञा कुमारी, शिवानी चौबे, दिवाकर मिश्रा, आदर्श कुमार दुबे, अनुराग कुमार, चंदन तिवारी, कल्पना कुमारी, रौशन पांडेय, नेहा कुमारी के साथ सफल सभी विद्यार्थियों को उपहार प्रदान करते हुए प्रधानाध्यापक नवनीत कुमार द्विवेदी ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। जबकि विद्यालय के सचिव आनंद प्रकाश दुबे ने बच्चों को भरोसा दिया कि आप सब आगे भी विद्यालय का नाम रौशन करें। जरूरत पड़ने पर विद्यालय परिवार हमेशा मदद करेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों व शिक्षकेतर कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में विद्यालय सचिव आनंद प्रकाश दुबे ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मृतक के परिजनों ने पत्नी के खिलाफ थाने में हत्या का मामला दर्ज कराया

**मृतक की पत्नी का उसके सौतेले भाई के साथ अवैध संबंध का लगाया आरोप**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र के खाला पंचायत अंतर्गत कच्छरवा टोला निवासी 32 वर्षीय राजेश राम की मौत के बाद मृतक राजेश के मामा शिवनाथ राम ने धुरकी थाने में मृतक की पत्नी लीलावती देवी एवं एक अन्य अज्ञात सहयोगी के साथ मिलकर राजेश राम की हत्या करने के आरोप में लिखित आवेदन दिया है। आपको बता दें मृतक राजेश राम की मौत विगत 27 जून को घर में पत्नी से लड़ाई झगड़ा करने के बाद हो गई थी। इसके बाद मृतक राजेश के सगे बड़े भाई राजमुनी राम व मामा शिवनाथ राम ने बताया कि मृतक राजेश की पत्नी का आचरण सही नहीं था। वह हमेशा अपने पति के साथ लड़ाई झगड़ा कर प्रताड़ित करती रहती थी। मृतक के मामा और भाई ने बताया कि उसकी पत्नी का अवैध संबंध मृतक राजेश के छोटे व सौतेले भाई के साथ था। वहीं देवर भाभी के अवैध संबंध को लेकर पूर्व में गांव-घर में दो-दो बार पारिवारिक पंचायती भी की गई थी। वहीं मृतक के मामा और बड़े भाई ने यह भी बताया की मृतक राजेश की पत्नी का अवैध संबंध उसके ही सौतेले भाई के साथ था। इसी वजह से मृतक राजेश और उसकी पत्नी में हमेशा लड़ाई झगड़ा होता था। वहीं इस संबंध में मृतक राजेश के पिता भोला राम और सौतेली मा शांती देवी का कहना है कि मृतक राजेश की पत्नी का उसके बेटे मुखलाल राम से किसी भी प्रकार का कोई भी अवैध संबंध नहीं था और यह आरोप गलत है। मृतक की सौतेली मां और पिता ने कहा कि मृतक राजेश की पत्नी का आचरण ठीक नहीं है। वह हमेशा उसके बेटे राजेश से बेवजह लड़ाइ झगड़ा करती रहती थी। मृतक राजेश राम की शादी पंद्रह वर्ष पूर्व हुई थी, जिससे एक दस साल की बेटी और एक आठ साल का बेटा भी है। इधर मृतक राजेश के पिता और सौतेली मां ने दोनों बच्चों को अपने साथ रखने और उनका भरण पोषण करने की जिम्मेदारी उठाने की बात कही है। वहीं मृतक के मामा और सगे भाई का कहना है कि मृतक राजेश की हत्या उसकी पत्नी ने अपने अवैध संबंध वाले प्रेमी से मिलकर की है।

इधर इस संबंध में थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि मृतक के मामा के द्वारा आवेदन प्राप्त करने के बाद पत्नी लीलावती देवी व एक अन्य अज्ञात सहयोगी पर एफआईआर दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छानबीन कर रही है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अव्वल अंक से उत्तीर्ण भैया-बहनों को किया गया सम्मानित



**केतार (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केतार में शनिवार को कक्षा 10 में उत्तीर्ण भैया-बहनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केतार प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रसाद, केतार मुखिया प्रमोद कुमार, विद्यालय अध्यक्ष राम विचार साहू, प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। इस विद्यालय के सभी बच्चे बेहतर प्रदर्शन कर अच्छे अंक से प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। अव्वल अंक लाने वाले सभी भैया बहनों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर बलिगढ़ मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन कुमार गुप्ता, सचिव प्रमोद मेहता, कोषाध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष विनोद प्रसाद, संरक्षक नन्द कुमार प्रजापति, सदस्य विजय कुमार गुप्ता, बब्लू कुमार, आचार्य शिवशंकर कुमार, दीनानाथ चौधरी, सुदीप पाल, रमेश पाल, श्वेता कुमारी, सविता गुप्ता, मीना कुमारी, कुसुम देवी सहित विद्यालय के सभी भैया बहन उपस्थित थे।

**प्रदर्शन :** काटी गयी नहर को ठीक नहीं करने के विरोध में किसानों ने एलएंडटी कंपनी के कार्यस्थल पर जताया आक्रोश, कहा

# दो दिनों के अंदर नहर को पुन: जोड़ा नहीं गया तो कार्यस्थल पर करेंगे धरना-प्रदर्शन

**केंद्र सरकार की योजना सोन नदी-कनहर तक बनने वाली निर्माणाधीन पानी टंकी के कारण छह दशक पूर्व बनी नहर को एल एंड टी कंपनी ने काटकर दो माह पूर्व ही छोड़ दिया है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत के मझिगावां गांव के आजाद नगर टोले पर श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर के नजदीक केंद्र सरकार की योजना सोन नदी-कनहर तक बनने वाली पाइपलाइन डीसी-1 के तहत निर्माणाधीन पानी टंकी के कारण सिंचाई परियोजना गढ़वा के द्वारा छह दशक पूर्व निर्माण किये गए नहर को एल एंड टी कंपनी के द्वारा काटकर दो माह पूर्व ही छोड़ दिया गया है। विदित हो कि क्षेत्र के किसानों के लिए यह सिंचाई का मुख्य साधन है परंतु किसान एवं एलएंडटी कंपनी के द्वारा यह समझौता किया गया था कि खेती-बारी का समय आते ही टूटी हुई नहर को बांध कर पानी के बहाव को पूर्व के भांति कर दिया जाएगा। परंतु वर्तमान समय तक कंपनी के द्वारा टूटी नहर को नहीं बांधा गया। इस नहर से आधा दर्जन गांवों तक पहुंचने वाले पानी को अवरुद्ध कर दिया गया है, जिससे एक हजार एकड़ जमीन बंजर होने के कागार पर पहुंच गयी है।

एलएंडटी कंपनी के कर्मचारियों की मनमानी को देखकर शनिवार को स्थानीय किसानों ने कंपनी के कार्यस्थल ुप पहुंच कर आक्रोश व्यक्त किया। इसके एक सप्ताह पूर्व भी किसान कार्यस्थल पर पहुचे थे, जहां साइड इंचार्ज आशीष शर्मा के द्वारा किसानों को यह आश्वासन दिया गया था कि दो दिनों के अंदर काटी गयी नहर को जोड़कर दुरुस्त कर दिया जाएगा। जिससे पानी का बहाव बाधित नहीं होगा, लेकिन वह कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है। मझिगावां पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभू नाथ साह, वार्ड सदस्य सत्यप्रकाश चौबे की अगुआई में जब किसान एवं ग्रामीण कार्यस्थल पर पहुंचे तो देखा गया कि पूर्व की भांति ही काटी गयी नहर को जोड़ा नहीं गया था। साथ ही उपस्थित कर्मचारियों ने पुनः आश्वासन देकर कार्य करने को लेकर टालने का प्रयास किया। जिस पर किसान बैजनाथ शर्मा, मेघनाथ साह, विकास शर्मा, बेचू यादव, सोनू चौबे, रमेश चौबे, टुनटुन शर्मा, रमेश शर्मा, रामनाथ यादव, जिरहुल यादव, शंभू राम, मनोज शर्मा, रामचंद्र, गुड्डू शर्मा, नारद शर्मा, लक्ष्मण यादव, प्यारी बियार, मनोज यादव ने यह अल्टीमेटम दिया कि दो दिनों के अंदर नहर को पुनः जोड़ा नहीं गया तो बाध्य होकर किसान कार्यस्थल पर धरना प्रदर्शन करेंगे तथा समयानुसार नहर सिंचाई करने हेतु नहर का पानी नहीं मिलने से खरीफ फसल की खेती नहीं होने से मुआवजा की मांग करेंगे। किसानों ने यह भी बताया कि पानी नहीं मिलने की वजह से धान का बिचड़ा अभी तक नहीं हो पाया है। साथ ही गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर से जल्द ही नहर की मरम्मती कराकर सिंचाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का गुहार लगायी है।

### नहर दुरुस्त नहीं की गयी तो एक हजार एकड़ जमीन असिंचित रह जायेगी

मौके पर उपस्थित जिरहुल यादव ने बताया कि समय पर अगर खेतों में बिचड़ा नहीं डाला गया तो तो परिवार के भरण पोषण में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। सोनू चौबे ने कहा कि एलएंडटी कंपनी के द्वारा कार्य करने में बहुत ही लापरवाही बरती जा रही है, जिससे एक हजार एकड़ जमीन असिंचित रह जायेगी। वहीं लालचंद यादव ने कहा कि हम सभी के जीविकोपार्जन मात्र यही खेती है, परंतु नहर का पानी नही मिलने से सभी खेत बिरान पड़े हैं।

### नहर को जल्द ही दुरूस्त कर दिया जायेगा : साइट इंचार्ज

एलएंडटी कंपनी के साइट इंचार्ज आशीष शर्मा ने दूरभाष के माध्यम से बताया कि काटी गयी नहर को जल्द ही दुरूस्त कर पानी का बहाव को पूर्व की भांति कर दिया जाएगा।

## जहरीला जंतु काटने से युवती की मौत

केतार (आजाद सिपाही)। केतार बाजार निवासी बिंदु राम की 18 वर्षीय पुत्री रेखा कुमारी की मृत्यु शुक्रवार की रात्रि में इलाज के दौरान गढ़वा अस्पताल में हो गयी। जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर में मुंग फसल तोड़ने के दौरान जहरीले जंतू ने काट लिया था। शाम में अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया था जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजन काफी आहत हैं। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। रेखा कुमारी स्नातक प्रथम सत्र की होनहार छात्रा थी। रेखा की मौत की सूचना आग की तरह फैल गई। सूचना पाते ही मृतक के घर काफी लोग उपस्थित होकर परिजनों को ढाढस बंधाया। रेखा का अंतिम संस्कार पंडा नदी के तट पर किया गया। श्मशान घाट पर अजय वर्मा सहित सैकड़ों लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से मृत आत्मा की शांति एवं परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**जलपथ प्रमंडल, हजारीबाग**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय से आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा सं0–WRD/WWDivision, Hazaribag IFB-01/2023-24 Date-21.06.2023 का PR No.-300559 Water Resources Department, Hazaribag (2023-24) D को अपरिहार्य कारणवश रदद् किया जाता है। विभागीय निर्देश प्राप्त होने के पश्चात् पुनः निविदा प्रकाशित कि जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
जलपथ प्रमंडल, हजारीबाग

PR 301852 Water Resource (23-24)_D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 09 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


## होटल प्रबंधन के क्षेत्र में दक्षता प्राप्त करने का सुनहरा मौका दे रहा जिला प्रशासन

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जिला प्रशासन लोहरदगा द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड अप्लाइड न्यूट्रीशन (होटल प्रबंधन खानपान तकनीक और पोषण आहार संस्थान) ब्राम्बे, राँची के साथ लोहरदगा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 10वीं/12वीं उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को होटल प्रबंधन के क्षेत्र में नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु एमओयू किया गया है। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, ब्राम्बे, रांची में अगस्त, 2023 से प्रारंभ होने वाले निम्नांकित कोर्स हेतु लोहरदगा जिला के होटल प्रबंधन क्षेत्र में रोजगार के इच्छुक युवक/ युवती अपने प्रखण्ड मुख्यालय/ जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा में दिनांक 18.07.2023 तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार डिप्लोमा इन फ्रंट ऑफिस कोर्स के लिए आवेदक का 10+2 की परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इस कोर्स की अवधि 1 वर्ष 6 माह होगी। वही डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग कोर्स के लिए आवेदक का 10+2 की परीक्षा पास होना आवश्यक है। इस कोर्स की अवधि 1 वर्ष 6 माह होगी। क्राफ्टमैनशिप सर्टिफिकेट कोर्स इन फूड प्रोडक्शन एंड पेटिसरी कोर्स के लिए आवेदक का 10वीं की परीक्षा पास होना आवश्यक है। इस कोर्स की अवधि 1 वर्ष 6 माह होगी। प्रत्येक कोर्स में 40 युवाओं/युवतियों का प्रति बैच में चयन किया जायेगा। आवेदन प्रपत्र www.lohardaga.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा किसी भी कार्यालय दिवस के दिन कार्यालय अवधि में संबंधित प्रखंड कार्यालयों/ जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा से प्राप्त किया जा सकता है। साथ हीं किसी भी संशय के निराकरण हेतु मोबाईल नं० 8603984499 या 7979967682 पर संपर्क किया जा सकता है। उक्त जानकारी जिला योजना पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

## जीवन में शिक्षा का होना निहायत जरूरी : बीडीओ

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के सेन्हा वन डिपू के समीप प्रखंड स्तर पर जिला प्रशासन के सौजन्य से फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने संयुक्त रूप से युवा खिलाडियो से परिचय प्राप्त कर किया। फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ वन डिपू मूहल्ला और अमन चौक सेन्हा के बीच खेला गया। दोनो टीम ने खेल का अच्छा प्रदर्शन करते हुए 1-0 से अमन चौक के टीम को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। खेल समापन के पश्चात युवा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा खेल के साथ जीवन में शिक्षा का होना निहायत जरूरी है। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, थाना प्रभारी अभिनव कुमार एस आई गणेश कुमार यादव के अलावे दोनों टीम के खिलाड़ी उपस्थित थे।

## इंटक के जिला अध्यक्ष अपने पद पर बने रहेंगे



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कॉग्रेस इंटक प्रदेश के निर्देशानुसार पत्र जारी कर इंटक जिला अध्यक्ष को पद मुक्त कर दिया गया था। काँग्रेस इंटक के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार बलमुचू द्वारा पत्र जारी कर लोहरदगा जिला काँग्रेस इंटक जिला अध्यक्ष इमरान आजाद को पद मुक्त कर दिया गया था। जिससे कार्यकर्ताओं में रोष देखा जा रहा था। वही राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे ने प्रदेश अध्यक्ष का निर्णय को संशोधित करते हुए अगले आदेश तक लिये पुनः काँग्रेस इंटक जिला अध्यक्ष पद पर इमरान आजाद को मनोनीत किया गया है। जिससे कार्यकर्ता और समर्थकों में खुशी है।

## बारियातू में मेहंदी लगाओ और संस्कृत प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन



बारियातू(आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में शनीवार को कक्षा द्वितीय से अष्टम तक के बहनों के बीच मेहंदी लगाओ और संस्कृत प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य जितेंद्र राम ने मां शारदे, ओउम और भारत माता की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया। इसके पश्चात प्रधानाचार्य ने भैया/बहनों को संबोधित करते हुए मेहंदी लगाने के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने कहा की इस प्रकार के कार्यक्रम से भैया/ बहनों के अंदर सकारात्मक सोच का विकास होता है। सावन का महीना भगवान शिव को अति प्रिय है। सावन का महीना बिना मेहंदी के अधूरा है। सावन के महीने में मेहंदी लगाने की परंपरा काफी पुरानी है, मेहंदी लगाने से घर में सभी सदस्यों के बीच आपस में रिश्ता मजबूत होता है, और प्यार और स्नेह बढ़ता है। मेहंदी लगाने से स्किन संबंधी बीमारियां दूर होती है, इसके पश्चात मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका परिणाम प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बहनों को अगले दिन पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्या वीणा देवी, किरण देवी, खुशबू, मनीषा, विनीता, दीदीयों का सहरानीय योगदान रहा।

## चंद्रशेखर आजाद चौक से आज निकलेगी पहाड़ी मंदिर तक पैदल विशाल कांवर यात्रा



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पहाड़ी मंदिर रांची 80 किमी तक जाने वाले पैदल कावर यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी है। महाकाल क्लब के आजीवन संरक्षक सह पूर्व नप डिप्टी चेयरमैन बलराम साहू ने शिवभक्तों से भारी संख्या में इस यात्रा में शामिल होने की अपील करते हुए बताया कि यह आयोजन सावन के पहले सोमवारी को लेकर होता है। उन्होंने कहा कि सावन माह में बाबा पर जलाभिषेक करने से बाबा सबकी मनोकामना पूर्ण करते है। महाकाल क्लब के अध्यक्ष रितेश कुमार उर्फ कुणाल और सचिव निश्चय वर्मा ने शिवभक्तों से अपील की है कि भारी संख्या में शामिल होकर इस कांवर यात्रा को सफल बनायें। उन्होंने जिले के तमाम सनातन धर्मावलंबियों के साथ विभिन्न हिंदू संगठनों को भी यात्रा में शामिल होकर जत्था का उत्साह बढ़ाने की अपील की है। बताया गया 9 जुलाई को सुबह 7 बजे से चंद्रशेखर आजाद चौक से जत्था पहाड़ी मंदिर के लिए रवाना होगी। कांवरियों को जिले के गणमान्य लोगों द्वारा रवाना किया जाएगा। जिसके बाद शंख नदी से जल उठाया जायेगा। जहां से पुरोहित द्वारा संकल्प कराने के बाद यात्रा आगे की ओर प्रस्थान करेगी। बताया गया कि यह यात्रा बीते कई वर्षों से निरंतर निकाली जा रही है। इस वर्ष यात्रा को और भी भव्य रूप से निकालने की तैयारी पूरी कर ली गयी है। इससे पूर्व तक क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को आमंत्रण पत्र देते हुए इस यात्रा में शामिल होकर यात्रा की शोभा बढ़ाने की अपील की गयी।

### खनन लीज पट्टाधारियों के साथ डीएमओ ने की बैठक

# राजस्व वसूली से कोई समझौता नहीं: राजाराम

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा:** राजस्व की वसूली बढ़ाने और इसमें गति लाने को लेकर शनिवार को खनन कार्यालय परिसर में जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद की अगुवाई में हिंडालको समेत लीज पट्टाधारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस दौरान बॉक्साइट पत्थर आदि खनिजों का उत्पादन लक्ष्य बढ़ाकर निर्धारित राजस्व सरकारी खजाने में जमा कराने के लिए लीज पट्टाधारी पर दबाव बनाया गया। खनन मद का राजस्व भुगतान बढ़ाने का निर्देश दिया गया। हिंडालको प्रतिनिधि जियोलॉजिस्ट तापस कुमार को उत्पादन लक्ष्य बताने का निर्देश दिया गया। लक्ष्य के अनुसार काम नहीं होने की स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया। प्रति वित्तीय वर्ष हिंडालको द्वारा दी जाने वाली राजस्व का विवरण मांगा गया। डीएमओ राजाराम प्रसाद ने खनन कार्य के पश्चात कृषिगत भूमि बनाकर रैयत को भूमि वापस देने, भूमि वापस होने का क्षेत्रफल, किस रैयत को वापस की गयी समेत अन्य पहलुओं पर विस्तृत जानकारी खनन विभाग को देने का निर्देश दिया। बैठक में मौजूद पट्टाधारियों को राजस्व से किसी प्रकार की समझौता नहीं करने की हिदायत दी गई। इस मौके पर डीएमओ राजाराम प्रसाद ने कहा कि, खनन विभाग राजस्व वसूली से समझौता नहीं करेगा। खनिज दोहन के दौरान निर्धारित राजस्व को प्राथमिकता पर लीज पट्टाधारी सरकारी खजाने में जमा करना सुनिश्चित करें। राजस्व जमा करने में शिथिल पट्टाधारियों के विरुध नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। इस मौके बालाजी, विकास सिंह समेत अन्य बॉक्साइट और पत्थर लीज धारियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# बाबा बफार्नी अमरनाथ सभी की मनोकामना पूर्ण करें : जोधनरायन

### अमरनाथ यात्रा के लिए शिवभक्तों का जत्था सेन्हा व लोहरदगा से रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** कश्मीर स्थित अमरनाथ यात्रा के लिये शिवभक्तों का जत्था सेन्हा व लोहरदगा से रवाना हुई। सेन्हा से सात सदस्यीय कांवरिया रवाना हुई जबकि लोहरदगा से आठ सदस्यीय टीम रवाना हुई। लोहरदगा से एक जत्था बाबा अमरनाथ जी के दर्शन के लिए रवाना हुई उसमे मुख्य रूप से कुणाल अभिषेक, अजय अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, रमेश गुप्ता, मनीष कुमार, आशीष कुमार, डॉ अंबर अग्रवाल शामिल है। वही सेन्हा से अमरनाथ रवाना होने वाले में जयप्रकाश साहू, निर्मल खंडित, रमेश महतो, राजू साहू, रवि शुक्ला, किनेश साहू, जितेंद्र साहू शामिल हैं। मौके पर जयप्रकाश साहु और किनेश साहु ने कहा कि बाबा अमरनाथ बफार्नी का दर्शन करने से संकट दूर होता है और मनोकामनायें पूर्ण होती है। पवित्र माह सावन में श्रद्धालु भक्तों के द्वारा भगवान महादेव शंकर को जल चढ़ाने के लिये प्रखंड से सात सदस्यीय कंवरिया दल अमरनाथ के लिये रवाना हो रहे हैं। सभी को व्यवसायी संघ अध्यक्ष जोधनरायन साहू के द्वारा दुर्गा मंदिर परिसर में शुभकामना देते हुए फूल का माला पहनाकर और लड्डू खिलाकर विदा किया गया। कहा कि आपलोगों का यात्रा मंगलमय हो। बाबा बफार्नी सभी भक्तों का दुख को हरण करें और भगवान महादेव बफार्नी बाबा सभी का मनोकामना को पूर्ण करें। वही श्रद्धालु भक्तों ने कहा कि सभी का मनोकामना, खुशी, समृद्धि और क्षेत्र में अमन चैन के लिये बाबा बफार्नी से कामना करेंगे। मौके पर अजय साहू, केदार साहू, कमेश महतो, अजय सोनी, संतोष महतो अवधेश साहू, विजय सोनी, उपेंद्र महतो सहित व्यवसायी संघ के सभी सदस्य मौजूद थे।

## महिला ने अपने पति और सास-ससुर के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी

बरवाडीह (आजाद सिपाही): बरवाडीह थाना क्षेत्र के चमरडिहा ग्राम निवासी सीमा देवी पति राजेश कुमार गुप्ता ने बरवाडीह थाना में लिखित शिकायत देकर अपने पति और सास-ससुर पर मारपीट कर घर से निकालने का शिकायत दर्ज करायी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सीमा देवी उम्र 22 वर्ष पति राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व उसकी शादी उसके पिता द्वारा पूरी तरह से दान दहेज देकर कराया था। सीमा देवी ने बताया कि उसके पति द्वारा 50000 रुपया लाने का हमेशा दबाव बनाये रखता है। घटना के बाद मेरे पति और ससुर द्वारा मुझे घर से निकाल दिया गया मैं अस्पताल पहुंचकर अपना इलाज करवाते हुए घटना के संबंध में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई की मांग किया इस बीच सीमा देवी द्वारा लिखित शिकायत मिलने पर बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर आवश्यक जांच पड़ताल शुरू कर दिया।

### डायन-बिसाही के अंधविश्वास को दूर करने के लिए पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

# डायन-बिसाही के नाम पर अफवाह फैलाने वाले लोगों पर होगी कार्रवाई : आशुतोष कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** जिले में डायन बिसाही ओझा गुनी अंधविश्वास को लेकर आए दिन महिलाओं के साथ प्रताड़ित और हत्या करने का मामला प्रकाश में आ रहा है इसका मुख्य कारण है कि गांव पंचायत के ही लोग भगत ओर ओझा गुनी करने के नाम पर दुकान खोल कर बैठ गए हैं। इनके द्वारा लोगों को आसानी से भ्रमित कर दिया जाता है और लोग इनकी बातों में फंस जाते हैं जिस कारण आज ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गयी है। आये दिन महिलाओं को प्रताड़ित करने से लेकर हत्या करने का मामला सुनने को मिल रहा है। इसकी रोकथाम को लेकर लातेहार सदर थाना क्षेत्र के आरागुंडी पंचायत के समीप पतरातू लोदवा ग्राम में सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के नेतृत्व में डायन बिसाही ओझा गुनी के अंधविश्वास को दूर करने को लेकर ग्रामीणों के बीच पुलिस अवर निरीक्षक गौरव सिंह पुलिस अवर निरीक्षक राज रोशन सिन्हा की उपस्थिति में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान एसआई गौरव सिंह एसआई राज रौशन सिन्हा ने लोगों को बताया गया कि डायन बिसाही नाम की कोई चीज होती ही नहीं है आप लोगों को अंधविश्वास के नाम पर भ्रमित किया जा रहा है। आपके गांव के ही मां बहनों को डायन बिसाही बताकर महिलाओ के साथ प्रताड़ित एवं हत्या करने का अंजाम दिया जा रहा है आप लोगों से गुजारिश है कि ऐसी अफवाह पर आप ध्यान नहीं दें। वही सदर थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजनी के निर्देश पर डायन बिसाही ओझा गुनी के अंधविश्वास को दूर करने को लेकर ग्रामीणों के बीच जागरूकता शिविर का आयोजन चलाया जा रहा है हम लोगों का यही प्रयास है कि जिस तरह से आये दिन डायन बिसाही के नाम पर हत्या हो रही है इसको जल्द से जल्द रोका जा सके। और ऐसे लोगों डांडिसाही अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# 24 जुलाई को भक्ति जागरण के साथ निकलेगी विशाल कांवर यात्रा

**लोहरदगा से 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में करेगा जलार्पण**
**कांवरिया संघ, बरवाटोली का गठन, अध्यक्ष बने गौरव अग्रवाल(लड्डू), सचिव शुभम अग्रवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बाबा भोलेनाथ की आशीर्वाद से श्रावण मास के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी काँवरिया संघ, बरवाटोली, लोहरदगा के द्वारा तीसरा सोमवारी को भव्य भक्ति जागरण के साथ देवाकी बाबा धाम मंदिर, घाघरा में जलार्पण के लिए विशाल काँवर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा में शामिल शिवभक्तों की टोली लोहरदगा से 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में स्थित भगवान शिव पर जलार्पण करेंगे। इस काँवर यात्रा में सभी लोहरदगा वासियो को सादर आमंत्रित किया गया हैं। कांवर यात्रा मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली से सोमवार 24 जुलाई 2023 को प्रातः 7.00 बजे से प्रारंभ होगी। जिसका उद्घाटन उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह संयुक्त रूप से करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि गौरव आरपी अग्रवाल, अजातशत्रु, अमन सिंह, सन्नी सिंह, राजीव रंजन, विजय प्रजापति, सन्नी यादव होंगे। यात्रा को सफल बनाने के लिए एक कमिटी बनाई गई है। जिसमे अध्यक्ष गौरव अग्रवाल (लड्डू), सचिव शुभम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आलोक अग्रवाल (निखिल), आदि अन्य को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। अनिल अग्रवाल, अनिश मित्तल, अजय सोनी रहेंगे। उक्त जानकारी काँवरिया संघ बरवाटोली के आजीवन संरक्षक समाजसेवी सुनील अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि कांवरियों के लिए सुल्तानगंज से गंगाजल की व्यवस्था मंदिर परिसर में ही किया गया है। इस दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो इसका ध्यान कमिटी रखेगी।

## प्रखंड स्तरीय प्री-सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 10 जुलाई से

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। प्रखंड स्तरीय, जिला स्तरीय और प्रमंडल स्तरीय प्री सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता, 2023 का आयोजन विभिन्न तिथियों में किया जायेगा। प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता 10-18 जुलाई 2023 तक सभी प्रखंडों में आयोजित की जायेगी। जिला स्तरीय पर प्रतियोगिता 20-25 जुलाई 2023 तक आयोजित की जायेगी। प्रमंडल स्तर पर यह प्रतियोगिता 01-05 अगस्त 2023 तक आयोजित की जायेगी। वहीं राज्य स्तर पर यह प्रतियोगिता 24-26 अगस्त 2023 तक आयोजित की जायेगी। बालक वर्ग में अंडर 14 और 17 में प्रतियोगिता खेली जायेगी। वहीं बालिका वर्ग में सिर्फ अंडर-17 वर्ग में प्रतियोगिता खेली जायेगी। ज्ञात हो कि सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसाईटी, नई दिल्ली द्वारा 62वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूनार्मेंट, 2023 (अंडर-17 बालक वर्ग और अंडर-17 बालिका वर्ग) दिनांक 19 सितंबर से 23 अक्टूबर तक नई दिल्ली में एव सब-जूनियर बालक वर्ग अंडर-14 वर्ग में प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 30 सितंबर से 10 अक्टूबर 2023 तक बंगलुरू में निर्धारित है। उक्त जानकारी जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा दी गयी। अधिक जानकारी के लिए जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा में संपर्क किया जा सकता है. प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले टीमों में 16 खिलाड़ी, 01 कोच और 01 मैनेजर कुल 18 सदस्य (प्रति आयु वर्ग) होंगे।

## आठ टन से अधिक लोड वाले वाहनों के परिचालन पर रोक




किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को मुख्य चौक पर ग्रामीण विकास विभाग की ओर से 6 लाख 23 हजार रुपये की लागत से बनायी गयी पीसीसी पथ पर आठ टन से अधिक लोड वाले भारी वाहन का परिचालन में रोक लगाये जाने को लेकर ग्रामीण विकास विभाग की ओर से सड़क के दोनों ओर सूचना बोर्ड लगाकर वाहन चालकों को सूचना देते हुए उक्त पथ पर परिचालन हेतु नियम का अनुपालन करने की हिदायत दी गयी है। यहां पर बता दें कि ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा किस्को मुख्य चौक पर स्थित झारखंड ग्रामीण बैंक के समीप से होंदगा मोड़ तक 4 सौ मीटर पीसीसी पथ का निर्माण कार्य लगभग दो माह पूर्व पूर्ण कराया गया है जहां से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में बाक्साइट लोडेड ट्रक पाखर से अनलोडिंग हेतु लोहरदगा उक्त सड़क से ही किया करती है। साथ ही विभागीय सामग्रियों का प्रखंड मुख्यालय में अनलोडिंग हेतु आये दिन भारी वाहनों का परिचालन उक्त सड़क से ही होता है जिससे उक्त सड़क का अस्तित्व चंद दिनों में ही खतरे में आ पहुंचा है, इसे लेकर ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा सड़क की सुरक्षा को देखते हुए सूचना बोर्ड लगाकर वाहन चालकों का ध्यानाकर्षित कराते हुए आठ टन से अधिक लोड वाले वाहनों के परिचालन पर रोक लगाते हुए आदेशों का अनुपालन करने की अपील की है।

## दहेज उत्पीड़न और मारपीट के आरोप में पति गिरफ्तार




सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के चंदकोपा निवासी श्रवण साहू के पुत्र संटू साहू के विरुद्ध सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए संटू साहू की पत्नी सूर्या कुमारी ने दहेज उत्पीड़न व मार पीट का आरोप लगाते हुए न्याय का गुहार लगायी थी। जिसके आलोक में पुलिस द्वारा आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि संटू साहु की पत्नी सूर्या कुमारी ने आवेदन के माध्यम से बताई कि मेरा विवाह चंदकोपा निवासी श्रवण साहु के 35 वर्षीय पुत्र संटू साहु के साथ संपन्न हुआ था। विवाह के समय मेरे पिताजी अपने सामर्थ्य अनुसार दहेज दिये थे। परंतु मेरे पति, ससुर श्रवण साहु और सास सीता देवी द्वारा दहेज में फ्रिज और 50 हजार रुपया का मांग कर बार बार मार पीट और प्रताड़ित किया जाता था। जिससे तंग आ कर अपने पति के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज करने तथा न्याय का गुहार लगाई। बताते हुए थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि आवेदन के आलोक में सेन्हा थाना कांड संख्या 94/23 दर्ज कर धारा 323,341,498 ए,377 व 34 भादवि दहेज उत्पीड़न एक्ट 3/4 के तहत संटू साहु को घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेजा गया।

## युवा सद्भावना मंच अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित




लोहरदगा(आजाद सिपाही)। युवा सद्भावना मंच अंतर्गत प्रखंडों में शनिवार को कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। कुडू प्रखंड के प्लस टू प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में बुक क्लब एक्टिविटी के तहत फलों का चौपाल कहानी पर नाट्य मंचन किया गया। प्रखंड के ककरगढ़ पंचायत में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। कैरो प्रखंड के चरिमा गांव में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। भंडरा प्रखंड के जमगाईं में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। युवा सद्भावना मंच के तत्वावधान में सदर प्रखंड के बीएस कॉलेज में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। सेन्हा में भी फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया।

## सेन्हा में बालू भरा एक ट्रैक्टर जब्त

सेन्हा-लोहरदगा: सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव बेड़ा टोली पथ से बालू लोडेड एक ट्रैक्टर को गुप्त सूचना के आधार पर परिचालन करते हुए जब्त करते हुए अंचलाधिकारी विजय कुमार को सूचनार्थ किया गया। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जब्त ट्रैक्टर की जानकारी देते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध बालू उठाव की गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था। जिसके आलोक में पुलिस कारवाई के दौरान बेड़ा टोली पथ से बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। अग्रतर कारवाई हेतु अंचलाधिकारी के द्वारा सहायक खनन पदाधिकारी को सूचनार्थ किया गया है। वहीं अंचलाधिकारी विजय कुमार ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध जांचोपरांत खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जायेगा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें की बेड़ा टोली से बालू का उठाव कर सरकारी कार्य मे बालू गिराने जा रहा था। उसी दौरान पुलिस कारवाई करते हुए ट्रैक्टर को जब्त किया गया।

## पत्नी पर अवैध संबंध का आरोप लगाकर की हत्या

बरवाडीह: बरवाडीह थाना क्षेत्र के बेतला पंचायत के कुटमु के हरिजन टोला में गुरुवार की रात पति ने पत्नी को दूसरे के साथ अवैध संबंध बताकर लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी। इस संबंध में थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह ने बताया गुरुवार की रात अनीता देवी उम्र 40 वर्ष पिता दुर्गा भुइयां को उसके पति ने ही लाठी डंडे से पीट कर हत्या कर दी जिससे उसकी मौत हो गयी। जिसके बाद रात्रि में ही अनीता देवी की पुत्री संगीता कुमारी उम्र 18 वर्ष बरवाडीह थाना में लिखित शिकायत अपने पिता के विरुद्ध दर्ज करायी। जिसके बाद थाना प्रभारी के प्रयास से हत्यारे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह ने बताया कि थाना कांड संख्या 57/2023 धारा 302 भादवी के तहत अनुसंधान करते हुए कार्रवाई की गयी।

# छिपकली गिरा पानी पीने से एक परिवार के चार लोगों की हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के खोरा पतराटोली गांव में वैजनाथ सिंह के घर बर्तन में रखे पानी मे छिपकली गिर गई और उस पानी का सेवन परिवार वालों ने कर लिया। उस पानी को पीने से चार लोगों की हालत बिगड़ गयी। बीमार लोगों में बैजनाथ सिंह (45), पत्नी ललिता देवी (42), बेटा उदय सिंह (16) व बेटी गायत्री कुमारी (14 वर्ष) शामिल हैं।

घटना की जानकरी देते हुये बैजनाथ सिंह ने बताया कि घर में बर्तन में पानी भरकर रखा हुआ था। उस पानी को घर के सभी चारों लोगों ने पीया। उस पानी से खाना पीना भी बनाया गया। जिसके बाद अचानक से पत्नी गायत्री देवी की हालत बिगड़ने लगी, जिसे देखकर परिजनों की नजर पानी रखे बर्तन पर गई तब उन्होंने देखा कि उस में छिपकली गिरकर मरी हुई है। जिसके बाद धीरे-धीरे सभी चारों लोगों को शरीर में दर्द होने लगा। उसके बाद बगल के ग्रामीणों के सहयोग से चारों लोग इलाज के लिए सदर अस्पताल आए हैं, जहां चिकित्सकों के द्वारा उपचार किया जा रहा है।

# कार व बाइक की सीधी भिड़ंत में तीन लोग हुए घायल, सदर अस्पताल में भर्ती



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिरंग टोली दाडहा चौक के समीप कार व बाइक की सीधी भिड़ंत में 3 लोग घायल हो गए। घायलों में गंडो कमल पुर निवासी 19 वर्षीय दीपक लोहरा पिता सील वाहन लोहरा जीत कुमारी देवी और दिसंबर लोहरा शामिल है। घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों घायल एक ही बाइक से रेफरल अस्पताल सिसई एक मरीज से मिलने आ रहे थे। वही विपरीत दिशा से एक कार से सीधी टक्कर हो गई घटना में दीपक के हाथ व पैर में काफी चोट लगी है वही दीपक के चाचा चाची को भी हाथ पर शरीर के हिस्से में चोट लगी है वही मौके पर सिसई थाना की पुलिस पहुंची और कार व बाइक को जप्त कर थाना ले गई। वहीं घायलों को उप स्वास्थ्य केंद्र सिसई ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को अस्पताल गुमला भेज दिया गया। वहीं सदर अस्पताल गुमला में तीनों का इलाज चल रहा है। घटना दिन के 11:00 बजे की है।

# घाघरा पुलिस ने डायन बिसाही, सड़क सुरक्षा, साइबर ठगी व नशा पान को लेकर लोगों को किया जागरूक




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** गुमला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार घाघरा पुलिस ने घाघरा प्रखंड के अजयातू गांव में डायन बिसाही, सड़क सुरक्षा, साइबर ठगी व नशा पान से संबंधित लोगों को जागरूक किया। इस दौरान गांव के महिला पुरुषों को समझाते हुए एसआई टेकलाल महतो ने कहा डायन बिसाही जैसी कोई भी चीज नहीं होती है यह समाज की कुरीति है। ऐसा मन में भी नहीं सोचना है कि डायन बिसाही जैसी कोई चीज होती भी है। किसी को डायन कहने से ही कानूनी सजा का प्रावधान है। सड़क सुरक्षा के संबंध में बताते हुए लोगों से कहा कि बिना हेलमेट मोटरसाइकिल व बिना सीट बेल्ट के चार चक्का वाहन ना चलाएं। किसी भी कीमत पर शराब पीकर वाहन ना चलाएं। साइबर ठगी के संबंध में भी उन्होंने कहा कोई भी व्यक्ति यदि फोन कर या किसी भी माध्यम से आपके बैंक खाते का डिटेल या किसी भी तरह का ओटीपी मांगे तो उसे कभी ना दें। साइबर ठग कई तरह से लोगों को प्रलोभन देकर बैंक का डिटेल ले लेते हैं और खाता से पैसा उड़ा लेते हैं। युवाओं को समझाते हुए कहा कि नशा पान से बिल्कुल ही दूर रहें। नशा विकास का बाधक है। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को भी शराब नहीं बनाने को कहा। इस मौके पर मुख्य रूप से एसआई टेकलाल महतो, तेजू महतो व उमेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## भ्रष्टाचार : क्रांतिकारी किसान सभा ने अभियंताओं पर की कार्रवाई की मांग

# लघु सिंचाई प्रमंडल गुमला से निर्मित नहर छह माह भी नहीं टिक पायी

**कहा- घटिया नहर निर्माण की जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो 14 जुलाई को विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार की लूट नीति व विभाग के खिलाफ आंदोलन शुरू किया जाएगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** क्रांतिकारी किसान सभा ने बताया कि घाघरा प्रखंड के नाथपुर गांव के केराझरिया डैम में बनाई गई नहर मात्र छह माह भी टिक नहीं सकी। यह कार्य लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला द्वारा कराया गया है। निर्माण इतना घटिया है कि यह छह माह भी नहीं टिक पाया और पहली बरसात में ही सूखे पत्ते की तरह भरभरा कर गिर गया। नहर बह गई है। इतना घटिया निर्माण कार्य बगैर इंजीनियरों की मिलीभगत के बिना नहीं कराया जा सकता है। इसलिए जिला प्रशासन से अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा मांग करती है कि उच्च स्तरीय जांच टीम गठित करते हुए प्राक्कलन को ताक पर रखकर किए गए कार्य व अति घटिया नहर निर्माण की व्यापक जांच करते हुए नए सिरे से नहर निर्माण कराया जाए।

किसान सभा गुमला ने जांचोंपरांत लघु सिंचाई प्रमंडल गुमला के पूर्व कार्यपालक अभियंता प्रदीप भगत, सहायक अभियंता और कनीय अभियंता पर भी कठोर कार्रवाई करने की भी मांग की है। विदित हो कि लघु सिंचाई प्रमंडल गुमला द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार के मामले पर कार्रवाई नहीं होने से ही पूरे जिले में किसान हित के विभिन्न योजनाओं में बेहिसाब भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जिसकी सूचना समय-समय पर जिला प्रशासन व सरकार को अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा व झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा दी जाती रही है। लेकिन जिस तरह की कार्रवाई होनी चाहिए व नहीं हुई। इंजीनियरों पर कार्रवाई नहीं करने का ही परिणाम है कि कहीं डैम टूट रहे हैं तो कहीं नहर बह जा रही है। किसान सभा ने यह भी कहा है कि अगर जिला प्रशासन बहे हुए घटिया नहर निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराते हुए कार्रवाई सुनिश्चित नहीं करता है तो 14 जुलाई को जिला मुख्यालय गुमला में किसानों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार की लूट नीति व विभाग के खिलाफ आंदोलन शुरू किया जाएगा।

इस मामले को झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री, देश के कृषि मंत्री और प्रधानमंत्री को पत्राचार के जरिए इस लूट से अवगत कराया जाएगा।

# झापा की मजबूती के लिए गुमला में होगा विशाल अधिवेशन

**झापा के केंद्रीय संगठन सचिव लेवनार्ड खलखो ने प्रेस कांफ्रेंस में दी जानकारी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आगामी लोकसभा, विधान सभा चुनाव को लेकर झारखंड पार्टी की गुमला जिला इकाई भव्य अधिवेशन करेगी। यह जानकारी झापा के केंद्रीय संगठन सचिव लेवनार्ड खलखो ने दी। उन्होंने कहा कि अधिवेशन की तिथि व स्थान को लेकर जल्द ही घोषणा की जाएगी। बताया जा रहा है कि झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का की अध्यक्षता में केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। जिसमें आगामी लोकसभा, विधान सभा की तैयारी हेतु सभी जिलों में पार्टी संगठन को फिर से मजबूत करने निर्णय लिया गया और सभी जिला में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जिला अधिवेशन किए जाने का निर्देश दिया गया। इसी निहित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को कार्यभार की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी क्रम में गुमला जिला में पार्टी के अधिवेशन के लिए पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव लेवनार्ड खलखो, प्रवक्ता आनंद पॉल तिर्की और केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य गजाधर ओहदार को जिम्मा दिया गया।

गुमला के केंद्रीय अधिवेशन में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का, केंद्रीय प्रधान महासचिव सह पूर्व राज्य मंत्री अशोक कुमार भगत, कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व सांसद चित्र सेन सिंह सिंकू, वरीय उपाध्यक्ष रिजवान अहमद, कोल्हान प्रभारी सह पूर्व राज्यसभा सांसद जामुदा, कार्यकारी अध्यक्ष किरण आईंद, महिला कोषांग की अध्यक्ष श्रीमती अर्पणा हंस आदि उपस्थित रहेंगे। यह बात भी निकल कर सामने आ रही है कि गुमला विस क्षेत्र के झापा प्रत्याशी के लिए लेवनार्ड खलखो के नाम पर पार्टी आला कमान की मुहर लगने वाली है।

# 'जब बहाने बना देने से काम चल जाता है तो काम करने की क्या जरूरत'

**गुमला शहरी क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से नहीं हो रही है पेयजलापूर्ति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** चाहे 20 सूत्री की बैठक में मामला उठे या बरसात में भी पीने के पानी के लिए तरसते हुए लोगों के जीवन का मामला। गुमला में पेयजलापूर्ति नहीं सुधर सकती। जलापूर्ति बंद होने के कई बहाने हैं। कभी मोटर में खराबी, कभी पाईपलाइन के क्षतिग्रस्त होने, तो कभी इंटक वेल में बालू भर जाने के कारण आए दिन जलापूर्ति बाधित हो रही है। इस बार फिर से पिछले दो-तीन दिनों से पेयजलापूर्ति बाधित हो गई है। इसके पीछे बिजली की कटौती को कारण बताया गया है। पेयजल आपूर्ति करने वाले संवेदक कुमार संदीप ने बताया कि दो-तीन दिन से रात के समय बिजली की कटौती कर दी जा रही है, जो सुबह में बहाल की जाती है। जिस कारण पानी स्टोर नहीं हो पा रहा है और सप्लाई बाधित हो गई है। नियमित बिजली मिलने पर ही जलापूर्ति संभव हो सकेगी।

मालूम हो कि गत तीन जुलाई को वित्त मंत्री सह 20 सूत्री के अध्यक्ष डॉ रामेश्वर उरांव की अध्यक्षता में तमाम अधिकारियों की मौजूदगी में 20 सूत्री की बैठक हुई थी। जिसमें पेयजल और बिजली का मुद्दा छाया हुआ था। बिजली की स्थिति सुधारने के अलावे पेयजलापूर्ति नियमित रूप से बहाल हो सके। इसके लिए मोटर की खरीदारी का भी निर्णय हुआ था। किंतु पुनः बिजली और पानी की चरमराई व्यवस्था मंत्री और अधिकारियों के निर्देश व निर्णय को मुंह चिढ़ाने के लिए काफी है।

## जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी भी जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है : रमेश चीनी

इधर 20 सूत्री के सदस्य रमेश कुमार चीनी ने इसपर नाराजगी प्रकट की है। कहा है कि जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी भी जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है। अब सब्र का इम्तिहान न लें। अन्यथा उग्र आंदोलन की बदौलत ही जनता अपनी जरूरतों की पूर्ति करवाएगी। उन्होंने कहा कि बिजली और पीएचईडी विभाग को किसी का डर नहीं है। बताया जाता है कि पीएचईडी के अभियंता की पहुंच उपर तक है। इसलिए वे उपायुक्त की भी नहीं सुनते और न ही कोई प्रशासनिक बैठक में शामिल होते हैं। अधिकारियों की लापरवाही का परिणाम जनता भुगत रही है।

## बंद कमरे में बैठकर गुमला के विकास की परिकल्पना करना गलत है : हेमावती लकड़ा

कांग्रेस की महिला उपाध्यक्ष हेमावती लकड़ा का कहना है कि विभागीय खामियों को दूर करना विभाग का काम है। जनता को सुविधा मिलनी चाहिए। पानी और बिजली पर जनता आश्रित रहती है। यदि मामूली सुविधाएं भी प्रशासन उन्हें नहीं दिला पा रहा है, तो बंद कमरे में बैठकर गुमला के विकास की परिकल्पना करना गलत है। इससे स्पष्ट होता है कि विकास के नाम पर सिर्फ लूट की योजना बनाने में प्रशासन मस्त है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# गोविंदपुर पंचायत के तिगरा एवं गोविंदपुर में शहीद पोटो हो खेल मैदान में बने चेंजिंग रूम का उद्घाटन



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर पंचायत के तिगरा एवं गोविंदपुर में शहीद पोटो हो खेल मैदान में बने चेंजिंग रूम का उद्‌घाटन शनिवार को सहादुर बैगा एवं कष्टू बैगा के द्वारा पूजा-अर्चना कर तथा बीडीओ सुमन गुप्ता के द्वारा फीता काटकर किया गया। तत्पश्चात फुटबॉल मैच का भी आयोजन किया गया। जिसमें फाइनल मैच गोविंदपुर और कमलपुर के बीच खेला गया। वहीं गोविंदपुर की टीम एक गोल से विजेता रही। अतिथियों के द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को कप देकर पुरस्कृत किया गया तथा बाकी सभी टीमों को जर्सी सेट देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित बीडीओ सुमन गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि यह चेंजिंग रूम आप खिलाड़ियों के लिए बना है। आप इस मैदान में खेलें और अपने गांव, प्रखंड, जिला, राज्य एवं देश का नाम रोशन करें। साथ ही कहा कि खेल को कैरियर के रूप में देखकर खेलें ताकि आपका भविष्य भी खेल के माध्यम से बने। मौके पर मुखिया रजनी मिंज, भालेन मिंज, अरशद अंसारी, रिजवान अंसारी, कलीम कुरैशी, समसुद्दीन अंसारी, मुर्तूजा अंसारी, जाकिर खान, संजय घांसी, नामुल महतो, रमेश साय आदि उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सिरकोट टोंगरी के समीप सड़क दुर्घटना में लगभग 28 वर्षीय अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक मोटरसाइकिल में घाघरा की ओर जा रहा था, वहीं विपरीत दिशा से ट्रैक्टर आ रहा था, जिससे सीधी भिड़ंत हुई और यह घटना घटी। घटना के बाद घाघरा पुलिस के द्वारा घायल को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया गया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल को पुलिस ने जब्त कर थाना ले आई है। समाचार लिखे जाने तक घायल का पता नहीं चल सका था। स्थानीय ग्रामीण व पुलिस घायल की पहचान के लिए लोगों से बातचीत कर रहे थे।

# सुभाष उरांव हत्याकांड के 24 घंटे बाद पुत्र ने दो लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी



**सिसई (आजाद सिपाही)।** सुभाष उरांव उर्फ चंदन हत्याकांड के 24 घंटे बाद शनिवार को परिजनों के साथ सिसई थाना पहुंचकर मृतक के पुत्र डेविड उरांव ने लकेया गांव निवासी बहुरा उरांव व अपने चचेरे भाई चामु उरांव के विरुद्ध जमीन विवाद में पिता की हत्या करने का केस दर्ज कराया है। दर्ज केस में कहा गया है कि हमलोग बंगाल के जलपाईगुड़ी जिला के कुर्थी गांव में रहकर चाय बागान में काम करते हैं। लकेया गांव में हमारी पुश्तैनी जमीन है, जमीन की देखरेख के लिए हमलोग बीच-बीच में पैतृक गांव आते रहते हैं। कुछ दिन पूर्व बाईपास सड़क में जमीन अधिग्रहण होने की सूचना पर मुआवजा लेने लकेया गांव आए थे। बीते शुक्रवार शाम को लकेया मुखिया ने फोन से मेरे पिता सुभाष उरांव की हत्या होने की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों ने बहुरा उरांव को हत्या के आरोप में पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है। गांव के अन्य लोगों से पता चला कि शुक्रवार को मेरे चचेरे भाई चामु उरांव के द्वारा हमारी पुश्तैनी जमीन को बिना बंटवारा के ही जुताई की जा रही थी। पिता के द्वारा चामु को अपने हिस्से की जमीन छोड़कर जोतने व इस साल बंटवारा करने की बात कहने पर चामु ने मेरे पिता को गाली गलौज देते हुए धक्का मुक्की करते हुए खेत से बाहर कर दिया। वहीं पास खड़े बहुरा उरांव ने मेरे पिता के सिर पर कुदाल से वार कर हत्या कर दी। मुझे शक है कि जमीन बंटवारा व मुआवजा को लेकर दोनों ने साजिश के तहत मेरे पिता की हत्या कर दी है। क्योंकि इससे पहले भी 2019 में मैं अपने हिस्से की जमीन में घर बनाने के लिए नींव खुदाई कर रहा था, उस समय चामु उरांव जमीन में हिस्सा नहीं देने की बात कहते हुए मुझे जान से मारने दौड़ाया था, मैं भागकर मुखिया सुगिया देवी के घर गया, मुखिया ने मुझे बचाकर कुछ दिन बाद मुझे बंगाल भेज दिया था। वहीं परिजनों की अनुपस्थिति में लकेया पंचायत की मुखिया सुगिया देवी ने ग्रामीणों से मिलकर शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के द्वारा शव को अंतिम संस्कार के लिए बंगाल ले लाने की बात कहने पर मुखिया ने सांसद सुदर्शन भगत से दूरभाष पर बात कर एंबुलेंस व्यवस्था कराने का आग्रह किया। सांसद ने तत्काल पेशेंट ट्रांसपोर्ट एंबुलेंस सिसई थाना भिजवाया। जिसके बाद परिजन शव को लेकर बंगाल के लिए रवाना हुए। बंगाल से मृतक की पत्नी सुकरमईन उरांव, पुत्र डेविड उरांव, रिश्तेदार हीरालाल उरांव, जेम्स एक्का, कपिल उरांव, प्रदीप उरांव, विजय गोप व मंजु उरांव शव लेने पहुंचे थे।

## बैठक : जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक में हुई कई मुद्दों पर चर्चा

# बैंकों से नहीं मिल रही है चार प्रतिशत अभिवृद्धि की गयी मंहगाई भत्ता की राशि

**बैठक में रायडीह, घाघरा एवं गुमला प्रखंड के एक-एक सदस्य ने पेंशनर समाज की सदस्यता ग्रहण की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक समाज के जिलाध्यक्ष तेजपाल राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले के पेंशनरों के समक्ष आये दिन आने वाली कठिनाइयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। तेजपाल राम द्वारा पेंशनरों को सुझाव दिया गया कि यदि किसी पेंशनभोगी अथवा पारिवारिक पेंशनधारी की मृत्यु हो जाती है तो ऐसी परिस्थिति में मृतक के परिजन तत्काल मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ आवेदन संबंधित बैंक शाखा को दे दें। बैठक में कुछ पेंशनधारियों द्वारा कतिपय बैंक की शाखाओं द्वारा चार प्रतिशत अभिवृद्धि की गयी मंहगाई भत्ता की राशि भुगतान नहीं किये जाने की बात कही गयी। इस पर सचिव महावीर प्रसाद मिश्र द्वारा कहा गया कि पेंशनधारी पहले अपना बैंक पासबुक अपडेट करा लें ताकि प्रमाणिकता के साथ संबंधित बैंक के प्रबंधक को इस दिशा में यथोचित कार्रवाई के लिए आग्रह किया जा सके। पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार पेंशनर समाज के कार्यकारिणी की बैठक अक्टूबर माह में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में रायडीह, घाघरा तथा गुमला प्रखंड के एक-एक सदस्य द्वारा समाज की सदस्यता ग्रहण की गयी। उपस्थित सदस्यों द्वारा नवागंतुक पेंशनरों का स्वागत किया गया। साथ ही पेशनधारियों के बीच दिल्ली से प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका पेंशनर वॉयस का वितरण भी किया गया।

अंत में पेंशनर समाज के वरिष्ठ सदस्यों क्रमशः बिशुनपुर की लोदो उराईन, सिसई के साकिर अंसारी व भरनो के शिवशंकर महतो तथा मतियस बारा के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी।

मौके पर गौरी प्रसाद, परमानंद भीमकुल, सदाशिव नन्द, विश्वनाथ साहू, भागी नाग, हीरालाल सिंह, चन्द्र नाथ प्रसाद, लिटंगु उरांव, शांति प्रकाश केर-केट्टा, तारसियुस टोप्पो, बंधु साहू, पंचे उरांव, श्यामनंदन महतो, पास्कल तिर्की, वेणी साहू, इमाकुलाता तिग्गा, करोलिना एक्का, मेझरेन मिंज, तारामणि एक्का तथा प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी द्वारिका मिश्र 'सुमन' उपस्थित थे।

# बच्चों को समर कैंप में मिल रही है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

**पीरामल फाउंडेशन की एडीसी टीम और प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से पांचवीं कक्षा पास बच्चों के लिए गुमला एवं घाघरा प्रखंड में समर कैंप का किया जा रहा है आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पीरामल फाउंडेशन की एडीसी टीम और प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन संयुक्त रूप से समर कैंप के माध्यम से पांचवीं कक्षा पास बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए गुमला एवं घाघरा प्रखंड में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। घाघरा एवं गुमला प्रखंड के पंचायतों के 445 स्वयंसेवकों /स्वयंसेवियों को प्रशिक्षित किया गया था एवं कक्षा संचालन हेतु आवश्यक सामग्री दी गई थी, सभी स्वयंसेवक अपने गांव समुदाय, मुहल्ले के बच्चों को विद्यालय अवधि के बाद रोजाना एक घंटा शिक्षित कर रहे हैं। इसमें कक्षा पांचवीं पास छात्र छात्राएं जो कक्षा 6 में नामांकन लेंगे, जिनका नामांकन अभी नहीं हुआ है अथवा जो नामांकन लेंगे, उनका जो लर्निंग गैप बन गया है उसकी पूर्ति करने के लिए बच्चों को उस स्तर तक लाने के लिए समर कैंप के माध्यम से खेल खेल में चार सप्ताह तक शिक्षा दी जा रही है। जिससे बच्चों का हिंदी एवं गणित आधारित शैक्षणिक विकास हो सके। समर कैंप में शामिल सभी स्वयंसेवकों को प्रथम एजुकेशन फौंडेशन टीम की ओर से शिक्षा के बदले शिक्षा कार्यक्रम के तहत इंटरनेट जागरूकता का कोर्स भी कराया जाएगा। जिससे युवाओं में इंटरनेट के उपयोग को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। उपायुक्त गुमला के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशिनी क्रिकेटर के द्वारा चल रहे समर कैंप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने कहा कि कैंपों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है जिससे बच्चों के पढ़ने लिखने की क्षमता में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। मौके पर उपस्थित पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीड प्रमोद जायसवाल ने समर कैंप से संबंधित तमाम जानकारियों से अवगत करवाया। वहीं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सुनील कुमार ने समर कैंप संचालन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। मौके पर पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो सुपर्णा मोदक, समर कैंप में सेवा दे रहे स्वयंसेवक बालमति कुमारी, रंजीता कुमारी उपस्थित थी।

### आठ साल पहले हुई थी शादी, पति-पत्नी के रिश्तों में आइ खटास का हुआ दर्दनाक अंत

# पत्नी की हत्या कर पति ने थाने में किया आत्मसमर्पण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सतबरवा/पलामू।** सतबरवा थाना क्षेत्र के सलैया गांव निवासी 26 वर्षीय विजय परहिया नामक युवक ने शुक्रवार की रात अपनी पत्नी की पीटकर व गला दबाकर कर दी। मृतका की पहचान फूनका देवी (25) के रूप में हुई है। विजय ने पत्नी की हत्या करने के बाद रात में ही सतबरवा थाना पहुंच कर आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद सतबरवा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शनिवार की सुबह घटनास्थल पर जाकर शव का पंचनामा करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदनीनगर भेज दिया है। उधर, मृतका फुनका देवी के मायके बरवाखांड़ से पिता लक्ष्मण परहिया के अलावा मां व चाची समेत दर्जनों लोग सतबरवा थाना पहुंच गए। वहां पिता लक्ष्मण परहिया ने बताया कि 8 वर्ष पहले सलैया गांव निवासी विजय परहिया से बेटी की शादी की थी। उसके दो बच्चे भी हैं। जिसमें से एक की उम्र पांच साल और दूसरा दो साल का है। मृतका के परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है। दूसरी ओर, सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि पति-पत्नी के बीच अच्छे संबंध नहीं थे। जिस कारण विजय परहिया ने अपनी पत्नी फूनका देवी की हत्या गला दबाकर कर दी। मृतिका की मां मालती देवी की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है, जिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी विजय परहिया को जेल भेजा जा रहा है।


हत्या के बाद रोते बिखलते परिजन।

## बीडीओ प्रशांत ने कई पीडीएस दुकानों का किया औचक निरीक्षण, दिये कई निर्देश



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने शनिवार को रेहला क्षेत्र के कई पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उठाव, वितरण व भंडारण पंजी का जांच किया। लाभुकों की समस्याएं भी सुनी और समाधान का भरोसा भी दिया। बीडीओ ने डीलरो को समय पर राशन वितरण करने और नियमित दुकान को खोलने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि ग्रीन कार्ड धारियों का जनवरी माह का राशन और अंत्योदय व लाल कार्ड धारियों का जुलाई माह तक का राशन सभी डीलरों को प्राप्त हो चुका है। जिसे कार्डधारी पीडीएस दुकान से उठाव कर सकते है। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कहा कि खाद्यान वितरण में कोई भी अनियमितता बर्दास्त नहीं की जायेगी। दोषी डिलारो को बख्शा नहीं जायेगा।

## पर्यावरण को स्वच्छ व हरा-भरा बनाना हमारा कर्तव्य : मनुज शर्मा




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव के अवसर पर सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं की ओर से विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के बीच वृक्षारोपण, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, इंटर हाउस बोर्ड डेकोरेशन आदि आयोजित किया गया। प्री प्राईमरी के छात्र-छात्राओं ने ग्रीन डे के रूप में इस दिन को हरा-भरा बनाया और चारों दिशाओं में अपने नृत्य एवं गीतों के माध्यम से हरियाली का झंडा लहराया। प्राचार्य मनुज शर्मा ने फलदार वृक्ष लगाकर सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा भरा बनाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में मानव जाति द्वारा वनों की कटाई काफी चिंताजनक है। वन महोत्सव का मुख्य उद्देश्य वनों को लगाने और इसे बचाने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव के मौके पर हम सभी को वृक्ष लगाने और इसे संरक्षण देने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपना भरपूर सहयोग दिया।

## दादा-दादी व नाना-नानी परिवार के स्तंभ : आलोक

**जपला विद्या मंदिर में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह आयोजित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड विद्या विकास समिति की ओर से संचालित ज्ञान, चरित्र एवं संस्कार की त्रिवेणी भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत नगर की अग्रणी संस्था जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह सह पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह के अलावा चंद्रेश्वर प्रसाद, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे, सचिव राकेश तिवारी, अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, अजय गुप्ता, अंशु अग्रवाल, कामख्या सिंह, सत्येन्द्र चंदेल, सेवानिवृत्त शिक्षक रंजीत कुमार सिंह, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा और संजय कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, ओम एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि शिशु मंदिर में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मानित करने की परंपरा को जीवंत रखा है। यह हमारी संस्कृति विरासत है जो आज भी जीवित है। शिशु मंदिर ही केवल एक ऐसा विद्यालय है जहां शिक्षा के साथ संस्कार भी देने की परंपरा है। दादा-दादी, नाना-नानी परिवार के स्तंभ होते हैं। वहीं, प्रधानाचार्य ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी बहुमूल्य संपत्ति हैं। किताबी ज्ञान से हटकर परिवार जोड़ने का पाठ पढ़ाते हैं। बुजुर्गो के पास ज्ञान का अमृत होता है। जिसे वे अपने बच्चों को पिलाकर उन्हें सफल इंसान बनाते हैं। इस अवसर पर नन्हें बच्चों ने 100 से अधिक दादा-दादी, नाना-नानी को सनातन संस्कृति के अनुसार सम्मान दिया। इसके बाद बच्चों ने दादा-दादी, नाना-नानी का आशीर्वाद लिया। समारोह को सफल बनाने में प्रमुख शशि कुमार, अभिषेक पाठक, राजेश्वर सिंह यादव, संजय सिन्हा, मृत्युंजय प्रसाद, सुनील पासवान, चंदन कुमार, हर्षदा चौबे, श्वेता सिंह, रंजीत मिश्र, राजकुमार सिंह और मनोज सिंह की सराहनीय भूमिका रही।



जिप उपाध्यक्ष को सम्मानित करते विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष।

## नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** सर्वेश्वरी समूह की विश्रामपुर शाखा की ओर से स्थानीय आश्रम में शनिवार को निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन सासाराम से आये डॉ उपेंद्र कुमार सिंह व शाखा मंत्री नागेंद्र प्रसाद पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में होम्योपैथिक चिकित्सको द्वारा कई मरीजो का स्वास्थ्य जांच किया गया। जांचोपरांत सभी मरीजों को निःशुल्क दावा भी दी गई। नागेंद्र प्रसाद पांडेय ने कहा कि सर्वेश्वरी समूह मानव सेवा का पर्याय बन चूका है। समूह बगैर किसी भेद-भाव के निःस्वार्थ भाव से मानव मात्र के कल्याण में लगा रहता है। इस मौके पर संतोष सिंह, संजय कुमार सिंह, बामदेव सिंह, डॉ नरेंद्र पाल, अचितानंद पांडेय, नागेंद्र प्रसाद सिंह और अचितानंद गर्ग सहित कई लोग मौजूद थे।



## ऑनलाइन बुकिंग शुरू, डिलीवरी सितंबर से : आनंद ऑटोबाइक्स

### हार्ले डेविडसन के प्रवेश से बदलेगा मार्केट का खेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अमेरिकी कंपनी हार्ले डेविडसन ने हीरो मोटोकॉर्प के साथ मिलकर भारतीय बाजार में अपनी सबसे सस्ती बाइक एक्स 440 लांच कर दी है। हार्ले डेविडसन एक्स 440 की शुरूआती एक्स शोरूम कीमत महज 2.29 लाख रुपए है।

भारतीय बाजार में 350 सीसी से लेकर 650 सीसी सेगमेंट तक की बाइक में रॉयल एनफील्ड की बादशाहत को चुनौती देने आई हार्ले डेविडसन एक्स 440 का मुकाबला रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 और होंडा सीबी 350 के साथ ही अन्य कंपनियों की बाइक से है। एचडी एक्स 440 में 440 सीसी का सिंगल सिलेंडर और ऑयल कूल्ड इंजन लगा है। जिसके बारे में कंपनी का दावा है कि यह 6000 आरपीएम पर 27 बीएचपी की पावर मैक्सिमम पावर और 4000 आरपीएम पर 38 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम है। एक्स 440 6 स्पीड गियर बॉक्स से लैस है।



### इसकी खासियत

देखने में स्पोर्टी हार्ले डेविडसन एक्स 440 के लुक की बात करें तो ट्यूबलर ट्रेलिस फ्रेम पर बेस्ड इस बाइक में रेट्रो स्टाइल वाली राउंड शेप की हेड लाइट लगी है, जिसके बीच में एलइडी डीआरएल बार लगे हैं। इसमें अंडाकार टेल लैंप, सर्कुलर इंडिकेटर, मस्कुलर फ्यूल टैंक, चौड़े फ्लैट हेंडलबार, मिड सेट फुट पेग, ब्लैक इंजन बे और एग्जॉस्ट के साथ ही राउंड शेप के स्पीडोमीटर लगे हैं। हार्ले की यह बाइक देखने में काफी स्पोर्टी लगती है। हार्ले डेविडसन एक्स 440 की अन्य खूबियों की बात करें तो इसमें सिंगल सीट सेटअप, मोटे ग्रैब रेल, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी से लैस टीएफटी डिस्प्ले के साथ सर्कुलर शेप का इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, फ्रंट में यूएसडी फॉक्स, रियल में ट्विन शॉक अब्जॉर्बर है, डिस्क ब्रेक, साइड स्टैंड इंजन कट ऑफ फंक्शन, ड्यूल-चैनल एबीएस, 18 इंच के फ्रंट और 17 इंच के रियर एमआरएफ टायर समेत सारी खूबियां हार्ले डेविडसन एक्स 440 को आने वाले समय में लोगों की फेवरेट बाइक बना सकती है आगामी सितंबर में इसकी डिलीवरी शुरू होगी।

## पलामू प्रमंडल के किसान फूलों की खेती को बना रहे रोजगार का साधन, हो रही कमाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गेंहू, मक्का, धान जैसी अन्य पारंपरिक फसलों की खेती छोड़ पलामू प्रमंडल के किसान अब फूलों की खेती में जोर आजमा रहे हैं। कम लागत और अधिक मुनाफाहोने की उम्मीद से किसानों ने पारंपरिक खेती की जगह दूसरे फसलों की ओर रूख कर रहे हैं। ताकि वे आर्थिक रूप से सबल हो सकें और खेती-किसानी में उनका मान-सम्मान भी बना रहे। पलामू प्रमंडल के जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के कुछ किसानों ने फूलों की खेती कर अपनी पहचान बनाई है। फूलों की खेती का सुखद परिणाम भी सामने आये हैं। खेतों में फूलों की विभिन्न प्रजातियां अपनी खुशबू बिखेर रही है। पलामू प्रमंडल के 459 किसानों के बीच उद्यान विभाग की ओर से फूल के पौधे वितरित किये गये थे।



### पलामू में 130 किसानों ने की फूलों की खेती

पलामू के चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के कंकारी, बसरिया कला, सलतुआ, बंदुआ आदि पंचायत के 130 किसानों के बीच गेंदा एवं ग्लैडियोलस के पौधे उपलब्ध कराये गये थे। चैनपुर के बसरिया कला की ललिता देवी, मंजू देवी, सोकरा की रीतू देवी, मीना देवी सहित अन्य महिला किसानों ने छोटे-छोटे पैच में फूलों की खेती की। दूसरी ओर, लातेहार जिले में 20 किसानों को गेंदा और ग्लैडियोलस फूल के पौधे उपलब्ध कराये गये थे। चंदवा प्रखंड क्षेत्र के किसानों ने 20 हेक्टेयर के क्षेत्रफल के लिए फूलों के पौधे विभाग से प्राप्त कर खेती की। मुख्य रूप से राजेंद्र उरांव, निर्मला देवी, सगुना कुमारी आदि किसानों ने फूलों की खेती कर आमदनी बढ़ाई है।

### गढ़वा के 175 किसानों ने लिए थे गेंदा फूल

गढ़वा जिले के 60 किसानों को गुलाब, 74 किसानों को ग्लैडियोलस एवं 175 किसानों के बीच गेंदा फूल के पौधे वितरण हुए थे। जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत अरंगी पंचायत के बनखेता गांव निवासी आरमा कुशवाहा एवं केतार प्रखंड के वेलावार निवासी अलताफ अंसारी ने भी फूलों की खेती प्रारंभ की है। किसानों ने बताया कि अन्य पारंपरिक खेती की अपेक्षा फूलों की खेती से उन्हें काफी फायदा हुआ है। आर्थिक समृद्धि आ रही है। फूलों की अच्छी खेती देख उनके मन भी प्रफुलित हो उठता है। उनके मान-सम्मान भी बढ़े हैं। क्षेत्र में अलग पहचान भी बनी है। वेलावार के ही सकील अंसारी, केतार के जितेन्द्र कुमार मेहता, मकरी के नसरूदीन मियां, रंका के पिंटू मालाकार आदि ने भी फूल की खेती प्रारंभ की है। इसके अलावा करूआ कला, नगर उंटारी आदि विभिन्न प्रखंडों के गांवों में किसान फूलों की खेती में जोर आजमा रहे हैं।

वहीं, केतार प्रखंड के वेलावार निवासी अलताफ अंसारी एक एकड़ भूमि पर फूलों की खेती कर रहे हैं। वे गेंदा, गुलाब, रजनीगंधा, सूर्यमुखी आदि विभिन्न प्रजाति के फूलों की खेती की है। खेती में उनका परिवार भी सहयोग कर रहा है।

# स्पोर्ट्स



रांची के मोगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स स्थित एक्वेटिक स्टेडियम में शनिवार से शुरु हुए दो दिवसीय 13वीं जूनियर, सब जूनियर बालक/बालिका झारखंड तैराकी प्रतियोगिता के पहले दिन टाटा स्टीव के खिलाड़ियों का दबदबा रहा

### 13वीं जूनियर, सब जूनियर झारखंड तैराकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

## टाटा स्टील ने जीते 21 गोल्ड, 9 सिल्वर व 10 ब्रांज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के एक्वेटिक स्टेडियम में शनिवार से दो दिवसीय 13वीं जूनियर, सब जूनियर बालक/बालिका झारखंड तैराकी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित झारखंड सरकार के खेल,पर्यटन एवं कला संस्कृति विभाग के सचिव मनोज कुमार ने किया। दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान 250 से ज्यादा तैराक भाग ले रहें हैं। उद्घाटन के अवसर पर गिरीश राठौर एवं अर्चित आनंद (उपाध्यक्ष) झारखंड ओलंपिक संघ ने भी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मनोज कुमार ने आयोजन की प्रशंसा की और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा। समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि झारखंड तैराकी संघ की अध्यक्ष बरखा सिन्हा होंगी। उक्त जानकारी झारखंड तैराकी संघ के सचिव उपेंद्र तिवारी ने दी। दूसरी ओर, शनिवार को हुए प्रतियोगिता के पहले दिन टाटा स्टील के खिलाड़ियों ने 21 गोल्ड, 9 सिल्वर और 10 ब्रांज मेडल जीता। वहीं, रांची के खिलाड़ियों ने 13 गोल्ड, 14 सिल्वर और 10 ब्रांज मेडल अपने नाम दिया। जबकि हजारीबाग के खिलाड़ियों ने चार गोल्ड, चार सिल्वर और छह ब्रांज अपने नाम किया।


स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के साथ गणमान्य लोग।

## सांसद खीरू महतो ने किया झारखंड रांची एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड अधिवक्ता मंच के तत्वाधान में आयोजित झारखंड एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट रांची शनिवार से शुरू हुई। इसमें पूरे झारखंड के कुल 12 टीमों ने भाग लिया। पहला मैच झारखंड हाई कोर्ट ग्रीन पैंथर और राजन सहाय एसोसिएट के बीच हुई। इस मौके पर अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सौरव सोनू, सुधांशु कुमार, बंदिश कुमार, सचिन कुमार, प्रशांत कुशवाहा, अजय यादव आदि उपस्थित थे। अंपायर के रूप में अकाश गिरी एवं सुभाष कुमार यादव थे। वहीं मैच संपन्न कराने में विकास गिरी, आदर्श, कुणाल सिंह, सुधांशु कुमार और आयुष कुमार का सराहनीय सहयोग रहा। इस मौके पर झारखंड अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष रविंद्र कुमार, विनोद कुमार सिंह, अमन कुमार, राहुल, अनूप कुमार, ज्योति आनंद, विशाल आनंद, परिजात कुमार, सौरव सुनो, सचिन, आनंद कुमार, बंदिश कुमार, प्रशांत कुमार कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## विश्रामपुर से सोमवार को निकलेगी कांवड़ यात्रा, शामिल होंगे क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित सर्वमानोकमान पूर्ति अष्टभुजी मंदिर में सावन माह के प्रत्येक सोमवार को जलाभिषेक होगा। इसके लिए सोमवार को विश्रामपुर में कांवड़ यात्रा निकाली जायेगी। जिसमे सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे। कांवड़ यात्रा की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। इसकी जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी कांवड़ यात्रा निकाली जायेगी। रेहला कोयल नदी से जल लेकर श्रद्धालु सर्वमानोकमाना पूर्ति अष्टभुजी मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। श्रद्धालुओं के लिए खुशी की बात यह है कि इस बार सावन लावण मास के कारण आठ सोमवार पड़ रहा है। प्रत्येक सोमवार को कांवड़ यात्रा निकलेगी और जलाभिषेक भी होगा। उन्होंने विश्रामपुर विस क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में जलाभिषेक कर पुण्य के भागी बने। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने कहा कि दूर से आने वाले लोगों के लिए वाहन की भी व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं के लिए अन्य कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, इदरीस हवरी, उदेश्वर यादव और रजनीश चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

## आश्वासन : सीसीएल सीएमडी बी वोरा रेड्डी ने बी एंड के और ढोरी क्षेत्र का किया निरीक्षण

# किसी भी विस्थापित के साथ नहीं होगी नाइंसाफी:सीएमडी

- उत्पादन के लक्ष्यों को चालू वित्त वर्ष में पूरा कर लेंगें
- पिछरी कोलियरी चालू करने की दिशा में कवायद जारी


बेरमो क्षेत्र के परियोजनाओं का निरीक्षण करते सीसीएल के सीएमडी व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** सीसीएल के नए सीएमडी सह कोल इंडिया के निदेशक तकनीकी बी वोरा रेड्डी ने शनिवार को बेरमो क्षेत्र के कई परियोजना का निरीक्षण किया। बेरमो दौरे के क्रम में बीएण्डके के खासमहल-कोनार परियोजना, बोकारो कोलियरी, कारो परियोजना और करगली गेट स्थित सैलरी प्वाइंट का निरीक्षण किया। वहीं ढोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सीएमडी बी वोरा ने बीएंडके जीएम एम कोटेश्वर राव व ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल से कोयला उत्पादन व डिस्पेच से संबंधित जानकारी ली। साथ ही परियोजना का नक्शा का अवलोकन करते हुए उत्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा कि कोयला उत्पादन के लिए यह क्षेत्र काफी अच्छा है। इसमें स्थानीय लोगों और राजनीतिक लोगों की मदद की जरूरत है। सीसीएल केंद्र सरकार की कंपनी है। आज देश को ऊर्जा के लिए कोयले की आवश्यकता है। कुछ स्थानों पर कुछ कारणों से उत्पादन बंद है। यह सरकारी कंपनी है और स्थानिय ग्रामीणों को जमीन के बदले मुवावजा, नौकरी व दूसरे स्थान पर बसने के लिए जमीन संपूर्ण व्यवस्था के साथ दे रही है। उन्होंने कहा कि उत्पादन के लक्ष्यों को चालू वर्ष में वित्तीय वर्ष की तरह पूरा कर लिया जाएगा। सीएसआर के तहत ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण करके और ज्यादा बेहतर कार्य कर ग्रामीणों का विश्वास जीतकर और उनकी समस्या का निदान कर कोलियरियों को आगे बढ़ायेंगें। साथ ही पिछरी परियोजना चालू करने की दिशा में पहल की जा रही है। सीएमडी ने विस्थापितों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। जिनका जो अधिकार है वह उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनियों के रहने से सीसीएल को फायदा हो रहा है। 80 प्रतिशत आउटसोर्सिंग कंपनियों से और 20 प्रतिशत डिपार्टमेंटल उत्पादन हो रहा है। अंडरग्राउंड माइन्स से भी उत्पादन बढ़ाने की कवायद चल रही है। बताया कि करगली वाशरी काफी पुराना हो चुकी है। साल 1954 में यह वाशरी बना था। अब उसमें काम करने लायक नहीं है। अभी कोल इंडिया में 56 मिलियन टन कोल स्टॉक है। बारिश के मौसम में कोयला उत्पादन करने में कुछ कठिनाइयां आती है और उत्पादन में थोड़ा असर पड़ता है। इस मौके पर बीएंडके जीएम एम कोटेश्वर राव, ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, करगली पीओ मनोज कुमार, अमलो पीओ केआर सत्यार्थी, खास-ढ़ोरी पीओ रंजीत कुमार, कल्याणी पीओ शैलेश प्रसाद, बोकारो पीओ अरविंद कुमार शर्मा, खासमहल-कोनार पीओ कन्हैया शंकर गेवाल, कारो पीओ सतेंद्र कुमार, बीएंडके क्षेत्र के एसओ ईएंडएम गौतम मोहंती, एसओ पीएडपी एसके झा, एरिया सेफ्टी ऑफिसर कुमार सौरभ सिंह, मैनेजर बीपी साहू, मैनेजर जीएन सिंह, ढोरी क्षेत्र के एएफएम राजीव कुमार, एसओएक्स प्रवीण कुमार व यूके पासवान, एरिया सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम यूऊके आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### उत्पाद विभाग और तेतुलमारी पुलिस ने चलाया संयुक्त अभियान, 630 लीटर अवैध शराब बरामद

**कतरास/तेतुलमारी (आजाद सिपाही)।** तेतुलमारी पुलिस और उत्पाद विभाग की ओर से संयुक अभियान चलाकर तिलाटांड स्थित रामबाबू टुड्डू के घर छापामारी कर 630 लीटर अवैध निर्मित शराब बरामद किया गया। लगे हाथ 1000 लिटर जावा महुआ को नष्ट भी किया गया। हालांकि इस बार भी अवैध धंधेबाज पुलिस आने से पहले ही भागने में सफल रहे। उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर कमलकांत कुमार ने बताया कि तेतुलमारी थाना क्षेत्र के तिलाटांड में लगातार अवैध महुआ शराब की सूचना मिल रही थी। उत्पाद सहायक आयुक्त के निर्देश पर उक्त छापामारी की गई, जहां से 630 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई है। इसके अलावा जावा महुआ भी मिला, जिसे नष्ट कर दिया गया। इस दौरान किसी के गिरफ्तारी की कोई सूचना नहीं है। उधर, जब्त 630 लीटर अवैध महुआ शराब को धनबाद उत्पाद कार्यालय लाया गया। इसके अलावा उक्त मकान के मालिक रामबाबू टूडू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस मौके पर उत्पाद तेतुलमारी थाना के पुअनि नरेश यादव दलबल सहित उपस्थित थे ।

### ढोकरा हॉल्ट के समीप ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** बलियापुर थाना क्षेत्र स्थित करमाटांड़ ओवर ब्रिज से 200 गज की दूरी पर पश्चिम ढोखरा होल्ट के पास शनिवार की सुबह करीब 5 बजे ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। इसकी सूचना पाते ही आसपास के लोग पहुंच गये।तुरंत इसकी सूचना बलियापुर पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। वह ब्लू जींस पैंट व काला गंजी पहने हुए था।

### सेल के प्रबंध प्रशिक्षु का सेंट्रल इंडक्शन कार्यक्रम का समापन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** मानव संसाधन विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में सेल के विभिन्न सन्यंत्रों के लिए नव नियुक्त प्रबंध प्रशिक्षु -2023 बैच का सेंट्रल इंडक्शन कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह में निदेशक प्रभारी (राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो इस्पात संयंत्र) अतनु भौमिक, अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अमिताभ श्रीवास्तव, अधिशासी निदेशक (माइंस) जॉयदीप दासगुप्ता, कार्यकारी अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) भूपिंदर सिंह पोपली और मुख्य महाप्रबंधकगण व विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

## हैकरों ने व्यवसायी के खाते से उड़ाये 19 हजार, शिकायत दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** ना मोबाइल पर ओटीपी आया और ना ही मैसेज, बिना हस्ताक्षर के ही डुमरा निवासी व्यव्सायी श्याम सुंदर साव का नेहरू चौक हरिना स्थित बैंक ऑफ इंडिया (बीओआइ) के बाघमारा शाखा स्थित अकाउंट से 19 हजार रुपया अवैध तरीके से निकाल लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी लिखित शिकायत व्यवसायी ने बरोरा थाने में की है। व्यवसायी श्याम सुंदर साव का कहना कि एक जुलाई को किसी ने अवैध तरीके से उसके अकाउंट से 10 हजार रुपये निकाल लिए थे। इसके ठीक तीन दिन बाद यानी चार जुलाई को दोबारा से नौ हजार रुपये की निकासी की गयी है। इस दौरान ना ही उसके मोबाइल पर कोई ओटीपी आया और ना ही एसएमएस। उसके बिना हस्ताक्षर के ही अकाउंट से पैसा निकाला गया है। जब वह पांच जुलाई को अपना बैंक अकाउंट जांच करने गया तो पता चला कि दो बार में 19 हजार रुपये की निकासी की गयी है। इस बाबत बैंक प्रबंधन से शिकायत करने पर टालमटोल किया गया। व्यवसायी ने इसकी लिखित शिकायत बरोरा थाना को देखकर मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## धनबाद में दो दिवसीय आनंद मेले का आयोजन, 70 स्टॉल्स में महिलाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर का आकर्षक कलेक्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** मारवाड़ी महिला समिति की धनबाद शाखा की ओर से शनिवार को धनसार स्थित एक होटल में दो दिवसीय आनंद मेला का आयोजन किया गया। पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष उर्मिला गुटगुटिया, निर्मला तुलस्यान एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा समिति प्रमुख अरुणा भगानिया ने मेला का उद्घाटन किया। समिति की अध्यक्ष संजू डालमिया, प्रांतीय वित्त प्रबंधन प्रमुख किरण गोयनका, राष्ट्रीय पर्यावरण सखी अनीता अग्रवाल, आगामी प्रांतीय अध्यक्ष मंजू बगड़िया, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष रेणु दुदानी, अंचल प्रमुख विनीता खंडेलवाल, साधना देवरालिया, शाखा सचिव प्रीति अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रीति अग्रवाल को पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधा देकर सम्मानित किया गया। मेला सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक संचालित है। रविवार को मेला का समापन होगा। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मेले में जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, बंगलोर, मुंबई, बनारस, मुज्जफरपुर, कोलकाता के अलावे झारखंड के रांची, जमशेदपुर, धनबाद आदि शहरों से कुल 70 स्टॉल लगे हैं। कोयलांचल वासियों के लिए इस मेले में लुभावनी राखियां, भगवान की पोशाक, गहने व बंदनवार, डिजाइनर बनारसी हैंडलूम सिल्क सांड़ियां, लेडीज इंडियन एवं इंडो वेस्टर्न ड्रेसेज, लखनवी सूट्स, अनुठे किड्स वियर, मेंसवेयर, फूटवेयर, आकर्षक ज्वेलरी, होमडेकोर आईटम, गिफ्ट आईटम, गिफ्ट हैंपर, होममेड, कॉस्मेटिक्स, केक, चॉकलेट, बनारस व आसनसोल का पापड़, अचार, मुरब्बा और तंजौर पेंटिंग की कलात्मक वस्तुओं का अपार संग्रह है। मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए ड्राइंग, गेम्स, नेल आर्ट, हाउजी के साथ ही लजीज व्यंजनों की भी व्यवस्था है।

## मैथन के डीवीसी बीपी नियोगी अस्पताल में कार्डियोलॉजी सेवा का हुआ शुभारंभ



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मैथन स्थित डीवीसी बीपी नियोगी अस्पताल में शनिवार को कोलकाता के फोर्टिस अस्पताल के सहयोग से कार्डियोलॉजी सेवा शुरू की गई। फोर्टिस अस्पताल द्वारा हरेक माह के तीसरे शनिवार को हृदय रोग विशेषज्ञ का ओपीडी होगा। ओपीडी सेवा का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ यू कुमार एवं फोर्टिस अस्पताल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अविक कारक ने किया। डॉ कुमार ने बताया कि अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ की कमी थी। हृदय रोग विशेषज्ञ के उपलब्ध होने से मैथन एवं आस पास के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि शरीर में थोड़ी सी भी दिक्कत हो तो डॉक्टर को जरूर दिखाये। समय पर इलाज होने से रोगों का इलाज संभव है। वहीं, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अविक कारक ने कहा कि सीने में हल्का दर्द को भी नजरअंदाज ना करे। उन्होंने इस संबद्ध में हार्ट से संबंधित लक्षण के कई उदाहरण दिये। इस मौके पर डॉ एस मल्लिक्क, डॉ संजय कुमार, डॉ संगीता रानी, डॉ एजे केरकेटटा, डॉ मनाली मिस्त्री देब, डॉ आरआर दीक्षित, डॉ मल्हार मुखर्जी, प्रतिमा चक्रवर्ती, एमिली जोश, केसी मण्डल, एस साहा, भारती पुरोहित, दीपा विश्वास, प्रानमिता चंद्रा, अनिदिता, देवाशीश और राहुल आदि मौजूद थे।

## डीआरएम के खिलाफ ब्राह्मण समाज में आक्रोश, रणधीर वर्मा चौक पर धरना

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद। डीआरएम कमल किशोर सिन्हा द्वारा कथित रूप से अपने अधिनस्थ रेलवे कर्मचारी बसंत उपाध्याय के साथ विगत दिनों किए गए अमानवीय व्यवहार के प्रतिवाद में शनिवार को मुकुल ओझा की अध्यक्षता में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज संबंधित संपूर्ण विप्र समाज के संयुक्त तत्वावधान में रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। बतातें चलें कि रेलवे अस्पताल में कार्यरत बसंत उपाध्याय ने डीआरएम कमल किशोर सिन्हा की पत्नी को चप्पल खोलकर डाक्टर के चेंबर में जाने को कहा था। इससे नाराज डीआरएम की पत्नी ने पति कमल किशोर से इसकी शिकायत कर दी थी। जिसके बाद क्रोधित डीआरएम ने बसंत उपाध्याय को अपने कार्यालय में बुलाकर अभद्र व्यवहार करते हुए कपड़ा उतरवा दिया। तब आम लोगों ने भी घटना की कड़ी निंदा की थी। उसी के प्रतिवाद में इस दिन धरना दिया गया। युवा नेता रमेश पांडेय ने कहा कि ब्राह्मण जन्म संस्कार करते हैं और श्राद्ध भी करते हैं। डीआरएम ने अगर सात दिन के अंदर सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो ब्राह्मण समाज सिर मुंडवाकर कमल किशोर सिन्हा का श्राद्ध उनके कार्यालय के बाहर करने को बाध्य होंगे। वहीं, मुख्य प्रवक्ता स्टेट वार काउंसिल एक्सक्यूटिव कमेटी के को चेयरमैन राधेश्याम गोस्वामी ने कहा कि ब्राह्मण समाज सबके साथ समान विचार रखता है। पर अपमान बर्दास्त नहीं करेगा। सभा को डॉ नीलम मिश्रा, वोवी पांडेय, सत्येंद्र प्रकाश पांडेय, सरोज शुक्ला, कृष्णा दूबे, रामाशंकर तिवारी, नागेंद्र नाथ शुक्ला, गिरीजा शंकर उपाध्याय, मीडिया प्रभारी बलराम उपाध्याय आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान मुकुल ओझा ने कहा कि अनीति के चलते रावन का भी ब्राह्मणों ने साथ छोड़ दिया था। मंच संचालन अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज एवं सम्पूर्ण विप्र समाज के प्रदेश महासचिव सुरेश चंद्र तिवारी ने किया। इस मौके पर ब्राह्मण समाज के संरक्षक हृदय कुमार मिश्र, नागेंद्र प्रसाद शुक्ला, गीरीजा शंकर उपाध्याय, दीनानाथ दूबे, खगेंद्र नाथ दूबे, मृणाल चौबे, सुरेंद्र ओझा, रामाशंकर तिवारी,धुर्येटि प्रसाद दूबे, बलराम उपाध्याय, मनोज मिश्र, प्रमोद कुमार दूबे, भवानी बंदोपाध्याय, राजेंद्र उपाध्याय, विद्युत चक्रवर्ती, वरीष्ठ अधिवक्ता दीपक कुमार चौबे, पप्पू चौबे, धर्मवीर दूबे और राकेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

## लोयाबाद में मनाया गया दो दिवसीय उर्स जहांगीरी, शमा-ए-महफिल का आयोजन

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद सात नंबर में दो दिवसीय उर्स जहांगीरी मनाया गया। शुक्रवार की शाम हल्के जिक्र, मिलाद खानी, नाते पाक और शमा-ए-महफिल का आयोजन हुआ। शनिवार की सुबह कुंल शरीफ से पहले कुरआन पाक की तिलावत से शुरू हुए कार्यक्रम में धनबाद के विभिन्न जगहों के लोग शामिल हुए। बिहार के औरंगाबाद के नात ख्वां जियाए रसूल ने जब पढा, आका आ जाइये, एक अरशद अकेला कफन पोश है। दोनों आलम के सरकार आ जाइये। ये क्या कम है सनद मेरी मगफिरत की.. तेरे दर से मेरी मय्यत उठाई गई है। तो पूरे सिलसिला आसिविया झूमने लगे। उन्होंने अपने खानकाही एक से बढ़कर एक नात पेश कर बताया कि पीर की निसबत से ही आपका दीन और दुनिया दोनों सफल हो पायेगा। बाद में शायरे इस्लाम शब्बीर हसन मनवरी ने भी एक से एक कलाम पेश किए। उन्होंने जब पढा असगर ने मुस्कुरा कर कहा मुझको गोद की जरूरत नहीं, बाबा मुझको अब कर्बला चाहिए, तो मजलिश के आंखे भर आईं और नारे तकबीर का सदा बलंद करने लगे। फिर खानकाही क्वाली का दौर चला, कवाल प्रेम कुमार ने गया, सर लां मन्का से तलब हुई, सो ये मुंतहा चले नबी.. सदरू दूजा बदरुद्जा, नुरलुहूदा, कफील वारा, यानी मोहम्मद मुसफ्ता... पर सबको रश्क करने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद दुआ की गई। साहब सज्जादा सूफी जियाउल्लातिफ साहब एवं नायब सज्जादा डाक्टर गुलाम यजदानी ने सबके लिए दुआ की। देश की बेहतरी व अमन चैन की दुआ मांगी। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में कांग्रेस नेता असलम मंसूरी, इम्तियाज अहमद, सूफी मकसूद आसवी, गुलाम गौस, सूफी जशिम, सूफी, ग्यास उद्दीन, सूफी जाहिद, सूफी, अतहर हुसैन आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## सिनीडीह सरस्वती विद्या मंदिर में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह आयोजित

# बुजुर्गों का सम्मान ही हमारी संस्कृति है : विशु रवानी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** सिनीडीह सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को दादा-दादी व नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें धनबाद जिला संघ चालक विशु रवानी, विद्यालय प्रबंध कारिणी के कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, कार्यकारिणी सदस्य उत्तम गयाली, प्राचार्य सुनील कुमार सिंह और उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। जिसकी अध्यक्षता पशुपतिनाथ पांडेय, रेखा पांडेय और संचालन आचार्या निशा तिवारी ने किया। अपने संबोधन में धनबाद जिला संघचालक विशु रवानी ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान ही हमारी संस्कृति है। बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं। भारतवर्ष में संयुक्त परिवार और बुजुर्गों के सम्मान की परंपरा रही है पर पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव ने धीरे-धीरे इस परंपरा को धूमिल कर दिया है। विद्या भारती ने अपनी योजना में पुनः इस कार्यक्रम को शामिल किया और संपूर्ण भारतवर्ष के विद्या भारती के विद्यालयों में यह कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। वहीं, प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि जब तक हम अपने बुजुर्गों का सम्मान नहीं करेंगे। न तो हम आगे बढ़ेंगे न ही हमारा देश आगे बढ़ेगा। देश की सभ्यता एवं संस्कृति रही है कि बुजुर्ग देव तुल्य होते हैं। बताया कि हर वर्ष अपने विद्यालयों में यह कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ आयोजित होता है। उसमें हम अपने बुजुर्गों का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन के इस भाग दौड़ में ऐसा लग रहा है कि हमारे पास बुजुर्गों के लिए समय ही नहीं है। जब तक हमारा नैतिक एवं आध्यात्मिक पक्ष मजबूत नहीं होगा तब तक हम अपनी प्राचीन परंपरा को कायम नहीं रख पाएंगे। अतः भैया-बहनों को चाहिए कि वह बुजुर्गों का सम्मान करें तभी उनमें नैतिक गुणों का समावेश होगा। इस दौरान बुजुर्गों का सम्मान करते हुए प्रत्येक दादा-दादी एवं नाना- नानी को सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा भेंट किया गया। कार्यक्रम में 154 दादा दादी एवं नाना-नानी सम्मिलित हुए। वहीं, विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया। अंत में सभी दादा -दादी एवं नाना-नानी की आरती भैया-बहनों ने की। साथ ही सामूहिक रूप से भारत माता की भी आरती की गई।


### जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा
### व्यवहार न्यायालय परिसर, कोडरमा

**सूचना**

विदित हो कि कोडरमा जिला अन्तर्गत प्रखण्ड कोडरमा, चन्दवारा, जयनगर, मरकच्चो, एवं प्राधिकार कार्यालय फन्ट ऑफिस में पारा लीगल वोलेंटियर का जगह खाली है वैसे व्यक्ति जो पूर्व मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के द्वारा पारा लीगल वोलेंटियर का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है वे उक्त स्थानो को भरने हेतू दिनांक 18/07/2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे प्राधिकार कार्यालय मे उपस्थित हों ताकि पारा लीगल वोलेंटियर के रिक्त स्थानो को भरा जा सके।

इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर 10:30 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक कोडरमा, सिविल कोर्ट में अवस्थित जिला न्याय सदन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में सचिव से मोबाईल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

मो0 6200937857

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा

PR 301783 Law(23-24).D

### कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115,Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.05.2023 को सीलम से गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 4.30 बजे पूर्वाह्न 10 पीस साल बोटा सहित एक 01 पीकअप नं0– JH01DP 4265, ईंजन नं0– TBK1D49901, चेचिस नं0– MA1ZN2TBKK1D41678 जप्त कर वन परिसर, गुमला में सुरक्षित रखा गया है। 10 पीस साल बोटा सहित एक 01 पीकअप नं0– JH01DP 4265, ईंजन नं0– TBK1D49901, चेचिस नं0– MA1ZN2TBKK1D41678 के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 15.07.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल

PR 301834 Forest, Environment and Climate Changes(23-24).D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा
ई–निविदा सूचना सं0–RDD/SD/GARHWA/07/2023-24

**CORRIGENDUM (शुद्धिपत्र)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0– **RDD/SD/GARHWA/07/2023-24, PR 301113 Rural Development (23-24).D** द्वारा प्रकाशित निविदा में अपरिहार्य कारणों से कंडिका 03, 04, 05 एवं कंडिका–08 में आंशिक संशोधन करते हुए पूर्व NIT के निविदा आमंत्रित की जाती है, शेश कंडिकाएँ यथावत् बनी रहेंगी।

3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–03.07.2023 से दिनांक–10.07.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक के स्थान पर 03.07.2023 से दिनांक–14.07.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक पढ़ा जाय।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–03.07.2023 से दिनांक–13.07.2023 (कार्यालय अवधि तक) के स्थान पर दिनांक–03.07.2023 से दिनांक–18.07.2023 पढ़ा जाय।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू की जगह जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय–दिनांक–14.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर दिनांक–19.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.–02
गढ़वा।

PR 301794 Rural Development(23-24)D

# आइएमएस और सम अस्पताल में रोबोटिक सहायता से हुई घुटने की सफल रिप्लेसमेंट सर्जरी : डॉ अनिरुद्ध दास

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** अस्पताल में ऑर्थोपेडिक्स विभाग के मुख्य प्रो (डॉ) अनिरुद्ध दास ने कहा कि घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी में रोबोटिक-सहायता प्रक्रियाएं, जो वर्तमान में इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम अस्पताल में की जा रही हैं, अधिक सटीकता, बेहतर परिणाम सुनिश्चित करती हैं और कम समय में ठीक होने में मदद कर सकती हैं। रोबोटिक घुटना प्रतिस्थापन पारंपरिक घुटने प्रतिस्थापन के समान है, जब घुटने में क्षतिग्रस्त ऊतकों को हटा दिया जाता है और एक कृत्रिम जोड़ से बदल दिया जाता है। अंतर केवल इतना है कि यह सॉफ्टवेयर और सर्जन द्वारा नियंत्रित रोबोटिक बांह की सहायता से किया जाता है।

उन्होंने कहा कि अधिक जटिल मामलों में रोबोटिक सहायता वाले घुटने के प्रतिस्थापन ने घुटने के आसपास के नरम ऊतकों में बेहतर संतुलन और जोड़ के बेहतर संरेखण की पेशकश की। प्रो दास ने इसे संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जरी का भविष्य बताते हुए कहा कि यह पहली बार ओड़िशा के आइएमएस और सम अस्पताल में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोबोटिक सहायता से घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी की तैयारी करने वाले मरीज को पारंपरिक सर्जरी की तुलना में कोई अलग तैयारी नहीं करनी होगी।

उन्होंने कहा कि रोबोटिक घुटना प्रतिस्थापन सबसे जटिल घुटने के जोड़ की बीमारी वाले रोगियों के लिए आदर्श है, जिनमें चोट के बाद फीमर में विकृति, जटिल विकृति और पिछली सर्जरी से हार्डवेयर शामिल हैं।

रोबोटिक घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी के फायदों के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रो (डॉ) अनिरुद्ध दास ने कहा कि इसमें पारंपरिक तरीकों की तुलना में बढ़त है, क्योंकि यह उन्नत सर्जिकल योजना और अधिक सटीकता की अनुमति देता है। रोगी के लिए सही रोबोटिक विकल्प के आधार पर, सर्जरी की तैयारी में या उसके दौरान विशेष 3-डी छवियां ली गयीं। इन छवियों ने सर्जन को सही आकार सुनिश्चित करने के लिए प्रतिस्थापन जोड़ के इष्टतम प्रकार और प्लेसमेंट की सटीक योजना बनाने में मदद की। यह कहते हुए कि रोबोट की सहायता से घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी अकेले रोबोट द्वारा नहीं की जाती है, उन्होंने कहा कि यह सर्जन को पहले से निर्धारित योजना का पालन करने में मदद करने के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में काम करता है।

## बालेश्वर बाहानगा बाजार ट्रेन दुर्घटना मामला

# सीबीआइ टीम चंदका थाने में तीनों आरोपियों से कर रही है पूछताछ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** बालेश्वर बाहानगा बाजार ट्रेन दुर्घटना के मामला में चंदका थाने में 5 सदस्यीय के सीबीआइ टीम पहुंच कर कस्टडी में रखे हुए 3 आरोपियों से पूछताछ कर रही है। भुवनेश्वर सीबीआइ कोर्ट ने 3 आरोपियों को 5 दिन की रिमांड दी है। सूचना के मुताबिक बाहानगा ट्रेन ट्रेजेडी मामले में सीबीआइ ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को गिरफ्तार तीनों लोगों को सीबीआइ ने पांच दिन की रिमांड पर लिया है। विशेष सीबीआइ कोर्ट ने रिमांड की इजाजत दे दी है। कोर्ट की अनुमति मिलने के बाद तीनों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच भुवनेश्वर सीबीआइ कार्यालय ले जाया गया है।




तीन आरोपी सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार महंत, सेक्शन इंजीनियर मुहम्मद अमीर खान और तकनीशियन पप्पू कुमार थे। तीन आरोपियों पर सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया है। गिरफ्तारी के बाद सीबीआइ तीनों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच कैपिटल हॉस्पिटल लेकर आयी। वहां उनके स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें भुवनेश्वर की विशेष सीबीआइ अदालत में पेश किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सीबीआइ ने तीनों आरोपियों को दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया।

# झारखंड राज्य फिजियोथेरेपी शासी परिषद की बैठक संपन्न

- डिस्टेंस एजुकेशन से डिग्री लेनेवालों का रजिस्ट्रेशन नहीं होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची ।** झारखंड राज्य फिजियोथेरेपी की शासी परिषद बैठक आठ जुलाई को रांची में हुई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का स्वागत परिषद के अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन द्वारा किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 2004 से पहले के डिप्लोमाधारी फिजियोथेरेपिस्ट का जेएससीपीटी में अनिवार्य रूप से निबंधन किया जायेगा, जो डिस्टेंस एजुकेशन से डिग्री लिये हैं, उनका रजिस्टट्रेशन नहीं किया जायेगा। इसके अलावा यूजीसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से शैक्षणिक योग्यताधारी विशेषज्ञ फिजियोथेरेपी चिकित्सकों को भी एडिशनल क्वालिफिकेशन के रूप में निबंधित किया जायेगा।

बैठक के अंति में परिषद के निबंधक सह सदस्य सचिव डॉ अजीत कुमार, उपाध्यक्ष डॉ अभय कुमार पांडेय और अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ एसके सिंह, डॉ राहुल कुमार, डॉ मेराज नबी सिद्दिकी, डॉ देवेंद्र कुमार मुंडा, प्रमोद कुमार, ऊषा सिंह और साहेब अली आदि उपस्थित थे।

## डीएन ग्रुप पर आइटी छापेमारी का चौथा दिन

# नयापल्ली मुख्य कार्यालय में कर्मचारियों से हो रही पूछताछ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** टैक्स हेराफेरी के आरोप में डीएन ग्रुप पर छापेमारी चौथे दिन भी जारी है। आयकर विभाग ने शनिवार को फिर से डीएन ग्रुप के नयापल्ली कार्यालय में छापा मारा है। कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। पिछले तीन दिनों से छापेमारी से मिला नकदी और मनी रिसिप्ट की जांच की जा रही है। डीएन ग्रुप से जल्द ही जानकारी मांगी जायेगी। अरबों डॉलर कहां से आये? यह किसका पैसा है? कई कर्मचारियों को घर पर क्यों रखा गया था? किस उद्देश्य के लिए इतने बड़ी राशि अलग रखी गयी थी? आयकर विभाग ऐसे कई रोचक प्रश्नों के उत्तर ढूंढ रहा है।



डीएन होम्स के विभिन्न स्थानों से 120 करोड़ रुपये से अधिक की मनी रिसिप्ट मिली हैं। स्रोत की भी जांच की जा रही है। जांच के दौरान, यह पाया गया कि डीएन होम्स ने टैक्स की चोरी की है। टैक्स से बचने के लिए लेन-देन नकद में किये गये थे। उसने बेनामी पैसे को अपने कर्मचारियों के पास रखा। दस्तावेजों की जांच से पता चला कि डीएन ग्रुप ने लगभग 60 करोड़ से अधिक रुपये की टैक्स चोरी की है। प्रारंभिक जांच से जुर्माना और ब्याज 300 करोड़ रुपये तक बढ़ जायेगा। तीन दिवसीय छापे में करोड़ों रुपये, महत्वपूर्ण दस्तावेज, पेन ड्राइव और हार्ड डिस्क मिले। बीएसएनएल कॉलोनी स्थित डीएन ग्रुप चंद्रशेखर पंडा और अन्य लोगों के पास रुपये से भरी बाक्स और ब्रिफकेस पाये गये। आगे की जांच प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की जा सकती है।

## बाबूलाल मरांडी को दी बधाई



झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को बुके देकर बधाई देते पूर्व आइजी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह।




# रायगड़ा-टिटिलागढ़-संबलपुर-जरपाड़ा रेलवे खंड का पूर्व तट रेलवे महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** इस्ट कोस्ट रेलवे (इसीओआर) के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने शनिवार को रायगड़ा-टिटिलागढ़-संबलपुर-जरपाड़ा रेलवे खंड का निरीक्षण किया और ट्रेन यातायात सुविधाओं की समीक्षा की और रेलवे खंड में आगे यातायात सुधार का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पूर्व तट रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष, संबलपुर रेलवे मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह और पूर्व तट रेलवे मुख्यालय और संबलपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान श्री शर्मा ने मुनिगुड़ा, अंबोदला, केसिंगा, टिटिलागढ़, बलांगीर, बरगढ़ रोड, संबलपुर सिटी स्टेशनों जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों के साथ-साथ रायगड़ा और जारपाड़ा के बीच स्टेशनों पर बुनियादी ढांचे से संबंधित और यात्री सुविधाओं के कार्यों के साथ-साथ यातायात सुविधा कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को सलाह दी कि सुचारु ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने और बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों और यात्री सुविधाओं के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठायें।

# किट विवि के प्रवीण और कशिश विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** किट विश्वविद्यालय के दो छात्रो प्रवीण कुमार और कशिश लाकड़ा को 8 से 17 जुलाई तक पेरिस में होनेवाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। प्रवीण को पुरुषों की हाई जंप टी44 प्रतियोगिता में चुना गया है, जबकि कशिश को महिला क्लब थ्रो एफ51 प्रतियोगिता में चुना गया है। प्रवीण टोक्यो में 2020 के ग्रीष्मकालीन पैरालिंपिक में पुरुषों की हाई जंप टी64 स्पर्धा में रजत पदक विजेता हैं और वर्ष 2021 में अर्जुन पुरस्कार के प्राप्तकर्ता भी हैं। कशिश लाकड़ा भारत से पैरालिंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली सबसे कम उम्र की एथलीट हैं, क्योंकि उन्होंने टोक्यो में 2020 ग्रीष्मकालीन पैरालिंपिक में महिला क्लब थ्रो एफ51 श्रेणी में भाग लिया था। दोनों छात्रों को द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता और राष्ट्रीय कोच डॉ सत्यपाल सिंह के अधीन प्रशिक्षित किया गया है। किट और किस के संस्थापक और कंधमाल के सांसद प्रो अच्युत सामंत ने प्रवीण और कशिश को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने और राष्ट्र के लिए पदक जीतने के लिए उन्हें बधाई दी।













# वेदांता मीडोज, झारसुगुड़ा में श्री जगन्नाथ मंदिर के उद्घाटन का जश्न मनाया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर, झारसुगुड़ा।** भारत के सबसे बड़े उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने अपनी टाउनशिप वेदांता मीडोज झारसुगुड़ा में नवनिर्मित श्री जगन्नाथ मंदिर के उद्घाटन और प्रतिष्ठा समारोह का जश्न मनाया। 19,500 वर्ग फुट में फैला हुआ इस भव्य मंदिर में 9.500 वर्ग फुट के मेघनाद प्राचीर और श्री जगन्नाथ मंदिर वास्तुशिल्प प्रतिभा के एक उल्लेखनीय प्रमाण के रूप में खड़ा है। पुरी जगन्नाथ मंदिर की प्रेरणा लेते हुए इस मंदिर के हर पहलू को वास्तु शास्त्र के अनुसार सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। इस परिसर में नाट्यमंडप, जगमोहन, रेखा मंदिर, मां लक्ष्मी मंदिर और मां बिमला मंदिर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, मंदिर परिसर में भगवान लोकनाथ, भगवान हनुमान, भगवान गणेश और अरुणा और गरुड़ के स्तंभों के लिए समर्पित मंदिर हैं।

इस अवसर पर प्रताप केशरी देब एमएसएमइ, ऊर्जा और उद्योग राज्य मंत्री ओड़िशा, अलका महांति विधायक ब्रजराजनगर और दीपाली दास विधायक झारसुगुड़ा की विशिष्ट उपस्थिति ने इस समारोह में शोभा और सम्मान बढ़ाया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुनील गुप्ता सीओओ वेदांता एल्युमीनियम ने कहा कि एक साल से पहले मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजा की गयी थी और आज, हम एक शानदार पूजा घर देख रहे हैं जिसे सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। पुरी में प्रतिष्ठित जगन्नाथ मंदिर की पवित्र परंपराओं के अनुरूप। नया मंदिर पूरे समुदाय के लिए पूजा और सद्भाव के स्थान के रूप में काम करेगा।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**